नई दिल्ली
बुधवार
17 अप्रैल, 2024
वर्ष: 10, अंक: 225
पृष्ठ: 08, मूल्य 2 रु0

E-mail
story@sadbhawna.today
sadbhavnatoday@gmail.com
web: www.sadbhawna.today

हिन्दी दैनिक समाचार पत्र

# सद्भावना टुडे

आवाज़ अधिकार की



संकल्प सभा में डिप्टी सीएम सम्राट चौधरी ने...पेज-05

DELHIN/2014/58158

कांग्रेस एवं गहलोत ने वोट के लिए झूठ बोलकर...पेज-08

हिन्दी में प्रकाशित होने वाला सबसे लोकप्रिय दैनिक समाचार पत्र
'सद्भावना टुडे'
में विज्ञापन के लिए सम्पर्क करें :-
011-43678240
E-mail
story@sadbhawna.today
sadbhavnatoday@gmail.com
web: www.sadbhawna.today

# देश की सुरक्षा से समझौते की कोशिश करने वाले सरकार के रडार पर: मोदी

## मोदी ने राजग उम्मीदवार के पक्ष में चुनावी रैली को संबोधित करते हुए कहा



**पूर्णिया,एजेंसी।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने वर्ष 2047 तक विकसित भारत मिशन को पूरा करने के लिए सातो दिन चौबीस घंटे काम करने की अपनी प्रतिबद्धता दोहराते हुए चेतावनी दी कि देश की सुरक्षा के साथ समझौता करने की कोशिश करने वाले तत्व उनकी सरकार के रडार पर हैं। श्री मोदी ने मंगलवार को यहां राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) उम्मीदवार के पक्ष में चुनावी रैली को संबोधित करते हुए कहा कि वोट बैंक की राजनीति के उद्देश्य से घुसपैठ के कारण सीमांचल बिहार का सबसे संवेदनशील क्षेत्र बन गया है। उन्होंने आरोप लगाया कि विपक्षी गुट और पिछली सरकारों ने घुसपैठ की इंजीनियरिंग करके सीमांचल क्षेत्र की सुरक्षा को खतरे में डाल दिया, जिसका सबसे ज्यादा असर गरीबों, दलितों और पिछड़ों पर पड़ा। इस तरह की घुसपैठ के कारण इस क्षेत्र में दलितों के घर जला दिये गये। उन्होंने चेतावनी दी कि देश की सुरक्षा के साथ समझौता करने की कोशिश करने वाली कोई भी ताकत राजग सरकार के निशाने पर है। प्रधानमंत्री ने कहा कि ऐसी ताकतें केवल राजनीतिक लाभ लेने के लिए नागरिकता संशोधन अधिनियम (सीएए) के खिलाफ थीं इसलिए वह ऐसी ताकतों के सामने कभी नहीं झुकेंगे। उन्होंने राष्ट्रीय जनता दल (राजद) सरकार के कार्यकाल के दौरान पूर्णिया के साथ-साथ सीमांचल क्षेत्र में भ्रष्टाचार, जंगलराज और महा जंगलराज का जिक्र करते हुए अगले पांच वर्षों के दौरान बिहार में भ्रष्टाचार के खिलाफ बड़ी कार्रवाई की चेतावनी दी और कहा कि भ्रष्टाचार के खिलाफ उनका अभियान पूरे देश में जारी रहेगा।

श्री मोदी ने कहा कि राजद और विपक्ष का इरादा जंगलराज को फिर से बहाल करने का है जो 'मोदी' के रहते असंभव है। उन्होंने कहा कि यह मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ही थे जिन्होंने राजग की मदद से बिहार को जंगलराज से बाहर निकाला और इसे बदल दिया। उन्होंने आगे कहा कि विपक्ष अपने भ्रष्ट आचरण को बचाने के लिए ही एकजुट है। प्रधानमंत्री ने राजग सरकार के 10 साल के शासनकाल की उपलब्धियां गिनवाते हुए कहा कि उनकी सरकार ने उन कार्यों को अंजाम दिया जिन्हें पिछली सरकार ने असंभव माना था। उन्होंने दावा किया कि यह भाजपा और राजग ही है, जिसमें असंभव कार्यों को अंजाम देने का साहस है। उन्होंने पड़ोसी देश पाकिस्तान के परिदृश्य का जिक्र करते हुए कहा कि पहले पड़ोसी देश आसानी से भारत पर हमला कर देते थे और उस पर उंगलियां उठाते थे लेकिन अब उनकी सरकार द्वारा उठाए गए कदमों से ऐसा देश भीख का कटोरा लेकर घूम रहा है। श्री मोदी ने कहा कि यह उनकी सरकार थी जिसने जम्मू-कश्मीर में भारतीय संविधान को समग्रता से लागू किया और वहां से अनुच्छेद 370 को खत्म किया। उन्होंने संविधान के नाम पर उनकी आलोचना करने के लिए विपक्ष को आड़े हाथों लेते हुए कहा कि आजादी के बाद लंबे समय तक सत्ता में रहने के बाद भी कांग्रेस जम्मू-कश्मीर में डॉ. अंबेडकर द्वारा प्रस्तुत भारतीय संविधान को लागू करने का साहस नहीं कर सकी। प्रधानमंत्री ने संविधान के प्रति अपनी प्रतिबद्धताओं को दोहराते हुए कहा कि उनकी सरकार जम्मू-कश्मीर में रहने वाले लोगों की इच्छा के अनुसार काम कर रही है। उन्होंने आरोप लगाया कि %घमंडिया% (इंडिया) गठबंधन ने जम्मू-कश्मीर से 370 हटाने का मुखर विरोध करते हुए कहा था कि अगर इसे हटाया गया तो राज्य में आग लग जाएगी, लेकिन कुछ नहीं हुआ और अब संविधान लागू होने और 370 हटने के बाद उन्हें जलन हो रही है। श्री मोदी ने आरोप लगाया कि घमंडिया गठबंधन ने सनातन को पूरी तरह से खत्म करने का संकल्प लिया है और इस मिशन के तहत राम मंदिर के निर्माण का विरोध करते हुए उनलोगों ने कहा था कि यदि मंदिर का निर्माण हुआ तो देश का माहौल गर्म हो जाएगा। लेकिन, अब राम मंदिर के निर्माण ने दुनिया में भारत के गौरव को पुनर्जीवित कर दिया है। उन्होंने कहा कि सनातन को कभी खत्म नहीं किया जा सकता।

# चुनाव में मतपत्र, 100 फीसदी वीवीपैट पर्ची की गिनती बड़ी चुनौती



**नई दिल्ली,एजेंसी।** उच्चतम न्यायालय ने चुनाव में इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग मशीन (ईवीएम) से पड़े मतों के साथ वोटर वेरिफिएबल पेपर ऑडिट ट्रेल (वीवीपैट) पर्ची की 100 फीसदी गिनती या फिर मतपत्रों से चुनाव कराने की पुरानी व्यवस्था लागू करने को मंगलवार को अव्यवहारिक होने का संकेत दिया। न्यायमूर्ति संजीव खन्ना और न्यायमूर्ति दीपांकर दत्ता की पीठ ने एनजीओ एसोसिएशन फॉर डेमोक्रेटिक रिफॉर्म्स की याचिका पर सुनवाई के दौरान 1960 के दशक में मतपत्रों से चुनाव के दौर को याद किया और कहा कि देश में फिलहाल मतदाताओं की संख्या 96 करोड़ से अधिक है। ऐसे में पुरानी मतपत्र या वीवीपैट की 100 फीसदी की गिनती व्यवस्था से चुनाव कराना बहुत बड़ी चुनौती वाल कार्य होगा है। उन्होंने कहा, 60 के दशक में हैं जो हमने देखा है, उसे भूले नहीं हैं। हम सभी जानते हैं कि जब मतपत्र की व्यवस्था थी तो क्या हुआ था, आप (अधिवक्ता प्रशांत भूषण) भी जानते होंगे। एनजीओ एसोसिएशन फॉर डेमोक्रेटिक रिफॉर्म्स की ओर से पेश अधिवक्ता प्रशांत भूषण ने कहा अदालत बूथ कब्जा की घटनाओं का जिक्र कर रही थी।

इस पर पीठ ने कहा, हम इसमें नहीं पड़ना चाहते। हम सभी मतपत्र प्रणाली की कमियां जानते हैं। श्री भूषण ने कहा कि हेरफेर की आशंका के कारण अधिकांश मतदाता ईवीएम पर भरोसा नहीं करते हैं। उन्होंने दावा किया कि चूंकि ईवीएमएस में लगे चिप्स का स्रोत कोड नहीं दिखाया जाता। इस वजह से उस पर अधिक संदेह पैदा हुआ। उन्होंने ईवीएम के इस्तेमाल और मतपत्रों की वापसी के खिलाफ जर्मनी की संवैधानिक अदालत के फैसले का जिक्र किया, तो पीठ ने कहा हमारे देश की तुलना किसी भी यूरोपीय देश से नहीं की जा सकती। न्यायमूर्ति दत्ता ने पीठ की ओर से कहा, जर्मनी की जनसंख्या कितनी है? हमारे देश की तुलना किसी भी यूरोपीय देश से नहीं की जा सकती। यहां तक कि यहां के पश्चिम बंगाल राज्य की जनसंख्या भी किसी भी यूरोपीय देश से अधिक है। हमें किसी पर भरोसा करने की जरूरत है। श्री भूषण ने सुब्रमण्यम स्वामी मामले में शीर्ष अदालत के आदेश का भी हवाला दिया, जिसमें ईवीएम में वीवीपैट के इस्तेमाल पर जोर दिया गया था। उन्होंने एक निजी सर्वेक्षण का हवाला देते हुए दावा किया कि अधिकांश मतदाता ईवीएम पर भरोसा नहीं करते हैं। शीर्ष अदालत ने चुनाव आयोग की ओर से पेश वरिष्ठ वकील मनिंदर सिंह से जानना चाहा कि क्या मतदान होने के बाद मशीन को कुछ तकनीकी निरीक्षण के लिए रखा जा सकता है और मतदान के बाद मानवीय हस्तक्षेप का स्तर क्या है। शीर्ष अदालत इस मामले में आगे की सुनवाई गुरुवार को करेगी।

## एक नजर

### प्रेम कुमार चौधरी, मनीष कुमार कांग्रेस में शामिल

**नई दिल्ली।** बिहार की विकासशील स्वराज पार्टी के नेता प्रेम चौधरी तथा प्रसिद्ध नेत्र चिकित्सा मनीष कुमार यादव आज कांग्रेस में शामिल हो गए। बिहार के दोनों प्रसिद्ध नेताओं ने मंगलवार को बिहार कांग्रेस के बिहार मोहन प्रकाश तथा प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष अखिलेश प्रसाद सिंह की उपस्थिति में प्रेम कुमार चौधरी और डॉ. मनीष कुमार यादव ने कांग्रेस की सदस्यता ग्रहण की। इस मौके पर कांग्रेस मुख्यालय में आयोजित संवाददाता सम्मेलन में विकासशील स्वराज पार्टी के नेता प्रेम चौधरी ने कहा कि वह अपनी पार्टी का कांग्रेस में विलय कर रहे है। श्री चौधरी का बिहार के 10 जिलों में खासा प्रभाव माना जाता है और मुख्यत: निषाद समुदाय में उनकी अच्छी पकड़ है। वह खड़कपुर आईआईटी में महासचिव रहे हैं। बिहार कांग्रेस के नेता अखिलेश प्रताप सिंह ने कहा डॉक्टर साहब का चंपारण जिले में अच्छा प्रभाव माना जाता है। वह मछुआरा समुदाय से आते हैं। श्री चौधरी ने कहा मैं देश की सबसे पुरानी पार्टी में शामिल होकर खुद को गौरान्वित महसूस कर रहा हूँ। मैं कांग्रेस की मजबूती के लिए और कांग्रेस को सत्ता में लाने के लिए पूरी तरह से समर्पित भाव से काम करेंगे। उन्होंने कहा कि आज का युवा कांग्रेस में शामिल होना चाहता है और उसे देश की मजबूती के लिए काम करना चाहिए उनका कहना था कि वह कांग्रेस के लिए कांग्रेस की मजबूती के लिए निरंतर काम करेंगे। डॉ मनीष कुमार यादव ने कहा कि वह कांग्रेस के लिए काम करेंगे और बिहार में तथा देश में कांग्रेस की मजबूती के लिए निरंतर पार्टी की दिशा निर्देशों के अनुसार आगे बढ़ते रहेंगे।

### भाजपा ने जारी की 12वीं सूची, सात उम्मीदवार घोषित

**नई दिल्ली।** भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) ने लोकसभा चुनावों की 12वीं सूची में उत्तर प्रदेश, पंजाब, महाराष्ट्र एवं पश्चिम बंगाल की सात सीटों के लिए उम्मीदवार आज घोषित कर दिये। पार्टी ने इसके साथ ही तेलंगाना एवं उत्तर प्रदेश की पांच विधानसभा सीटों के उपचुनाव तथा ओडिशा विधानसभा के चुनाव में 21 उम्मीदवारों की आज घोषणा की। भाजपा की केन्द्रीय चुनाव समिति द्वारा स्वीकृत 12वीं सूची के अनुसार महाराष्ट्र के सातारा में छत्रपति उदयनराजे भोंसले को तथा पश्चिम बंगाल की डायमंड हार्बर सीट से अभिजीत दास (बॉबी) को उतारा गया है। उत्तर प्रदेश की फिरोज़ाबाद सीट से ठाकुर विश्वजीत सिंह तथा देवरिया से शशांक मणि त्रिपाठी को टिकट दिया गया है। पंजाब की खडूर साहिब सीट से मंजीत सिंह मन्ना मियाविंड को, होशियारपुर (सु.) से श्रीमती अनीता सोम प्रकाश को तथा बठिंडा से पूर्व आईएएस अधिकारी श्रीमती परमपाल कौर सिद्धू को उतारा गया है।

# माफियाओं का महिमा मंडन कर फातिहा पढ़ते हैं विपक्षी नेता- योगी




**संजय सिंह, वरिष्ठ पत्रकार**

**बिजनौर/शामली।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने मंगलवार को विपक्षी दलों पर प्रहार करते हुये कहा कि यह माफिया-अपराधियों का महिमा मंडन करते हैं और उनके घरों में जाकर फातिहा पढ़ते हैं। नगीना व कैराना लोकसभा सीट से भाजपा प्रत्याशियों के पक्ष में जनसभा को संबोधित करते हुये उन्होने कहा कि कल मर्यादा पुरुषोत्तम श्रीराम का जन्मदिन है। पांच सौ वर्षों के बाद पहली बार यह अवसर आ रहा है, जब रामलला अपनी जन्मभूमि पर जन्मोत्सव मनाएंगे। हमारी पीढ़ियां धन्य हो गईं, जो हम जन्मोत्सव कार्यक्रम के साक्षी बनेंगे।

योगी ने नगीना से भाजपा प्रत्याशी ओम कुमार के पक्ष में कहा कि भारत एकमात्र ऐसा देश है, जहां आराध्य को अपनी जन्मभूमि के लिए प्रमाण देना पड़ा। यह संकट कांग्रेस व समाजवादी पार्टी ने दिया। इन्होंने हमारी आस्था को संकटग्रस्त करने का प्रयास किया, लेकिन सनातन समाज कहां मानने वाला था, वह प्रभु राम की जन्मभूमि पर भव्य मंदिर निर्माण के लिए कृत संकल्पित था और पीएम मोदी के कारण उसे सफलता प्राप्त हुई। उन्होने कहा कि कांग्रेस ने बाबा साहेब डॉ. भीमराव आंबेडकर को चुनाव हरवाया था तो 2012 में सत्ता में आने पर सपा ने कहा था कि दलितों के स्मारकों को तोड़वाएंगे। कांग्रेस, सपा-बसपा दलदल में डूबे दल हैं। यह माफिया-अपराधियों का महिमा मंडन करते हैं। उनके घरों में जाकर फातिहा पढ़ते हैं, लेकिन कोई निर्दोष हिंदू दुर्घटना का शिकार हो जाता है तो इनके मुख से संवेदना के एक शब्द भी नहीं निकलते हैं। हम सामान्य नागरिकों को राम-राम करते हैं और माफिया-अपराधियों का राम नाम सत्य। कैराना से भाजपा प्रत्याशी प्रदीप चौधरी के पक्ष में कहा कि कैराना वासियों को जिन लोगों ने पलायन के लिए मजबूर किया था, हमने उनको धरती से पलायन करा दिया। अब यहां पर कोई पलायन नहीं करा सकता है।

# पुलिस के साथ मुठभेड़ में 29 नक्सली मारे गए, तीन जवान घायल



**जगदलपुर,एजेंसी।** छत्तीसगढ़ के कांकेर जिले में आज पुलिस और नक्सलियों के बीच मुठभेड़ में 29 नक्सली मारे गए और तीन जवान घायल हो गए। पुलिस ने घटनास्थल से चार ए के 47 राइफल और अन्य हथियार जप्त किए हैं।दिन में हुयी मुठभेड़ में पहले 18 नक्सलियों के मरने की खबर आयी थी। बाद में यह संख्या बढ़कर 29 हो गयी। मृत नक्सलियों में एक कमांडर भी बताया गया है। कांकेर जिला पुलिस के अनुसार जिले के छोटेबेटिया थाने से जिला पुलिस बल, स्पेशल टॉस्क फोर्स और सीमा सुरक्षा बल के जवान गश्त पर निकले थे। थाने से लगभग 15 किलोमीटर दूर जंगल में बिनागुंडा और कोरोनार के पास गश्ती दल और नक्सलियों का आमना सामना हो गया। इस दौरान हुई भीषण मुठभेड़ एक घंटे से अधिक समय तक चली और नक्सलियों को काफी नुकसान हुआ। वहीं गश्ती दल में शामिल एक निरीक्षक और दो जवान घायल हो गए। घायलों को बेहतर इलाज के लिए राज्य की राजधानी रायपुर भेजा गया है। घटनास्थल से चार ए के 47 राइफल, इंसास और अन्य राइफल तथा भारी मात्रा में विस्फोटक सामग्री मिली है। मुठभेड़ में नक्सली कमांडर शंकर राव भी मारा गया है, जिस पर 25 लाख रुपए का इनाम था। बस्तर आईजी सुंदरराज पी के अनुसार नक्सल आपरेशन में 20 दिनों में 53 नक्सलियों को मार गिराया गया है, वही तीन महीने के अंदर 101 नक्सली ढेर हुए हैं। उन्होंने कहा है कि लगातार फोर्स के दबाव में नक्सली अपने इलाके से इधर दूसरे इलाकों में पनाह ले रहे हैं, लेकिन सुरक्षा बलों के द्वारा लगातार इन नक्सलियों का पीछा करते कार्यवाई की जा रही है। उन्होंने कहा है कि मारे गए नक्सलियों की पहचान की जा रही है। इलाके में सघन सर्चिंग अभियान जारी है।

# भारत-डेनमार्क राजनयिक संबंधों के 75 वर्ष पूरे होने पर दिल्ली में जश्न, राजदूत ने दी बधाई



**नई दिल्ली।** भारत वैश्विक रिश्तों को कितनी अहमियत देता है, इसका अंदाजा इसी बात से होता है कि डेनमार्क के राजदूत देश के साथ संबंधों को लेकर कितने सकारात्मक हैं। भारत-डेनमार्क ने राजनयिक संबंधों के 75 वर्षगाँठ पर राजदूत फ्रेडी ने मंगलवार को अपने आवास पर एक सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया। इस मौक़े पर डेनमार्क के राजदूत ने भारत और डेनमार्क के बीच राजनयिक संबंधों की सराहना करते हुए कहा कि, दोनों देशों के संबंध सदियों पुरानी है। उन्होंने ग्रीन स्ट्रेटेजिक पार्टनरशिप पर ज़ोर देते हुए कहा कि भारत-डेनमार्क के बीच व्यापार और रिश्ते अपने सबसे अच्छे दौर में है। मालूम हो कि फ़रवरी महीने मेंभारत पहुंचे डेनमार्क के विदेश मंत्री लार्स लोके रासमुसेन ने विदेश मंत्री डॉ. एस. जयशंकर के साथ मुलाक़ात की थी और कई समझौते पर हस्ताक्षर भी किए थे।

इस दौरान दोनों नेताओं ने आपसी हित के द्विपक्षीय, क्षेत्रीय और अंतरराष्ट्रीय मुद्दों पर विचारों का आदान-प्रदान किया और भारत-डेनमार्क राजनयिक संबंधों के 75 साल की स्मृति में एक लोगो का अनावरण भी किया था। इसके साथ ही दोनों मंत्रियों ने डेनमार्क में रोजगार के लिए भारतीय हेल्थकेयर प्रोफेशनल्स की भर्ती पर साझेदारी स्थापित करने की संभावनाएं तलाशने का निर्णय लिया था। इसके अलावा मंत्रालय के अनुसार दोनों मंत्री रक्षा, सुरक्षा और नई प्रौद्योगिकी सहित नए क्षेत्रों में भारत-डेनिश साझेदारी का विस्तार करने की दिशा में काम करने पर सहमत हुए। दोनों ने इंडो-पैसिफिक महासागर पहल में डेनिश योगदान की संभावनाएं तलाशने का भी फैसला किया। दोनों देशों के बीच संबंधों में मज़बूती का जीक्र करते हुए दिल्ली में डेनमार्क के राजदूत ने अपने विदेश मंत्री की भारत दौरे की सफलता का ज़िक्र करते हुए आगे कहा कि पिछले दशकों में, दोनों देशों ने व्यापार, प्रौद्योगिकी, शिक्षा और संस्कृति सहित कई क्षेत्रों में उल्लेखनीय गहराई देखी है। पर्यटन में भारत और डेनमार्क के संबंधों की व्याख्या करते हुए डेनमार्क के राजदूत ने कहा, दोनों देशों के नागरिकों के बीच संपर्क... पर्यटन और सांस्कृतिक संबंध बहुत महत्वपूर्ण हैं। भारत-डेनमार्क ने राजनयिक संबंधों के 75 वर्षगाँठ पर राजदूत फ्रेडी ने अपने आवास पर एक सांस्कृतिक कार्यक्रम का भी आयोजन किया, जिसने कई देशों के राजदूत और भारत सरकार के अधिकारी समेत विदेश राज्य मंत्री मीनाक्षी लेखी भी शामिल हुईं। इस मौक़े पर केंद्रीय संस्कृति और विदेश राज्य मंत्री मीनाक्षी लेखी ने विशेष रूप से डेनमार्क और भारत के बीच घनिष्ठ ऐतिहासिक, सांस्कृतिक और पारंपरिक संबंधों का उल्लेख किया। दोनों देशों के बीच प्राचीन संबंधों पर प्रकाश डालते हुए लेखी ने कहा कि इस संबंध को आने वाली पीढ़ियों द्वारा और मजबूत किया जाना चाहिए।

**रिपोर्ट- डॉ शाहिद सिद्दीक़ी,**
**Follow via X : @shahidsiddiqui**

# निर्वाचित मुख्यमंत्री के साथ जेल में आतंकवादियों की तरह व्यवहार: संजय सिंह



**नई दिल्ली,एजेंसी।** आम आदमी पार्टी (आप) ने मंगलवार को कहा कि दिल्लीवालों के चहेते मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल के साथ जेल में आतंकवादियों जैसा व्यवहार किया जा रहा है और इससे आहत होकर उन्होंने देश की जनता के नाम संदेश भेजकर कहा कि वह आतंकवादी नहीं हैं।

आप के वरिष्ठ नेता एवं राज्यसभा सांसद संजय सिंह ने आज यहां संवाददाताओं से कहा, श्री केजरीवाल ने दिल्ली और देश की जनता के लिए बेटे और भाई की तरह काम किया। उन्होंने जनता के लिए संदेश भेजा है कि 'मेरा नाम अरविंद केजरीवाल है और मैं आतंकवादी नहीं हूं। उन्होंने जेल में अरविंद केजरीवाल के साथ आतंकवादियों जैसा व्यवहार किये जाने का आरोप लगाया और कहा कि प्रधानमंत्री दुर्भावना और नफरत में इतना आगे निकल चुके हैं कि मुख्यमंत्री से उनके परिवार तथा उनकी पत्नी की मुलाकात बीच में शीशे की दीवार खड़ी करके करा रहे हैं। आप नेता ने कहा कि पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत मान को जेड श्रेणी की सुरक्षा प्राप्त है। इसके बाद भी भगवंत मान की जेल में श्री केजरीवाल से मुलाकात बीच में शीशे की दीवार खड़ी करके कराते हैं। भाजपा और प्रधानमंत्री ने इस कार्रवाई से जाहिर कर दिया है कि उनके मन में श्री केजरीवाल के प्रति पूरी तरह से नफरत, दुर्भावना और बदले की भावना भरी हुई है। श्री सिंह ने कहा कि प्रधानमंत्री अपने ही देश में एक निर्वाचित मुख्यमंत्री के साथ आतंकवादियों की तरह व्यवहार कर रहे हैं। प्रधानमंत्री का दिमाग अरविंद केजरीवाल की 24 घंटे सीसीटीवी की निगरानी और प्रताड़ित करने और उनका मनोबल तोड़ने की योजना पर काम कर रहा है। श्री केजरीवाल और उनके परिवार के साथ-साथ पार्टी के नेताओं को अपमानित कर उनके मनोबल को तोड़ने का प्रयास किया जा रहा है।

# संविधान बदलने की कोशिश में है भाजपा, आरएसएस: कांग्रेस

**नई दिल्ली।** कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पर हमला करते हुए कहा है कि इलेक्टोरल बॉन्ड योजना दुनिया का सबसे बड़ा भ्रष्टाचार है और इससे भाजपा ने करोड़ों रुपये की वसूली की है। श्री गांधी ने केरल में चुनावी सभाओं को संबोधित करते हुए कहा कि श्री मोदी करोड़ों रुपये की इस उगाही का बचाव करने का प्रयास कर रहे हैं। इस योजना में उगाही का अनोखा तरीका अपनाया गया है। तरीके में जांच एजेंसियां कंपनियों पर कार्रवाई करती हैं और उसके बाद वही कंपनियां भाजपा को चंदा देती हैं। कंपनियों को कॉन्ट्रैक्ट मिलते हैं, फिर वही कंपनियां भाजपा को चंदा देती हैं। उन्होंने कहा कि मीडिया कभी भी इलेक्टोरल बॉन्ड योजना के बारे में बात नहीं करता।

# मैं भारत का संविधान हूँ, लाल किले से बोल रहा हूँ...

**मो. हबीबुल्लाह उर्फ मुन्ना, सद्भावना टुडे संवाददाता**



**नई दिल्ली।** 'सेलिब्रेशन ऑफ संविधान अमृत महोत्सव- सेलिब्रेटिंग 75 इयर्स ऑफ रिपब्लिक ऑफ भारत' के तत्वावधन में दिल्ली विश्वविद्यालय द्वारा संविधान: विकसित भारत की राह करे आसान ध्येय वाक्य पर एक कवि सम्मेलन का आयोजन किया गया। इस अवसर पर विख्यात कवियों ने अपनी अपनी कविताओं के माध्यम से खूब देशभक्ति के रंग जमाए। जाने माने कवि डॉ हरिओम पँवार ने अपनी औजस्वी कविता मैं भारत का संविधान हूँ, लाल किले से बोल रहा हूं, मेरा अंतर्मन घायल है, दु:ख की गांठें खोल रहा हूं के माध्यम से संविधान की पीड़ा को बहुत ही संजीदा रंग में पेश किया। सोमवार को देर साँय आयोजित इस कवि सम्मेलन के आरंभ में दिल्ली विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. योगेश सिंह ने बतौर मुख्य अतिथि संबोधित करते हुए संविधान और डॉ बीआर अंबेडकर पर अपने विचार प्रस्तुत किए। उन्होंने कहा कि भारत में अब तक बीआर अंबेडकर जैसा दूसरा नेता पैदा नहीं हुआ है।

विख्यात कवयित्री डॉ कीर्ति काले ने अपनी शृंगार रस की कविताओं से खूब तालियां बटोरी। उन्होंने माता-पिता के सम्मान को लेकर अपनी कविता कुछ यूं प्रस्तुत की, अयोध्या में अगर ढूंगोगे तो श्री राम मिलते हैं, जो वृन्दावन में ढूंढोगे तो घनश्याम मिलते हैं, अगर काशी में ढूंढोगे तो भोले नाथ मिलते हैं, मगर माँ-बाप के चरणों में चारों धाम मिलते हैं...। कवि सम्मेलन का संचालन करते हुए कवि डॉ अशोक बत्रा ने भी अपनी कविता और हास्य से खूब गुदगुदाया। उत्तर प्रदेश से आए कवि डॉ अर्जुन सीसोदिया ने बेटियों पर अपनी कविता में कुछ यूं अपने उद्गार प्रकट किए, चढ़ती हैं शीश पिता के तो मन की पीड़ा हर लेती हैं, बेटियाँ खुद गंगा होती हैं, घर को पावन कर देती हैं....। राजस्थान से आए हास्य कवि केशरदेव मारवाड़ी ने अपने हास्य से श्रोताओं को खूब गुदगुदाया। कवि विकास यशकीर्ति ने अपनी कविता विदा होते हुए मुझको बड़ी लगने लगी बिटिया, कहा पापा जब पोंछ कर आँसू के पापा यूं नहीं रोते... । समारोह के आरंभ में कुलपति ने संबोधित करते हुए कहा कि जब भी देश पर कठिन प्रश्न आया तो संविधान ने उसका रास्ता निकाला। कुलपति ने संविधान निर्माता डॉ बीआर अंबेडकर पर अपने विचार प्रस्तुत करते हुए कहा कि अंबेडकर अपने समय से बहुत आगे के व्यक्ति थे। जब आजादी से पहले देश में केंद्र सरकार के होने या न होने पर चर्चा चल रही थी, तब अंबेडकर ने अपनी बात रखी कि भारत में केंद्र सरकार होनी चाहिए और मजबूत होनी चाहिए।

उन्होंने विधायिकाओं के चुनावों के लिए ग्राम आधारित प्रतिनिधि चुनाव व्यवस्था का विरोध किया और जनता द्वारा सांसदों के सीधे चुनाव की व्यवस्था को लागू करवाया। कुलपति ने अंबेडकर की आर्थिक नीतियों का जिक्र करते हुए कहा कि अगर अंबेडकर देश के पहले वित्त मंत्री होते तो ये गरीबी देश से बहुत पहले दूर हो गई होती। समारोह की अध्यक्षता करते हुए राष्ट्रीय कवि संगम के राष्ट्रीय अध्यक्ष जगदीश मित्तल ने कहा कि भारत विश्व गुरु बनने जा रहा है। आज भारत जिन हाथों में है, उन पर हमें गर्व है। समारोह के विशिष्ट अतिथि डॉ नन्द किशोर गर्ग ने अपने संबोधन में कहा कि अंबेडकर को लोगों ने समझा ही नहीं। कार्यक्रम के आरंभ में गांधी भवन के निदेशक प्रो. केपी सिंह ने अतिथियों का स्वागत किया। इस अवसर पर दक्षिणी परिसर के निदेशक प्रो. श्री प्रकाश सिंह, डीन ऑफ कॉलेजेज़ प्रो. बलराम पाणी और रजिस्ट्रार डॉ विकास गुप्ता सहित अनेकों शिक्षक, अधिकारी और विद्यार्थी उपस्थित रहे।

# दिल्ली में आप और कांग्रेस के बीच गठबंधन, लेकिन जमीनी स्तर पर नहीं दिख रहा तालमेल

**सैफुल्लाह सिद्दीकी, सद्भावना टुडे**

**नई दिल्लीप।** दिल्ली की सात लोकसभा सीटों के लिए होने वाले चुनाव में बीजेपी को टक्कर देने की नीयत से इस बार आम आदमी पार्टी और कांग्रेस मिलकर चुनाव लड़ रही है। चुनाव साथ लड़ने के लिए गठबंधन होने पर सहमति तो बहुत पहले बन गई थी, लेकिन जमीन पर अभी तक दोनों साथ नहीं दिखाई दे रहे हैं। इंडिया गठबंधन के तहत आम आदमी पार्टी और कांग्रेस भले ही मिलकर दिल्ली की सातों लोकसभा सीट पर चुनाव लड़ रही हो, लेकिन दोनों ही पार्टियों के बीच जमीनी स्तर पर किसी तरह का कोई तालमेल देखने को नहीं मिला है। करीब महीने भर पहले आम आदमी पार्टी ने चार सीटों के लिए अपने प्रत्याशियों का ऐलान कर दिया था। वहीं, दो दिन पहले कांग्रेस ने भी तीन सीटों के लिए अपने प्रत्याशियों की घोषणा कर दी है। अभी तक इन सातों सीट पर दोनों ही पार्टी के नेता कैसे मिलकर चुनाव प्रचार करेंगे, इस पर कोई सहमति नहीं बन पाई है। अभी साथ प्रचार करने की योजना नहीं: आम आदमी पार्टी के प्रदेश संयोजक गोपाल राय के अनुसार, कांग्रेस ने अपने उम्मीदवार घोषित कर दिए हैं और वह अपना कैंपेन अपने हिसाब से डिजाइन करेंगे। अगर उन्हें कहीं आम आदमी पार्टी की सहयोग की जरूरत पड़ेगी तो वह सहयोग करेंगे। उन्होंने यह भी कहा कि फिलहाल साथ मिलकर चुनाव प्रचार करने की कोई योजना नहीं है। उन्होंने कहा कि मुद्दों पर आधारित एक एजेंडा बनाने पर चर्चा चल रही है, लेकिन अभी कुछ ठोस नतीजे पर नहीं पहुंचा है। उदित राज ने लोगों से की अपील: वहीं, कांग्रेस के प्रत्याशी उदित राज ने कहा कि वह अपने क्षेत्र में जनता से कांग्रेस और आम आदमी पार्टी दोनों के नाम पर वोट देने की अपील करेंगे। जो मतदाता है उन्हें बताएंगे कि पार्टी का कोई प्रत्याशी यहां नहीं है, सिर्फ कांग्रेस के ही प्रत्याशी है तो संसदीय क्षेत्र के लोग जरूर मतदान करेंगे। अन्य कांग्रेस के प्रत्याशी भी इसी रणनीति के तहत प्रचार करें।

31 मार्च को हुई थी रैली: आम आदमी पार्टी के राष्ट्रीय संयोजक व मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल की 21 मार्च को गिरफ्तारी के बाद 31 मार्च को दिल्ली के रामलीला मैदान में इंडिया गठबंधन की रैली बुलाई गई। इसमें इंडिया गठबंधन के तहत चुनाव लड़ रही विभिन्न पार्टियों के प्रमुख पहुंचे थे। कार्यक्रम इंडिया गठबंधन बैनर तले हुआ था। पोडियम पर अरविंद केजरीवाल की सलाखों के पीछे की तस्वीर लगाई गई थी, जिसे देख कांग्रेस के वरिष्ठ नेताओं ने विरोध किया था। यह तस्वीर हटाने के बाद कांग्रेस के वरिष्ठ नेता सोनिया गांधी, मल्लिकार्जुन खड़गे, राहुल गांधी, प्रियंका गांधी समेत अन्य नेता मंच पर पहुंचे थे। अभी भी दोनों पार्टियों अपने-अपने हिस्से की सीट पर प्रचार प्रसार करती दिख रही है, लेकिन दोनों दालों के नेता एक दूसरे के कार्यक्रमों में आना जाना नहीं शुरू किए हैं।

# चुनावी चंदे के जरिये भाजपा ने किया भ्रष्टाचार- आप

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की ओर से साक्षात्कार में चुनावी चंदे को लेकर दिए बयान पर आम आदमी पार्टी ने निशाना साधा है। मंगलवार को पार्टी मुख्यालय में सांसद संजय सिंह ने कहा कि प्रधानमंत्री ने चुनावी चंदे को सही बताया, जबकि सुप्रीम कोर्ट ने इसे अवैध करार दिया था।

पीएम ने अपने बयान में कालेधन, महंगाई, बेरोजगारी, एमएसपी और अग्निवीर समेत जनता से जुड़े मुद्दों पर कुछ नहीं कहा। जनता इन मुद्दों पर उनका जवाब चाहती थी। भाजपा को सुप्रीम कोर्ट के फैसले की आलोचना करने और चुनावी चंदे के जरिये भ्रष्टाचार का बचाव करने के लिए देश की जनता से माफी मांगनी चाहिए। भाजपा ने आबकारी नीति घोटाले के मुख्य आरोपी से करोड़ों रुपये का चंदा लिया, लेकिन अभी तक भाजपा के नेताओं से इस मामले में कोई पूछताछ नहीं हुई और न तो चुनावी चंदा देने वाली कंपनियों से पूछताछ हुई। देश में 10 साल में काफी काम होने का भाजपा दावा कर रही है, जबकि सच कुछ और है।

भाजपा की केंद्र सरकार ने देश की जनता के लिए कोई काम नहीं किया है। चुनाव से पहले भाजपा ने देश की जनता से जो वादे किए थे, उस पर साक्षात्कार में पीएम ने एक भी जवाब नहीं दिया। चुनाव आयुक्त की नियुक्ति को लेकर भी सवाल उठे। इसमें भी कोर्ट को बीच में आना पड़ा। संजय सिंह ने कहा कि आबकारी नीति घोटाले में 35 आरोपी हैं, लेकिन तीन-चार राजनीतिक व्यक्तियों की गिरफ्तारी हुई।

# कन्हैया की उम्मीदवारी से बदलेंगे समीकरण: नीलम चौधरी

**नई दिल्ली।** एक शिक्षित, राजनीति की समझ रखने वाले, जमीन से जुड़े, पढो लिखे, युवा एवं न्याय की लड़ाई में सबसे आगे रहने वाले उम्मीदवार है कन्हैया कुमार, ऐसा कहना है बाबरपुर जिला कांग्रेस कमेटी की उपाध्यक्ष नीलम चौधरी का। उत्तर पूर्वी लोकसभा क्षेत्र से कांग्रेस द्वारा प्रत्याशी के रूप में कन्हैया कुमार की घोषणा पर नीलम चौधरी ने कहा कि कांग्रेस ने दिल्ली में अपनी तीनों लोकसभा सीटों पर बहुत ही मजबूत प्रत्याशियों का चयन किया है। नीलम चौधरी ने कहा कि उत्तर पूर्वी लोकसभा क्षेत्र से कन्हैया कुमार बहुत ही बढ़िया उम्मीदवार है।



नीलम चौधरी ने बताया की कन्हैया कुमार एनएसयूआई के ऑल इंडिया कांग्रेस कमेटी के प्रभारी है एवं जेएनयू छात्र संघ के पूर्व अध्यक्ष भी रहे है। कन्हैया कुमार राजनीति को अच्छे से समझते है, उन्होंने अन्याय के खिलाफ हमेशा अपनी आवाज़ को पूरी बुलंदी से उठाया है, जमीन से जुड़े हुए है, देश की समस्याओं को और जनता की परेशानियों को अच्छे से समझते है। नीलम चौधरी ने आगे कहा कि कन्हैया कुमार एक बेहद ही शानदार वक्ता है और न सिर्फ वक्ता बल्कि उनकी एक एक बात में तर्क होता है, भाजपा ने देश की जनता के ऊपर किस तरह से अन्याय किया है इसके ऊपर कन्हैया कुमार कई बार सार्वजनिक मंचों पर बोल चुके है और पूरे साक्ष्यों के साथ बोलते है। नीलम चौधरी ने आगे कहा की बतौर प्रत्याशी कन्हैया कुमार के नाम की घोषणा से उत्तर पूर्वी क्षेत्र के कांग्रेस के सभी कार्यकर्ताओं में एक अलग ही उत्साह है और सभी कार्यकर्ताओं ने मजबूती से चुनाव प्रचार करने के लिए कमर कस ली है। नीलम चौधरी ने आगे कहा कि मैं उत्तर पूर्वी लोकसभा क्षेत्र की जनता से यह अपील करती हूं की कांग्रेस के लोकसभा प्रत्याशी कन्हैया कुमार को ज्यादा से ज्यादा वोट देकर भारी मतों से विजयी बनाए। नीलम चौधरी ने आगे कहा कि उत्तर पूर्वी लोकसभा क्षेत्र की जनता को पूरे लोकसभा क्षेत्र की तरक्की करने का शानदार मौका मिला है क्योंकि कन्हैया कुमार जैसे शिक्षित और युवा प्रत्याशी हर क्षेत्र से चुनाव नहीं लड़ते।

# सिरफिरे ने एक के बाद एक तीन लोगों को मारी गोली, पुलिसकर्मी की मौत

**नई दिल्ली,एजेंसी।** उत्तर-पूर्वी जिले के नंद नगरी इलाके में एक बड़ी घटना सामने आई है। एक सिरफिरे ने एक के बाद एक पुलिसकर्मी समेत तीन राहगीरों पर गोली चलाने के बाद खुद को गोली मारकर जान दे दी। इस गोली कांड में एक बाइक सवार की भी मौत हो गई है, जबकि स्कूटी सवार की हालत गंभीर बताई जा रही है। इस फायरिंग में ऑटो चालक बाल बाल बच गया। फिलहाल पुलिस पूरे मामले की जांच में जुटी है। शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है, आरोपित कौन है। उसका क्या मकसद था। उसने क्यों इस तरीके की वारदात को अंजाम दिया। इसकी पुलिस जांच कर रही है। मृतक बाइक सवार की पहचान दिल्ली पुलिस में कार्यरत एएसआई दिनेश शर्मा के तौर पर हुई है। दिनेश शर्मा दिल्ली पुलिस के स्पेशल ब्रांच में तैनात थे, जबकि घायल स्कूटी सवार की पहचान 30 साल के अमित कुमार के रूप में हुई है। अमित कुमार करावल नगर के रहने वाले हैं। आरोपित की भी पहचान हो गई है। आरोपी की पहचान नगरी जोगी बस्ती निवासी 44 साल के मुकेश के तौर पर हुई है। ऑटो चालक की पहचान 35 वर्षीय मोहम्मद महमूद के तौर पर हुई है वह सुंदर नगरी का रहने वाला है। महमूद को भी गोली मारने की कोशिश की गई थी लेकिन वह बाल बाल बच गया। फिलहाल घटनी की वजह का पता नहीं चल पाया है। पुलिस पूरे मामले की जांच कर रही है। उत्तर पूर्वी दिल्ली के डीसीपी डॉक्टर जॉय टीर्की ने बताया कि दोपहर तकरीबन 12-45 मिनट पर नंद नगरी इलाके के मीत नगर फ्लाईओवर पर फायरिंग की सूचना मिली। सूचना मिलते ही पुलिस की टीम मौके पर पहुंची। डीसीपी ने बताया कि शुरुआती जात में पता चला है कि एक युवक मीत नगर फ्लाईओवर पर सबसे पहले एक बाइक सवार को रोक कर उसको गोली मार दी, कुछ दूर आगे जाने के बाद उसने एक स्कूटी सवार को गोली मारी। उसके बाद वह एक ऑटो पर सवार हो गया और उसने ऑटो चालक को भी गोली मारने की कोशिश की। ऑटो चालक बाल बाल बच गया। इसके बाद सिरफिरे युवक ने ऑटो में बैठकर खुद को गोली मार ली। डीसीपी ने बताया कि फायरिंग में आरोपित युवक और एक बाइक सवार को डॉक्टर ने मृत घोषित कर दिया है, जबकि स्कूटी सवार की हालत गंभीर है उसको जीटीबी अस्पताल में भर्ती कराया गया है। डीसीपी कहना है कि हत्या और हत्या के प्रयास का मुकदमा दर्ज कर पूरे मामले की जांच शुरू कर दी गई है। आसपास लगे सीसीटीवी फुटेज खांगले ले जा रहे हैं। आरोपित की पहचान का प्रयास किया जा रहा है, शुरुआती जांच में पता चला है कि उसने अचानक की गोली मारना शुरू कर दिया था।

# 120वां नवरात्र महोत्सव सर्व कल्याण अरदास के साथ संपन्न

**शबाना बेगम,सद्भावना टुडे**

**नई दिल्ली।** ब्रह्मलीन सदगुरु श्री श्री 108 राजमाता जी महाराज द्वारा स्थापित श्री राजमाता झंडेवाला मंदिर में स्वामी श्री राजेश्वरानंद जी महाराज के सान्निध्य में चल रहे 120वां नवरात्र महोत्सव का समापन समारोह चंडी यज्ञ में पूर्णाहुति के साथ ही शुरू हो गया। संस्थान के प्रबंधक राम वोहरा ने बताया कि स्वामी श्री राजेश्वरानंद जी महाराज के सान्निध्य में चल रहे 102वा नवरात्र महोत्सव में दुर्गाष्टमी के अवसर पर शक्ति स्वरूप महागौरी का विधिवत पूजन किया गया। भोर के समय संस्थान के महापुरुषों द्वारा वैदिक मंत्रोचारण के साथ चंडी यज्ञ में पूर्णाहुति अर्पित की गई। जिसके बाद स्वामीजी द्वारा कन्या पूजन हुआ जिसमे कन्याओं के चरण प्रक्षालन, सर पर चुनरी ओढ़ाकर, मस्तक पर तिलक हाथ में रक्षा सूत्र बांधकर दक्षिणा सहित हलवा चने का प्रसाद एवम उपहार देकर पूजन संपन्न किया है। मंदिर परिसर में सारा दिन भंडारा प्रसाद वितरण किया गया।



सांयकाल पांच बजे भव्य भगवती चौकी में स्वामीजी द्वारा ज्योति प्रचंड करते हुए धर्म की जय हो अधर्म का नाश हो की गगनभेदी गूंज के साथ पूर्ण नवरात्र मौन व्रत संपन्न हुआ। हिंदुस्तान के प्रसिद्ध कलाकार दीपक शर्मा एवम जागरण पंथ के महंत सुनील राजपूत जी द्वारा महामाई का गुणगान किया गया। एक तरफ महंत सुनील राजपूत की के पारंपरिक भजनों ने रोम रोम पुलकित कर दिया तो दूसरी तरफ दीपक शर्मा जी द्वारा किए गए हृदय स्पर्शी भजन गायन ने भक्तों को भावुक कर दिया। पंक्तिबद्ध भक्तों ने सदगुरु श्री राजमाता जी एवम महामाई के श्री विग्रह पर चुनरी ओढ़ाकर, श्रृंगार नारियल फल फूल माला भेंट करते हुए मत्था टेका। देर रात सर्व कल्याण अरदास करते हुए विश्व शांति एकता अखंडता संप्रभुता हेतु प्रार्थना की गई। इस अवसर पर भक्तों को संदेश देते हुए स्वामी श्री राजेश्वरानंद जी महाराज ने कहा कि नवरात्र की साधना प्रभु श्री राम जी ने भी युद्ध के समय की थी जिसमे भगवती ने उनकी परीक्षा ली और रामजी ने अपने नेत्र कमल ही शक्ति को चढ़ाने लगे जिसपर प्रसन्न होकर मां भगवती ने उन्हें विजय होने का आशीर्वाद दिया। नवरात्र साधक के जीवन में नव जीवन, नव उत्साह का कार्य करते हैं जिससे सांसारिक तृष्णाओ से त्रस्त व्यक्ति फिर से नई ऊर्जा प्राप्त कर अपने कार्यक्षेत्र में अग्रसर होता है। हार्दिक शुभकामनाएं देते हुए स्वामी जी ने घोषणा की कन्या पूजन के बाद अब कन्यादान का विशाल स्तर पर 7मई को सामूहिक विवाह के रूप में आयोजन किया जाएगा। अधिक से अधिक अभावग्रस्त परिवारों को सेवा लाभ प्राप्त करने हेतु आमंत्रित किया गया।

# आईपीयू : यूजी, पीजी व पीएचडी के लिए 60 हजार अभ्यर्थी देंगे सीईटी परीक्षा

**नई दिल्ली।** गुरु गोबिंद सिंह इंदप्रस्थ विश्वविद्यालय में कॉमन एंट्रेस टेस्ट (सीईटी) आधारित यूजी, पीजी व पीएचडी में दाखिले के लिए आवेदन की रेस सोमवार आधी रात समाप्त हो गई है। जबकि अभी राष्ट्रीय प्रवेश परीक्षा आधारित कोर्सेज के लिए आवेदन प्रक्रिया 25 मई तक जारी है। अब तक सभी प्रोग्राम के लिए 1,17,604 आवेदन किए गए हैं। इनमें से 1,0,6974 आवेदकों ने फीस जमा कराकर अपने आवेदन को पूरा कर लिया है। इनमें से अब 60 हजार उम्मीदवार सीईटी की परीक्षा देंगे।

आईपीयू में इस तरह से सीईटी आधारित प्रोग्राम के लिए करीब 60 हजार आवेदन प्राप्त हुए हैं। आवेदन में सबसे अधिक 18,704 आवेदन एमबीबीएस (राष्ट्रीय स्तर की नीट परीक्षा), बीटेक((राष्ट्रीय स्तर की जेईई परीक्षा) के लिए 18,397 आवेदन प्राप्त हुए हैं। वहीं सीईटी आधारित बीबीए एंड एलॉयड प्रोग्राम के लिए 17,640 आवेदन किए गए हैं, इनमें से 16,607 ने आवेदन शुल्क का भुगतान कर आवेदन को पूरा किया है। वहीं सीईटी आधारित कॉमर्स ऑनर्स के लिए 9940 आवेदन प्राप्त हुए हैं, जिसमें से 9238 ने आवेदन शुल्क का भुगतान किया है। वहीं सीईटी आधारित बैचलर ऑफ कंप्यूटर ऐप्लिकेशन के लिए 9207 उम्मीदवारों ने आवेदन किया है। इनमें से 7991 ने आवेदन शुल्क जमा कर दिया है। इस तरह से यह कोर्स दाखिले के लिए छात्रों की पसंद बने हैं। अब सीईटी आधारित प्रोग्राम में आवेदन प्रक्रिया समाप्त होने के बाद अब 27 अप्रैल से दिल्ली-एनसीआर में 12 मई तक प्रवेश परीक्षाएं आयोजित की जाएंगी। जिसमे 60 हजार उम्मीदवार परीक्षा देंगे। आईपीयू में इस बार आवेदन का रिकॉर्ड बना है। आईपीयू के रजिस्ट्रार डॉ कमल पाठक के अनुसार इस साल छात्रों का जबरदस्त रिस्पांस देखने को मिला है। इसका कारण है नए प्रोग्राम, नजदीकी कॉलेजों के पास विकल्प और छात्र अनुकूल पंजीकरण प्रक्रिया है।

## चोरी की कारें खरीदकर बेचने वाली गिरफ्तार



**नई दिल्ली।** पुलिस ने चोरी की लग्जरी कारें खरीदकर बेचने के मामले में फरार महिला को पटना स्थित पॉश कॉलोनी से गिरफ्तार किया है। लवली सिंह इस मामले में भगोड़ा करार थी। पुलिस ने महिला की निशानदेही पर नौ लग्जरी कारें बरामद की हैं। पुलिस के अनुसार, पूरा परिवार ही इस मामले में शामिल था। पति और बेटा पहले ही गिरफ्तार हो चुके हैं। परिवार के सदस्य चोरी के वाहन खरीदकर बिहार और झारखंड में बेचते थे। मयूर विहार निवासी शहनवाज ने 18 मार्च 2023 को ब्रेजा चोरी होने की शिकायत दी थी। इसके बाद पुलिस ने 4 अगस्त 2023 को खगड़िया, बिहार निवासी गोबिंद को गिरफ्तार कर लिया। उसके कब्जे से पुलिस ने चोरी की कार बरामद की। पूछताछ में उसने बताया कि ब्रेजा उसकी पत्नी लवली और बेटे अंकित राज के पास है। पुलिस ने इसके बाद बेटे को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने उसके कब्जे से ब्रेजा बरामद कर ली। बेटे से पूछताछ में पता चला कि लवली ने दिल्ली से चोरी कई लग्जरी गाड़ियों को बिहार और झारखंड में बेचा है। पुलिस ने लवली की गिरफ्तारी के लिए दबिश दी, लेकिन वह फरार हो गई। उसके खिलाफ गैर जमानती वारंट जारी किया गया और फिर दिसंबर 2023 को भगोड़ा घोषित किया गया। निरीक्षक अरुण कुमार के नेतृत्व में पुलिस ने तकनीकी जांच कर लवली की तलाश शुरू की और 3 अप्रैल को पाटलिपुत्र, पटना स्थित पॉश कालोनी से उसे गिरफ्तार कर लिया। खगड़िया निवासी लवली पुलिस से बचने के लिए वह चार बच्चों के साथ पटना की पॉश कॉलोनी में रहती थी। उसने बीएससी करने के बाद एक बीमा कंपनी में काम किया, जहां वह चोरी के वाहनों की बिक्री और खरीद में शामिल लोगों के संपर्क में आ गई। इसके बाद पति गोविंद के साथ इस धंधे में शामिल हो गई। लवली 2021 में चोरी के वाहनों से लूटपाट के मामले में रांची में गिरफ्तार हुई थी। इसके बाद वह ठिकाना बदलने लगी। किसी को शक न हो इसलिए वह पॉश इलाके में रह रही थी। आसानी से पैसे कमाने के लिए वह इस धंधे से जुड़ी।

# दीनी मदरसों के खिलाफ सरकारी संस्थानों की कार्रवाई भेदभाव पर आधारित

**शहनवाज़ सैफ, सद्भावना टुडे संवाददाता**

**नई दिल्ली।** धार्मिक मदरसों के खिलाफ सरकारी संस्थानों के द्वेषपूर्ण रवैये और कारवाई के संदर्भ में आज नई दिल्ली में स्थित जमीअत उलमा-ए-हिंद के मुख्यालय में मदरसा संरक्षण सम्मेलन आयोजित किया गया, जिसकी अध्यक्षता जमीअत उलमा-ए-हिंद के अध्यक्ष मौलाना महमूद असद मदनी ने की। सम्मेलन में दारुल उलूम देवबंद, दारुल उलूम वक्फ देवबंद, मजाहिर उलूम सहित उत्तर प्रदेश, अशरफ-उल-मदरसा हरदोई के सभी महत्वपूर्ण संस्थानों के मोहतमिम और पदाधिकारियों ने भाग लिया। अपने अध्यक्षीय भाषण में मौलाना महमूद असद मदनी ने कहा कि दीनी मदरसों की भूमिका और उनका महत्व दिन के उजाले की तरह स्पष्ट है। आज उपमहाद्वीप में जो मस्जिदें आबाद हैं और धार्मिक लोग बचे हैं, उनके पीछे मदरसों की कड़ी मेहनत ही है। दरअसल हमारे पूर्वजों के दूरगामी नेतृत्व ने मदरसों की जो मजबूत व्यवस्था स्थापित की थी, उसका उदाहरण पूरी दुनिया में कहीं नहीं मिलता। ऐसे महान संपत्ति की रक्षा के लिए हर संभव संघर्ष और सुरक्षात्मक उपाय करना हम सभी की जिम्मेदारी है।




मौलाना मदनी ने कहा कि आज विभिन्न स्तर पर जिस तरह का रवैया अपनाया जा रहा है, उसके समाधान के लिए हमें एक दीर्घकालिक नीति बनानी होगी और ठोस और स्थिर उपाय करने होंगे। मौलाना मदनी ने कहा कि हमारी संस्थाओं को बंद करने या उसका स्वरूप को बदलने पर पूरी ताकत लगाई जा रही है, लेकिन हम ऐसी कोई व्यवस्था को स्वीकार नहीं करेंगे। लेकिन वर्तमान समय की आवश्यकताओं के अनुरूप ऐसी व्यवस्था स्थापित की जाएगी, जिसके तहत हमारी धार्मिक शिक्षा प्रभावित न हो और समकालीन शिक्षा की आवश्यकताएं भी पूरी हों। मौलाना मदनी ने कहा कि हमारे पूर्वजों ने मदरसों के लोगों को सरकारी सहायता न लेने के संबंध में जो सलाह दी थी, उसकी सच्चाई स्पष्ट हो गई है, इसलिए हमें सरकारी सहायता से हर प्रकार से बचना है। मौलाना मदनी ने आईसीएसई की तरह एक स्वतंत्र शिक्षा बोर्ड की स्थापना की भी वकालत की और कहा कि अगर ऐसी व्यवस्था बन जाए तो शिक्षा के क्षेत्र में एक नया अध्याय जुड़ेगा। दारुल उलूम वक्फ के मौलाना मोहम्मद सुफियान कासमी ने मदरसों के पदाधिकारियों को सलाह दी कि हिसाब-किताब को हर हाल में दुरुस्त रखें। इसके साथ ही अल्पकालीन योजना के तहत मदरसों के साथ-साथ प्राइमरी स्कूलों की स्थापना पर भी ध्यान देनी चाहिए। उन्होंने जमीअत उलमा-ए-हिंद की भूमिका पर प्रकाश डालते हुए कहा कि जमीअत ने हर मौके पर देश के मुसलमानों का मार्गदर्शन किया है, इसलिए दारुल उलूम देवबंद की साझेदारी से अगर मदरसों के लिए कोई कार्य-योजना बनाई जाए तो यह एक बेहतरीन पहल होगी। दारुल उलूम देवबंद के उप-कुलपति मौलाना मुफ्ती मोहम्मद राशिद आजमी ने कहा कि मदरसे और मकतब इस्लाम के चिराग हैं, इनकी वजह से हम सब ईमान वाले हैं। उन्होंने कहा कि स्वतंत्र मदरसों को कभी भी सरकारी सहायता नहीं लेनी चाहिए। इससे बड़ा नुकसान होगा। लेकिन बोर्ड के मदरसों का अस्तित्व भी महत्वपूर्ण है। दारुल उलूम देवबंद के सदस्य शूरा मौलाना रहमतुल्लाह मीर कश्मीरी ने कहा कि हमें अपने बुजुर्गों, खासकर मौलाना कासिम नानौतवी और हजरत शेख-उल-हिंद की भूमिका को सामने रखना चाहिए। हजरत शेख-उल-हिंद ने जामिया मिल्लिया इस्लामिया की आधारशिला रखी।

## एक नजर

### गुरुग्राम के निजी स्कूल में आग लगी, कोई हताहत नहीं– पुलिस

**गुरुग्राम।** गुरुग्राम स्थित एक निजी स्कूल में मंगलवार सुबह आग लग गई, लेकिन घटना में किसी के हताहत होने की जानकारी नहीं है। एक अग्निशमन अधिकारी ने यह जानकारी दी। पुलिस के मुताबिक, सेक्टर 37सी स्थित ई-टेक्नो नारायणा स्कूल में सुबह करीब पौने नौ बजे आग लगी। उसने बताया कि आग स्टोर रूम में लगी और वहां रखी स्कूली वर्दी के कारण आग उप-प्रधानाचार्य कार्यालय तक फैल गई। एक अग्निशमन अधिकारी ने कहा, 'हमें सुबह आठ बजकर 57 मिनट पर सूचना मिली और चार वाहनों को मौके पर भेजा गया। स्कूल में कोई विद्यार्थी या कर्मचारी मौजूद नहीं था और समय रहते आग पर काबू पा लिया गया।' उन्होंने बताया कि हरियाणा सरकार के आदेश का पालन करते हुए स्कूल ने अष्टमी पूजा के अवसर पर विद्यालय खुलने का वक्त बदल दिया गया था जिस वजह से स्कूल में बच्चे और कर्मचारी नहीं थे। पुलिस ने कहा कि आग में करीब 500 जोड़ी स्कूली वर्दी, तीन कंप्यूटर और दो एयर कंडीशनर के साथ-साथ कुछ फर्नीचर आदि जल गए। घटना के वक्त मौके पर मौजूद स्कूल के एक कर्मचारी ने कहा कि आग शॉर्ट सर्किट की वजह से लगी। उन्होंने बताया कि स्कूल के इलेक्ट्रीशियन ने आग पर काबू पाने की कोशिश की, लेकिन यह अन्य कक्षों तक फैल गई। उसके बाद पुलिस को इसकी जानकारी दी गई।

### छह लोगों पर आरोप लगा दुकानदार ने खुदकुशी की

**बल्लभगढ़।** शहर की नाहर सिंह कॉलोनी में सोमवार की रात एक परचून दुकानदार ने फंदा लगाकर खुदकुशी कर ली। मृतक के पुत्र ने पुलिस को अपने पिता के पास से मिले 12 पेज के एक सुसाइड नोट को सौंपा है, जिसमें उसने छह लोगों पर परेशान करने का आरोप लगाया है। पुलिस ने छह लोगों के खिलाफ नामजद मुकदमा दर्ज किया है। इधर, पुलिस अभी आत्महत्या का कारण पैसों का लेन-देन मान रही है। सेक्टर-2 निवासी विपिन यादव ने बताया कि उसके पिता 50 वर्षीय सुरेंद्र कुमार नाहर सिंह कॉलोनी में परचून की दुकान चलाते थे। उन्होंने सोमवार की रात करीब 10-11 बजे फंदा लगा लिया। उन्हें तुरंत उपचार सर्वोदय अस्पताल ले जाया गया। जहां डॉक्टर ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। मृतक के पुत्र विपिन यादव का कहना है कि उसके पिता के पास से 12 पेज का एक सुसाइड नोट बरामद हुआ। जिसे पुलिस के सुपुर्द कर दिया गया है। सुसाइड नोट के अनुसार आरोपियों में संदीप शर्मा, पंकज संदीप शर्मा का दोस्त निवासी नाहर सिंह कॉलोनी, नितिन ज्वैलर्स तिगांव वाला, मनोज मथुरा वाला, खुराना सेक्टर-3 व संजीव (शेखर) हैं। पीड़ित पुत्र का आरोप है कि उसके पिता इन लोगों की वजह से तनाव और परेशानी में रहते थे। इसी कारण उन्होंने आत्महत्या की है। शहर थाना प्रभारी महेंद्र सिंह ने बताया कि मृतक के पास से 12 पेज का एक सुसाइड नोट बरामद हुआ है, जिसकी जांच कराई जाएगी। फिलहाल मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

### झाड़सा चौक फ्लाईओवर से नीचे गिरी कार हुई चकनाचूर

**गुरुग्राम।** दिल्ली-जयपुर एक्सप्रेस-वे पर झाड़सा चौक फ्लाईओवर से तेज गति से एक कार नीचे आ गिरी। कीया कंपनी की सेल्टॉस मॉडल कार चकनाचूर हो गई। इस हादसे में तीन युवक गंभीर रूप से घायल हो गए। एक युवक का पांव कटने की भी खबर है। देर रात एक युवक की मौत हो गई। हालांकि अभी इसकी पुष्टि होना बाकी है। सोमवार की देर रात हुए इस हादसे को जिसने देखा, वह भी स्तब्ध रह गया। मंगलवार को हादसा स्थल के पास क्षतिग्रस्त कार को देखने के लिए लोगों की भीड़ लगी रही। घायलों को मेदांता मेडिसिटी अस्पताल में भर्ती कराया गया है। जानकारी के अनुसार एक टैम्प्रेरी नंबर की कीया सेल्टॉस कार दिल्ली की तरफ से जयपुर की तरफ जा रही थी। जैसे ही कार झाड़सा चौक के फ्लाईओवर पर पहुंची तो कार पर से ड्राइवर की नियंत्रण खो गया। फ्लाईओवर के करीब चार फुट ऊंचे मजबूत डिवाइडर पर चढ़कर कार फ्लाईओवर के आने-जाने वाली लेन के बीच में खाली जगह से नीचे आ गिरी। कार की स्पीड इतनी थी कि वह फ्लाईओवर से नीचे गिरते समय भी हवा में ही रही और करीब 50 फुट आगे जाकर फ्लाईओवर की दीवार से टकराकर नीचे गिर गई। कार के गिरने से तेज धमाका हुआ तो आसपास के लोग उधर भागे।

कार में सवार तीन युवक बुरी तरह से घायल हो चुके थे। हालांकि कार के एयर बैग भी खुल गए थे। घायलों को कार से कड़ी मशक्कत के बाद बाहर निकाला और उन्हें मेदांता मेडिसिटी में भर्ती कराया गया। इनमें से एक युवक की मौत होने की सूचना है। क्रेन की मदद से गाड़ी को फ्लाईओवर के नीचे से हटाकर सडक़ किनारे रखा गया। इस दौरान लंबा जाम भी लगाया गया। यातायात पुलिस को देर रात लगे जाम को खुलवाने में भी कड़ी मशक्कत करनी पड़ी।

पंकज नामक युवक मौके पर था। उसने पूरा हादसा देखा। उसने बताया कि एक युवक का पैर भी इस हादसे में कट गया। पुलिस के अनुसार दो युवक गुरुग्राम के ही रहने वाले हैं, जिनके नाम रिषभ व नमन हैं। समाचार लिखे जाने तक तीसरे युवक की पहचान नहीं हो पाई थी। तीनों कालेज के छात्र बताए जा रहे हैं। गाड़ी नई थी, इसलिए उसकी अभी नंबर प्लेट नहीं आई है। गाड़ी पर टैम्प्रेरी नंबर था। पुलिस पूरे घटनाक्रम की जांच कर रही है। पुलिस पता लगा रही है कि कहीं युवकों ने नशा तो नहीं कर रखा था।

# सेक्टर 9 स्थित सेंट एंथोनी सेकेंडरी स्कूल में हरियाणा राज्य बाल कल्याण परिषद द्वारा आयोजित हुआ सेमिनार

**फरीदाबाद, एजेंसी।** सेक्टर-9 स्थित सेंट एंथोनी सेकेंडरी स्कूल में हरियाणा राज्य बाल कल्याण परिषद द्वारा स्थापित जिला फरीदाबाद के प्रथम तथा राज्य के 37वें बाल सलाह परामर्श व कल्याण केंद्र में भविष्य जीवन की सफलता का मार्ग-स्वयं को समझना, ध्यान केंद्रित करना और मजबूत दृष्टिकोण विकसित करना विषय पर आयोजित सेमिनार में उपस्थित किशोरावस्था के विद्यार्थियों एवं उनके अध्यापकों को संबोधित करते हुए मंडलीय बाल कल्याण अधिकारी रोहतक एवं राज्य नोडल अधिकारी अनिल मलिक ने कहा कि किशोरावस्था परिवर्तन और विकास की उम्र है, उम्र के इस पड़ाव में भविष्य जीवन की सफलता हेतु आपको अपनों का हाथ मजबूती से पकड़े रहना होगा, ध्यान केंद्रित करके रखना और अपनी सोच विकसित करने की प्रवृत्ति को मजबूत करना होगा।



जीवन में सफलता के लिए जरूरी है अच्छा स्वास्थ्य और सफलता के तीन मूल मंत्रों की अनुपालना करना जो है सीखने की आदत, चुनौतियों का डटकर सामना करना, आत्म-मूल्यांकन करते रहना और इन सबसे पहले जरूरी है स्वयं को समझना। हार्मोनल बदलाव व भावनात्मक विकास की वजह पीयर प्रेशर की वजह से आप किशोरों का मन भटक सकता है, विपरीत लिंग के प्रति आकर्षण बढ़ सकता है समझे कि साथी जीवन भर के समर्पण का नाम होता है जो सही समय आने पर संयोग और माता-पिता की इच्छा अनुरूप मिल ही जाता है युवावस्था व पढ़ाई के दौरान पार्टनर की तलाश करना जरूरी नहीं है जरूरी है अपने जीवन लक्ष्य की ओर मजबूती से कदम बढ़ाना। आप ध्यान रखें कभी भी हीन भावना से ग्रस्त होकर, सिर्फ टशन करने के लिए, खुद को मॉडर्न दिखाने के लिए विपरीत लिंग के प्रति आकर्षित होकर फ्रेंड बनाने की जबरन स्पर्धा में खुद को शामिल न करें। जीवन निर्माण पर ध्यान दें यह समझे की रियल लाइफ और रील लाइफ में बहुत बड़ा फर्क होता है शारीरिक, भावनात्मक, मानसिक विकास को सही से समझना होगा अपनी वास्तविक जरूरतों को जानना होगा, अपनों से मन की बातें सांझा करते रहना होगा। ध्यान केंद्रित रहें, ध्यान ना भटके इसके लिए जरूरी है जितना संभव हो सके डिजिटल तकनीक का कम से कम इस्तेमाल, सकारात्मक आशावादी सोच की प्रवृत्ति को खुद में ढालना जरूरी है।

## आयुषि और तारा के दम पर दिल्ली चैलेंजर्स व जेपी अकादमी जीती

**ग्रेटर नोएडा।** नॉलेज पार्क स्थित क्रिकेट ग्राउंड पर मंगलवार को राइजिंग स्टार गर्ल्स क्रिकेट टूर्नामेंट के अंतिम दो लीग मैच खेले गए। एक मैच में दिल्ली चैलेंजर्स और दूसरे मैच में जेपी गर्ल्स अकादमी ने जीत दर्ज करते हुए सेमीफाइनल में प्रवेश कर लिया। बुधवार को बीबीसी और जेपी गर्ल्स अकादमी व रावल अस्पताल व दिल्ली चैलेंजर्स के बीच सेमीफाइनल मुकाबला खेला जाएगा। कोच जेपी नौटियाल ने बताया कि पहले मैच में दिल्ली चैलेंजर्स क्रिकेट क्लब ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी का निर्णय लिया। टीम ने 20 ओवर में आठ विकेट के नुकसान पर 130 रन बनाए। करिश्मा राणा (41), तारा बिष्ट (33) और दीपिका चांद ने (22) रन का योगदान दिया। जेपी गर्ल्स के लिए तमन्ना सिंह, साक्षी नागर और कप्तान आयुषि सोनी ने दो-दो विकेट लिए। जवाब में बल्लेबाजी करने उतरी जेपी गर्ल्स की टीम 20 ओवर में पांच विकेट खोकर 103 रन ही बना सकी। कुसुम (37) और प्रीति शर्मा ने (29) रन का योगदान दिया। दिल्ली चैलेंजर्स के लिए अमीषा बहुखंडी ने दो विकेट लिए। दिल्ली चैंलेंजर्स की तारा बिष्ट को प्लेयर ऑफ द मैच, करिश्मा राणा को बेस्ट बैटर और जेपी गर्ल्स अकादमी की साक्षी नागर को बेस्ट बॉलर चुना गया। दूसरे मैच में जेपी गर्ल्स अकादमी ने आयुषि सोनी के 93 रनों की मदद से 20 ओवर में दो विकेट खोकर 188 रन बनाए। वंडर्स क्रिकेट क्लब की टीम 20 ओवर में छह विकेट खोकर 71 रन बना पाई। प्रगति बिष्ट (20), एकता भडाना (17) और प्रीति जादौन (12) ही दहाई का आंकड़ा पार कर पाईं।

## परिषदीय स्कूलों में होंगे मासिक टेस्ट, बनेगी अभिभावक डेस्क

**शोएब आलम, संद्भावना टुडे**

**ग्रेटर नोएडा।** परिषदीय स्कूलों में भी अब निजी स्कूलों की तर्ज पर हर माह मासिक टेस्ट लिए जाएंगे और अभिभावक के लिए डेस्क बनाई जाएगी। इसकी शुरुआत इसी शैक्षिक सत्र से किया जाएगा। जहां पर अभिभावकों को विद्यालयों में मिलने वाली सुविधाओं की जानकारी दी जाएगी। इसके साथ ही बच्चों का शैक्षिक प्रगति के बारे में इसी डेस्क से बताया जाएगा और उनको भी शिक्षा के प्रति जागरूक किया जाएगा। जिले में 511 परिषदीय विद्यालय हैं। बच्चों को बेहतर शिक्षा देने के लिए अभिभावक निजी स्कूलों की ओर ज्यादा आकर्षित होते हैं। अभिभावक के साथ बैठक कर बच्चों की पढ़ाई की स्थिति के बारे में बताया जाता है। परिषदीय विद्यालयों में अब तक यह व्यवस्था नहीं है। डायट प्राचार्य व प्रभारी बेसिक शिक्षा अधिकारी राज सिंह यादव ने बताया कि शिक्षा की गुणवत्ता में सुधार के लिए काफी प्रयास किए जा रहे हैं। बच्चों के बौद्धिक विकास में अभिभावकों की भागीदारी सुनिश्चित कराने के लिए पहल की गई है। परिषदीय स्कूलों में भी निजी शिक्षण संस्थानों की तरह हर सुविधा उपलब्ध कराई जा रही है। हाईटेक भवन के साथ स्मार्ट कक्षाएं भी परिषदीय स्कूलों की पहचान बन गए है। इन उपलब्धियों के बारे में अभिभावकों को बताया जाएगा। ड्रॉप आउट बच्चों को जोड़ा जाएगा ताकि उन्हें भेजा सके। स्कूलों में नामांकन बढ़ाने के लिए घर घर जाकर अभिभावकों से संपर्क किया जा रहा है। वहीं, अभिभावकों की ओर से होने वाली शिकायतों को रजिस्टर में रखा जाएगा।

अभिभावक डेस्क के माध्यम से सरकारी योजनाओं का प्रचार प्रसार होगा। समग्र शिक्षा योजना, बेटी पढ़ाओ, बेटी बचाओ, कन्या सुमंगला योजना आदि की जानकारियां दी जाएगी। डेस्क के माध्यम से उनका स्कूल में वापसी का प्रयास होगा। वहीं, अभिभावक की ओर से कोई शिकायत की जाती है तो उसका रिकार्ड सुरक्षित करने के लिए रजिस्टर में दर्ज किया जाएगा। जिले के तीन ब्लॉक दादरी, दनकौर और जेवर में कस्तूरबा विद्यालय बने हुए है। इनमें कक्षा छह से लेकर आठ की तक छात्राओं को शिक्षित किया जाता है। जिन विद्यार्थियों के टेस्ट में अंक कम आते हैं, उन पर शिक्षक विशेष ध्यान देंगे।

## गुरुग्राम की चार बेटियों ने यूपीएससी में लहराया परचम

**अशोक कुमार, सद्भावना टुडे संवाददाता**

**गुरुग्राम।** संघ लोक सेवा आयोग (यूपीएससी) की परीक्षा में गुरुग्राम से चार बेटियों ने सफलता हासिल करके नाम रोशन किया है। सभी को बधाई देने वालों को तांता लगा रहा। परिवारों में भी खुशी व जश्न का माहौल है। सबसे पहले हम बात करते हैं रुहानी की। अपनी प्रतिभा का लोहा मनवाते हुए रुहानी ने ऑल इंडिया रैंकिंग में 5वां स्थान हासिल किया है। रुहानी ने शहर में ही प्राइवेट स्कूल 12वीं कक्षा तक की पढ़ाई की। वर्ष-2017 में दिल्ली के सेंट स्टीफंस विश्वविद्यालय से अर्थ शास्त्र में रुहानी ने स्नातक की पढ़ाई की। इसके बाद वर्ष 2019 में इग्नू से अर्थ शास्त्र में मास्टर डिग्री पूरी की और वह भारतीय अर्थ शास्त्र सेवा में शामिल हो गई। तीन साल तक वहां पूरी मेहनत से कार्य किया। रुहानी दो साल तक नीति आयोग में भी कार्यरत रहीं। बाद में भारतीय पुलिस सेवा में शामिल हो गईं। नवंबर-2023 से हैदराबाद में वे प्रशिक्षण प्राप्त कर रही हैं।



**सुमन यादव ने हासिल किया 170वां रैंक**

शहर के सराय अलावर्दी की रहने वाली सुमन यादव ने यूपीएससी की परीक्षा में 170वां रैंक हासिल किया है। मंगलवार को यूपीएससी की ओर से सिविल सर्विसेज एग्जामिनेशन का जब परिणाम आया और सुमन यादव का नाम देखकर परिजनों की खुशी का भी ठिकाना नहीं रहा। सुमन ने दूसरी बार में यूपीएससी की परीक्षा पास की है। पिछले वर्ष भी सुमन यादव ने परीक्षा दी थी, लेकिन कामयाबी नहीं मिली थी। पिछले तीन वर्षों से सुमन यादव यूपीएससी की परीक्षा की तैयारी कर रही थी। उसने दिल्ली विश्वविद्यालय से बीएससी की। बीएससी के बाद यूपीएससी परीक्षा की तैयारी शुरू की।

**प्रख्या ने 584वीं रैंक हासिल करके पाई सफलता**

गुरुग्राम के पालम विहार अपराध शाखा में तैनात सहायक उप-निरीक्षक रामबीर की बेटी प्रख्या ने भी यूपीएससी में सफलता हासिल की है। प्रख्या ने 584वीं रैंक हासिल की है। प्रख्या ने दिल्ली के ढासा स्थित एक प्राइवेट स्कूल से 12वीं कक्षा तक पढ़ाई की। नेकीराम कॉलेज रोहतक से बीएससी व बीएड की। प्रख्या ने दूसरी बार में यूपीएससी की परीक्षा उत्तीर्ण की है।

**दिव्या ने 665वीं रैंक हासिल करके परिवार का नाम चमकाया**

गुरुग्राम पुलिस में ही इंस्पेक्टर के पद पर तैनात बलराज यादव की बेटी दिव्या ने यूपीएससी की परीक्षा में 665वीं रैंक हासिल की है। पहली से नौवीं कक्षा तक मुंबई के एक निजी स्कूल में पढ़ाई करने वाली दिव्या ने करनाल के दयाल पब्लिक स्कूल से 10वीं व 12वीं कक्षा पास की है। दिल्ली के श्रीराम कॉलेज ऑफ कॉमर्स से बी.कॉम पास की। अब वह दिल्ली के ही एक कॉलेज से एम.कॉम की पढ़ाई कर रही हैं।

## 21 अप्रैल को आयोजित होने वाली संघ लोक सेवा आयोग की परीक्षाओं की तैयारियों को लेकर प्रशासन मुस्तैद: जिलाधीश

**शहजाद सैफ, सद्भावना टुडे संवाददाता**

**फरीदाबाद।** जिलाधीश विक्रम सिंह ने कहा कि जिला में 21 अप्रैल को संघ लोक सेवा आयोग/यूपीएससी द्वारा आयोजित की जाने वाली सीडीएस, एनडीए व नेवल एकेडमी परीक्षा को सुनियोजित ढंग से संपन्न करवाने के लिए पुलिस और प्रशासनिक अधिकारी मुस्तैदी से कार्य करेंगे। आज मंगलवार को सैक्टर-12 लघु सचिवालय के सभागार कक्ष में जिलाधीश विक्रम सिंह के दिशा-निर्देश पर एसडीएम बल्लबगढ त्रिलोक चंद की अध्यक्षता में रिहर्सल का आयोजन किया गया। जहां एसडीएम त्रिलोक चंद ने परीक्षाओं के सफल संचालन के लिए संबंधित अधिकारियों को टिप्स देकर संघ लोक सेवा आयोग/यूपीएससी द्वारा जारी हिदायतों के अनुसार दिशा निर्देश ड्यूटी में लगाए गए प्रशासनिक अधिकारियों को दिए।



उन्होंने कहा कि यह काफी संवेदनशील कार्य है। जिसे सभी अधिकारियों को पूरी जिम्मेदारी के साथ करना है। वहीं अधिकारी यह जरूर सुनिश्चित करें कि परीक्षा के दौरान किसी प्रकार की लापरवाही की गुंजाइश ना हो। परीक्षाओं के सफल संचालन के लिए संघ लोक सेवा आयोग/ यूपीएससी ने जो नियम निर्धारित किए हैं, उनका दृढ़ता से पालन किया जाएगा। एसडीएम त्रिलोक चंद ने कहा कि किसी भी अधिकारी को कोई शंका हो तो उसे समय रहते दूर कर लें। उन्होंने बताया कि 21 अप्रैल रविवार को संघ लोक सेवा आयोग की परीक्षा 3 शिफ्ट में आयोजित की जाएगी। इसके लिए जिला में 14 परीक्षा केंद्र बनाए गए हैं। जहां सीडीएस, की परीक्षाएं तीन चरणों में और एनडीए व नेवल एकेडमी की परीक्षाएं दो चरणों में आयोजित की जाएगी। सीडीएस पहला चरण प्रात: 09 बजे से 11 बजे तक, दूसरा चरण दोपहर 12 बजे से 02 बजे तक व तीसरा चरण दोपहर 03 बजे से सांय 05 बजे तक होगा। वहीं एनडीए व नेवल एकेडमी परीक्षा के लिए प्रथम चरण प्रात: 10 बजे से दोपहर 12.30 बजे तक व दूसरा चरण दोपहर 2 बजे से सांय 4.30 बजे तक रखा गया है। रिहर्सल में में एसडीएम बल्लबगढ त्रिलोक चंद ने परीक्षाओं के बारे में विस्तार से जानकारी देते हुए कहा कि ड्यूटी पर लगाए गए अधिकारी 21 अप्रैल को होने वाली लिखित परीक्षा के लिए सभी तैयारियां पूरी कर ले।

### दहेज के मामले में 18 साल से फरार चल रहे तीन आरोपी पीओ गिरफ्तार

**फरीदाबाद।** अपराध शाखा 56 प्रभारी शीशपाल की टीम ने वर्ष 2005 के दहेज के मुकदमे में फरार चल रहे आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस प्रवक्ता सूबे सिंह ने मंगलवार को जानकारी देते हुए बताया कि गिरफ्तार किए गए आरोपियों में बलजीत, राजो बाई उर्फ लाडो तथा गोगा बाई का नाम शामिल है। तीनों आरोपी मध्य प्रदेश के श्योपुर जिले के मेवाड़ा गांव के रहने वाले हैं। अक्टूबर 2005 में आरोपियों के खिलाफ दहेज का मुकदमा दर्ज हुआ था। आरोपी पीड़ित महिला के रिश्ते में ननद और जीजा लगते हैं। मुकदमा दर्ज होते ही आरोपी मौके से फरार हो गए जो पुलिस की गिरफ्त से बचने के लिए जगह बदल बदलकर रहने लगे। आरोपियों को जेएमआईसी श्री पुष्पेंद्र कुमार यादव द्वारा अगस्त 2006 में पीओ घोषित किया गया था। क्राइम ब्रांच की टीम ने मामले में आगे कार्रवाई करते हुए उक्त तीनों आरोपियों को जेसीबी चौक से गिरफ्तार कर लिया। मामले में अन्य आरोपियों की तलाश जारी है जिन्हें जल्द गिरफ्तार किया जाएगा।

### आईपीएल मैच पर सट्टा लगवाते तीन आरोपियों को अपराध शाखा डीएलएफ की टीम ने किया गिरफ्तार



**फरीदाबाद।** पुलिस उपायुक्त अपराध हेमेंद्र कुमार मीणा के द्वारा शहर में अपराधिक गतिविधियो पर अंकुश लगाने के दिए गए दिशा निर्देश के तहत कार्रवाई करते हुए अपराध शाखा डीएलएफ प्रभारी संदीप कुमार की टीम ने आईपीएल मैच में सट्टा लगवाने वाले 3 आरोपियों को गिरफ्तार किया है।

पुलिस प्रवक्ता सूबे सिंह ने बताया कि गिरफ्तार किए गए आरोपियों में मोहित, अंकुर तथा दिनेश का नाम शामिल है। आरोपी मोहित दिल्ली के कालका, अंकुर फरीदाबाद के पल्ला तथा दिनेश चावला कॉलोनी का रहने वाला है। क्राइम ब्रांच की टीम ने गुप्त सूत्रों की सूचना के आधार पर कार्रवाई करते हुए एसएलएफ माल, आईपी कॉलोनी से तीनों आरोपियों को सनराइजर्स हैदराबाद और आरसीबी के बीच खेले जा रहे आईपीएल मैच पर सट्टा लगवाते हुए काबू किया था। आरोपियों के कब्जे से मौके पर 6 मोबाइल फोन, 1 एलइडी टीवी तथा 1 रजिस्टर बरामद किया गया। आरोपियों को सेक्टर 31 थाने लाकर उसके खिलाफ जुआ अधिनियम की धाराओं के तहत मुकदमा दर्ज करके मामले में पूछताछ की गई जिसमें आरोपियों ने बताया कि वह पैसों के लालच में आईपीएल मैच पर सट्टा लगवाते थे। मामले में गहनता से पूछताछ करने के लिए आरोपियों को अदालत में पेश करके पुलिस रिमांड पर लिया जाएगा और मामले में शामिल अन्य आरोपियों की धरपकड़ की जाएगी।

## स्पा सेंटर में चल रहे देहव्यापार का पुलिस ने किया भंडाफोड़, 17 युवतियां बरामद

**गुरुग्राम।** मानेसर थाना पुलिस ने पांच स्पा सेंटरों में एक साथ छापेमारी कर देह-व्यापार का भंडाफोड़ किया।स्पा सेंटर से पुलिस ने 17 युवतियों को रेस्क्यू किया। युवतियां कई महीनों से स्पा सेंटर में रुपये लेकर देहव्यापार का काम कर रही थी। पुलिस ने मानेसर थाने में स्पा सेंटर के पांच मालिकों के खिलाफ मामला दर्ज किया। एक स्पा सेंटर में छापेमारी के दौरान मौजूद मैनेजर को भी गिरफ्तार कर लिया।आरोपी मैनेजर की पहचान मूलरूप से उत्तरप्रदेश के हापुड निवासी ललित कुमार के रूप में हुई है।

सोमवार को स्पेशल ऑफिसर एसीपी मुख्यालय सुशीला के नेतृत्व में पांच टीमों ने एक साथ सेक्टर-दो में स्थित अम्रपाली मॉल और सेक्टर-एक में स्थित मार्केट में स्पा सेंटर में छापेमारी की गई। पांच पुलिसकर्मियों को सिविल ड्रेस में तैयार किया गया और सभी को दो-दो हजार रुपये देकर नकली ग्राहक के रूप में तैयार किया गया। पहले टीम आम्रपाली बिल्डिंग में चल रहे न्यू अरोमा स्पा सेंटर में पहुंचे और वहां पर एक युवती मिली।उसने बताया कि स्पा सेंटर का मालिक शैलेंद्र कुमार है। रुपये लेकर देहव्यापार का काम होता है। स्पा सेंटर से छह लड़किया मिली और चार ग्राहक भी मिले।सिल्की स्पा सेंटर में छापेमारी के दौरान सामने आया कि इसका मालिक पवन है। टीम को सेंटर तीन युवतियां और दो ग्राहक भी मिले।न्यू पैलेस स्पा सेंटर में छापेमारी के दौरान पता चला कि मालिक प्रियांशु चौधरी हैं।यहां से तीन युवतियां और एक ग्राहक मिला।चौथी टीम ने जेड़-ब्लैक स्पा सेंटर में छापेमारी के दौरान सामने आया इसका मालिक पंकज पाल है। छापेमारी के दौरान टीम को सेंटर से सिर्फ एक युवती मिली।पांचवी टीम ने सेक्टर-एक मार्केट में स्थित मैजिक टच नामक सपा सेंटर में छापेमारी की। टीम को स्पा सेंटर में मैनेजर ललित कुमार मिला और पूछताछ में आरोपी ने खुलासा किया कि सेंटर का मालिक कमल उर्फ राजू है।सेंटर से पुलिस को एक अवैध ग्राहक भी मिला। मानेसर थाना प्रभारी वीरेंद्र खत्री ने बताया कि छह महीने से स्पा सेंटर चल रहे थे। यहां पर स्पा के नाम पर देहव्यापार का कारोबार होता था।कई दिनों से मिल रही शिकायतों के बाद छापेमारी की गई।

## दो विद्यालयों में नशे के विरुद्ध जागरूकता कार्यक्रम आयोजित

**फरीदाबाद।** हरियाणा राज्य नारकोटिक्स कण्ट्रोल ब्यूरो के अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक श्री ओ.पी. सिंह साहब के दिशानिर्देशों, पुलिस उप महानिरीक्षक श्री सिमरदीप सिंह के मार्गदर्शन एवं पुलिस अधीक्षक सुश्री नीतिका गहलोत भापुसे एवं पुलिस अधीक्षक सुश्री पंखुरी कुमार के आदेशानुसार फरीदाबाद जिले के शिक्षण संस्थानों में नशे के विरुद्ध विशेष जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। ब्यूरो के जागरूकता कार्यक्रम एवं पुनर्वास प्रभारी उप निरीक्षक डॉ. अशोक कुमार वर्मा निरंतर इस कार्य में जुटे हुए हैं।



आज राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय ओल्ड फरीदाबाद और राजकीय कन्या वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय ओल्ड फरीदाबाद में नशे के विरुद्ध अलग अलग जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए गए। ब्यूरो के जागरूकता कार्यक्रम एवं पुनर्वास प्रभारी/उप निरीक्षक डॉ. अशोक कुमार वर्मा ने दोनों स्थानों पर अलग अलग सम्बोधित करते हुए कहा कि विधि अनुसार भारत में कोई भी व्यक्ति अफीम, भांग, गांजा, चरस, हेरोइन, स्मैक, चिट्टा, एलएसडी, नशीली गोलियां, नशीले टीके आदि न अपने पास रखेगा। न सेवन करेगा। न खरीदेगा और न बेचेगा। उन्होंने वार्तालाप के माधयम से एकत्रित विद्यार्थियों को बताया कि हरियाणा में नारकोटिक्स कन्ट्रोल ब्यूरो का गठन हो चूका है। इस ब्यूरो का एकमात्र उद्देश्य हरियाणा प्रान्त को नशा मुक्त करना है। इसके लिए ब्यूरो और हरियाणा पुलिस नशे की तस्करी में संलिप्त अपराधियों को प्रतिदिन सलाखों के पीछे भेजने का कार्य कर रही है। इतना ही नहीं नशे में ग्रस्त हो चुके लोगों का निशुल्क उपचार कराया जाता है। प्रत्येक ज़िले के सरकारी अस्पताल में नशा मुक्ति केंद्र चल रहे हैं। डॉ. अशोक कुमार वर्मा ने विस्तारपूर्वक नशे के प्रवेश और निगमन बारे लोगों को जागरूक करते हुए कहा कि कोई भी व्यक्ति यह नहीं चाहता कि उसकी संतान किसी भी प्रकार का नशा करे लेकिन नशे के तस्कर युवाओं को नशे का आदि बना रहे हैं। प्रत्येक व्यक्ति का कर्तव्य है कि वह ऐसे दुष्ट लोगों की गुप्त सूचनाएं 9050891508 पर देकर पुलिस का सहयोग करे। उन्होंने कहा गुप्त सूचना देने वाले व्यक्ति का नाम पूर्ण रूप से गुप्त रहेगा। कविताओं और गायन के माध्यम से भी उन्होंने नारी शक्ति को नशे के दुर्गुण गिनवाए। कार्यक्रम के अंत में उन्होंने विद्यार्थियों से जीवन में नशा न करने की सौगंध दिलाई। उन्होंने दोनों स्थानों पर गायन के माध्यम से भी विद्यार्थियों को जागरूक किया।

# बेरुखी छोड़कर किसानों की सुनवाई करे हुकूमत

देविंदर शर्मा



पंजाब और हरियाणा में, जो किसानों के विरोध का केंद्र है, आंदोलित किसान गांवों में सत्ताधारी पार्टी के उम्मीदवारों के प्रवेश को रोक रहे हैं, जिससे भाजपा उम्मीदवारों को वोट मांगने में मुश्किल पैदा हो रही है। वे अक्सर कहते हैं–अगर आपने नई दिल्ली जाने का हमारा रास्ता रोका, तो हम अपने गांवों में आपकी एंट्री रोक देंगे। इतना ही नहीं, हरियाणा में भाजपा के साथ गठबंधन सरकार बनाने वाली जननायक जनता पार्टी (जेजेपी) के पूर्व उपमुख्यमंत्री दुष्यंत चौटाला की माता नैना चौटाला ने किसानों से गुजारिश की कि उन्हें उनके बेटे के गांवों में प्रवेश को नहीं रोकना चाहिए। वहीं उन्होंने किसानों से कहा, भाजपा राज्य और केंद्र दोनों में सत्ता पर काबिज है। इसके अलावा, दुष्यंत ने लगातार कृषक समुदाय की वकालत की है, यहां तक कि हिसार से सांसद के रूप में अपने पिछले कार्यकाल के दौरान भी।' साथ ही नैना चौटाला ने मसले को हल करने के लिए बातचीत में शामिल होने के लिए उनका स्वागत किया। हिसार के नारा, गामरा, खानपुर और सिंधर गांवों में प्रचार करने पहुंचे दुष्यंत चौटाला को किसानों के गुस्से का सामना करना पड़ा। मीडिया रिपोर्टों में कहा गया है कि भाजपा के हिसार से उम्मीदवार रणजीत सिंह चौटाला को किसानों के एक समूह से भिड़ने के बाद एक गांव में एक सभा बीच में ही छोड़नी पड़ी और चुनाव संबंधी एक अन्य कार्यक्रम भी रद्द करना पड़ा। सिरसा से चुनाव लड़ रहे अशोक तंवर को भी अपने प्रचार के दौरान किसानों के गुस्से का सामना करना पड़ा है।

बीजेपी सांसद और रोहतक से उम्मीदवार अरविंद शर्मा को कोसली विधानसभा क्षेत्र के एक गांव से कार्यक्रम छोड़कर जाना पड़ा क्योंकि स्थानीय लोगों ने उनकी बात सुनने से इनकार कर दिया। उनके दौरों के कई वीडियो में दिखाया गया है कि किस तरह से ग्रामीणों ने नेताओं के साथ धक्का-मुक्की और कटाक्ष किये, जिसके बाद तीखी नोकझोंक हुई और कई स्थानों पर उम्मीदवारों को पीछे हटने के लिए मजबूर होना पड़ा। मिसाल के तौर पर, सोनीपत से उम्मीदवार मोहन लाल बडोली को जींद जिले में कुछ स्थानों पर इसी तरह का विरोध झेलना पड़ा। वहीं वीडियो क्लिप से पता चलता है कि कैसे गुस्साए किसानों की रणजीत चौटाला के साथ तीखी बहस हुई। कई नेताओं ने तो ग्रामीण निर्वाचन क्षेत्र के उन गांवों को नजरअंदाज कर दिया जहां उन्हें विरोध होने का डर है। पड़ोसी पंजाब में, भाजपा उम्मीदवार हंस राज हंस को बठिंडा के पास रामपुरा फूल में किसानों की नाराजगी का सामना करना पड़ा। जहां पुलिस ने किसानों को रोकने के लिए बैरियर लगाए थे, वहीं पुलिस के साथ झड़प हो गई। इसी तरह पंजाब के पूर्व मुख्यमंत्री कैप्टन अमरेंद्र सिंह की पत्नी प्रणीत कौर को भी किसानों के विरोध का सामना करना पड़ा। अमेरिका में पूर्व राजदूत तरनजीत सिंह संधू, जो अब अमृतसर सीट से भाजपा उम्मीदवार के रूप में चुनाव लड़ रहे हैं, को भी अपने चुनाव अभियान के दौरान नारेबाजी करने वाले किसानों का सामना करना पड़ा। वास्तव में, समाचार रिपोर्टों में कहा गया है कि किसानों ने करीब 60 गांवों में भाजपा उम्मीदवारों के प्रवेश को रोक दिया है। किसान नेताओं का कहना है कि उन्होंने अपने कार्यकर्ताओं व पदाधिकारियों से उन वायदों के बारे में सवाल करने को कहा है जो अधूरे रह गए। उनका दावा है कि इस तरह के विरोध प्रदर्शन पंजाब, हरियाणा, उत्तर प्रदेश के पश्चिमी हिस्सों और कुछ हद तक राजस्थान में हो रहे हैं। कई गांवों में तो भाजपा प्रत्याशियों के प्रवेश पर प्रतिबंध के बोर्ड लग गए हैं। जहां भाजपा इन विरोध प्रदर्शनों के आयोजन के लिए कांग्रेस और आम आदमी पार्टी यानी आप को जिम्मेदार ठहरा रही है, वहीं आप उम्मीदवारों को भी विरोध का सामना करना पड़ रहा है। फसल में हुए नुकसान का मुआवजा न मिलने पर किसान आम आदमी पार्टी के बठिंडा शहरी विधायक के आवास के बाहर धरने पर बैठ गए। जबकि भाजपा इन विरोध प्रदर्शनों को कमतर आंक रही है, लेकिन उसे चिंता हो रही है कि यहां बन रही खिलाफत की गति यदि इन विरोध प्रदर्शनों को अन्य राज्यों तक फैलाती है, तो क्या यह सत्तारूढ़ पार्टी की जीत की संभावनाओं को रोकने में मददगार बनेगी। किसी भी हालत में, भारती किसान यूनियन (बीकेयू) के विभिन्न गुटों ने, जिन्होंने 2020-21 में नई दिल्ली की सीमाओं पर साल भर चले विरोध प्रदर्शन का नेतृत्व किया था, जिसके परिणामस्वरूप तीन विवादास्पद कृषि कानूनों को वापस लिया गया था, उन्होंने किसानों से उम्मीदवारों का विरोध करने की अपील की है। वे उनके द्वारा उठाए गए विभिन्न मुद्दों के जवाब मांग रहे हैं। संयुक्त किसान मोर्चा (एसकेएम) ने पंजाब के किसानों से भाजपा नेताओं के खिलाफ विरोध प्रदर्शन करने और अन्य राजनीतिक दलों के नेताओं के समक्ष सवाल उठाने की अपील की है। सबको मालूम है कि कृषि क्षेत्र लगातार गहरा रहे खेती के संकट से जूझ रहा है। लेकिन किसानों का गुस्सा काफी हद तक काहिली और निष्ठुरता के परिणामस्वरूप पैदा उदासीनता को लेकर है। हर चुनाव ङ्क चाहे राज्य स्तर पर हो या केंद्र स्तर पर ङ्क किसानों को लुभाने के लिए बहुत सारे वादे किए जाते हैं। साल 2014 में, यह आम तौर पर स्वीकार किया जाता है कि जब नरेंद्र मोदी ने किसानों को न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) की गारंटी देने का वादा किया था, तो किसानों ने भाजपा के पक्ष में भारी मतदान किया था। उन्होंने स्वामीनाथन आयोग द्वारा सुझाए गए एमएसपी नुस्खे का पालन करने की आवश्यकता पर स्पष्ट रूप से बात की थी। लेकिन, किसान यूनियनों का कहना है कि एक बार सत्ता में आने के बाद, सरकार ने वास्तव में सुप्रीम कोर्ट में एक हलफनामा दायर किया था जिसमें कहा गया कि एमएसपी को कानूनी बनाना संभव नहीं है क्योंकि यह बाजारों की व्यवस्था बिगाड़ देगा। जिस तरह से तीन कथित 'काले' कृषि कानून पेश किए गए और फिर संसद के जरिये पारित किए गए, उससे भी किसान समुदाय नाराज है। लंबे समय तक चले विरोध के बाद आखिरकार कानूनों को वापस ले लिया गया। लेकिन अभी भी पिछले दरवाजे से इन कानूनों को वापस लाने की कोशिश की जा रही है। इससे भी बदतर, नई दिल्ली तक किसानों के मार्च को रोकने के लिए हाईवे की किलेबंदी के हालिया प्रयास, और आंदोलनकारी किसानों पर आंसू गैस के गोले फेंकने के लिए ड्रोन का इस्तेमाल करने से किसानों की पीड़ा बढ़ गयी है। गांवों में नेताओं की एंट्री रोककर किसान समूहों द्वारा की गयी प्रतिक्रिया उनके साथ हो रहे अनुचित व्यवहार पर बढ़ते आक्रोश का प्रतिबिंब है। जबकि चुनाव प्रचार अभियान के लिए आने वाले उम्मीदवारों से सवाल करना एक वैध लोकतांत्रिक तरीका है लेकिन इसके लिए बलप्रयोग का निश्चित तौर पर समर्थन नहीं करना चाहिये। किसानों को ही अकेले दोषी नहीं ठहराया जा सकता है जब सरकार ने भी जुलूस के रूप में नयी दिल्ली जा रहे किसानों के रास्ते में बैरिकेड लगा दिये थे। यह केवल भारत में ही है कि किसानों को हरियाणा के बॉर्डर्स पर बलपूर्वक रोका गया जबकि यूरोप के 24 देशों में आंदोलनरत किसानों को राजधानियों तक बिना किसी रोक-टोक जाने की अनुमति दी गयी। किसानों द्वारा आधिकारिक इमारतों पर खाद बिखेरने और हाईवे पर कीचड़ डालने के बावजूद किसी जगह उन पर पुलिस बर्बरता करती नजर नहीं आई। यहां तक कि यूरोप में देश के प्रमुख भी आंदोलनकारी किसानों से मिले और सार्वजनिक तौर पर कहा कि किसानों को प्रदर्शन का अधिकार है, सुने जाने का हक है। यूरोपियन कमीशन ने असके उपरांत उन पर्यावरणीय नियमों में बदलाव किये जिनके किसान खास तौर से खफा थे। फ्रांस समेत कई देश किसानों को न्यूनतम कीमत प्रदान कराने की संभावनाएं जांच रहे हैं जिससे नीचे कोई लेन-देन नहीं होगा। भारत में भी किसानों की सुनवाई करने की आवश्यकता है। केवल किसान समुदाय के विरोध में मौजूद राजनीतिक उदासीनता की वजह से उनसे फासला बनाकर नहीं रखा जा सकता है। किसान एक गारंटीशुदा न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) की मांग कर रहे हैं और ऐसा करने के लिए एक मैकेनिज्म विकसित करने की जरूरत है। आखिरकार, कितनी देर तक हम किसानों को संरचना के निचले तल पर रख सकते हैं।

जांच से जुड़े सीबीआई अधिकारियों के अनुसार एजेंसी की गिरफ्त में आए आरोपी बच्चों को गोद लेने से संबंधित फर्जी दस्तावेज तैयार कराते थे। आरोपी कई निसंतान दंपतियों से लाखों रुपए की ठगी करने में भी संलिप्त हैं। इस गिरोह के तार कहां-कहां हैं इसकी भी कड़ियां जोड़ी जा रही हैं। यह गिरोह आईवीएफ के माध्यम से युवतियों को गर्भधारण कराता था फिर इन शिशुओं को बेचता था। गरीब माता-पिता से भी बच्चे खरीदे जाते थे। बच्चों की खरीद-फरोख्त और बच्चों की तस्करी एक ऐसी समस्या है जिस पर तभी ध्यान जाता है जब कोई सनसनीखेज खबर सामने आती है। अर्थ की अंधी दौड़ में इंसान कितने क्रूर एवं अमानवीय घटनाओं को अंजाम देने लगा है कि चेहरे ही नहीं चरित्र तक अपनी पहचान खोने लगे हैं। नीति एवं निष्ठा के केन्द्र बदलने लगे हैं। मानवीयता एवं नैतिकता की नींव कमजोर होने लगी है। आदमी इतना खुदगर्ज बन जाता है कि उसकी सारी संवेदनाएं सूख जाती है। बाल तस्करी के खिलाफ कई सख्त कानूनी प्रावधानों के बावजूद भारत में यह समस्या नासूर बनती जा रही है। नवजात बच्चे चुराने वाले गिरोह के पर्दाफाश से फिर यह तथ्य उभरा है कि बच्चों के भविष्य से खिलवाड़ करने वालों में कानून का कोई खौफ नहीं है। बच्चों की तस्करी पर भारी जुर्माने के साथ उम्रकैद तक का प्रावधान होने के बावजूद यह कड़वी हकीकत है कि ऐसे दस फीसदी से भी कम मामले दोषियों को सजा तक पहुंच पाते हैं। मुकदमों की पैरवी सही तरीके से नहीं होने के कारण अपराधी बच निकलते हैं और वे फिर बाल तस्करी एवं बच्चों की खरीद-फरोशत में लिप्त हो जाते हैं।

# कानूनी सख्ती के बावजूद क्यों पनप रही है बाल-तस्करी

ललित गर्ग



देश की राजधानी दिल्ली में तमाम जांच एजेंसियों की नाक के नीचे नवजात बच्चों की खरीद-फरोशत की मंडी चल रही थी जहां दूधमुंहे एवं मासूम बच्चों को खरीदने-बेचने का धंधा चल रहा था। दिल्ली की 'बच्चा मंडी' के शर्मनाक एवं खौफनाक घटनाक्रम का पर्दापाश होना, अमानवीतया एवं संवेदनहीनता की चरम पराकाष्ठा है। जिसने अनेक ज्वलंत सवालों को खड़ा किया है। आखिर मनुष्य क्यों बन रहा है इतना क्रूर, अनैतिक एवं अमानवीय? सचमुच पैसे का नशा जब, जहां, जिसके भी सर चढ़ता है वह इंसान शैतान बन जाता है। दिल्ली के केशवपुरम इलाके में केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) ने छापेमारी कर ऐसे ही शैतानों के कुकृत्यों का भंडाफोड किया और एक महिला समेत सात लोगों को रंगेहाथ गिरफ्तार किया, इसके साथ ही तीन नवजात शिशुओं को उनके चंगुल से बचाया। आरोपियों में एक अस्सिटेंट लेबर कमिश्नर को इस धंधे का मास्टर माइंड माना जा रहा है। न केवल दिल्ली वालों के लिए बल्कि देशवासियों के लिए यह खबर चिंता पैदा करने वाली ही नहीं है, बल्कि खौफ पैदा करने वाली भी है। दिल दहाले देने वाली इस घटना में सीबीआई की अब तक की जांच से पता चला है कि आरोपी फेसबुक पेज और व्हाट्सएप ग्रुप जैसे सोशल मीडिया प्लेटफार्म पर विज्ञापन के माध्यम से बच्चे गोद लेने के इच्छुक निसंतान दंपतियों से जुड़ते थे। आरोपी कथित तौर पर वास्तविक माता-पिता के साथ-साथ सेरोगेट माताओं से भी नवजात बच्चे खरीदते थे। इन नवजात बच्चों को चार से छह लाख रुपए में बेच दिया जाता था। जांच से जुड़े सीबीआई अधिकारियों के अनुसार एजेंसी की गिरफ्त में आए आरोपी बच्चों को गोद लेने से संबंधित फर्जी दस्तावेज तैयार कराते थे। आरोपी कई निसंतान दंपतियों से लाखों रुपए की ठगी करने में भी संलिप्त हैं। इस गिरोह के तार कहां-कहां हैं इसकी भी कड़ियां जोड़ी जा रही हैं। यह गिरोह आईवीएफ के माध्यम से युवतियों को गर्भधारण कराता था फिर इन शिशुओं को बेचता था। गरीब माता-पिता से भी बच्चे खरीदे जाते थे। बच्चों की खरीद-फरोख्त और बच्चों की तस्करी एक ऐसी समस्या है जिस पर तभी ध्यान जाता है जब कोई सनसनीखेज खबर सामने आती है। अर्थ की अंधी दौड़ में इंसान कितने क्रूर एवं अमानवीय घटनाओं को अंजाम देने लगा है कि चेहरे ही नहीं चरित्र तक अपनी पहचान खोने लगे हैं। नीति एवं निष्ठा के केन्द्र बदलने लगे हैं। मानवीयता एवं नैतिकता की नींव कमजोर होने लगी है। आदमी इतना खुदगर्ज बन जाता है कि उसकी सारी संवेदनाएं सूख जाती है। बाल तस्करी के खिलाफ कई सख्त कानूनी प्रावधानों के बावजूद भारत में यह समस्या नासूर बनती जा रही है। नवजात बच्चे चुराने वाले गिरोह के पर्दाफाश से फिर यह तथ्य उभरा है कि बच्चों के भविष्य से खिलवाड़ करने वालों में कानून का कोई खौफ नहीं है। बच्चों की तस्करी पर भारी जुर्माने के साथ उम्रकैद तक का प्रावधान होने के बावजूद यह कड़वी हकीकत है कि ऐसे दस फीसदी से भी कम मामले दोषियों को सजा तक पहुंच पाते हैं। मुकदमों की पैरवी सही तरीके से नहीं होने के कारण अपराधी बच निकलते हैं और वे फिर बाल तस्करी एवं बच्चों की खरीद-फरोशत में लिप्त हो जाते हैं। बाल तस्करी एवं बच्चों की खरीद-फरोशत के अनेक कारण हैं। निसंतान दंपतियों द्वारा बच्चों को खरीदना एकमात्र कारण नहीं है बल्कि गरीबी, अशिक्षा, आर्थिक विषमता, सुविधावादी जीवनशैली, भौतिकवाद, बच्चों की अधिक संख्या, बेरोजगारी भी बड़ा कारण है। पैसे की अपसंस्कृति ने अपराधों को अनियंत्रित किया है। पैसे कमाने के लिए कई लोग बाल तस्करी एवं बच्चों की खरीद-फरोशत के व्यापार में लग गए हैं। वो गरीब लोगों को बहकाकर उनके बच्चों को काम दिलवाने का झांसा देकर शहर ले जाते हैं फिर शहर में जाकर उन बच्चों को बेचा जाता है फिर शुरू होता है बच्चों के शोषण का अंतहीन सिलसिला। जो बच्चे खो जाते हैं उनको अपराधी अगवा कर बेच देते हैं। लड़कियों को देह व्यापार के लिए विवश किया जाता है। हजारों बच्चों को फैक्ट्रियों में बंधुआ मजदूर बना दिया जाता है। 16-16 घंटे काम कराके इन को भर पेट खाना भी नसीब नहीं होता। इन सब कारणों से देश का बचपन कराह रहा है।

देश में युवाओं के एक वर्ग की सोच में बदलाव भी परोक्ष रूप से बाल-तस्करी को बढ़ावा दे रहा है। एक सर्वे में खुलासा हुआ था कि भारत के नौ फीसदी युवा शादी तो करना चाहते हैं लेकिन बच्चे नहीं पैदा करना चाहते। संतान सुख के लिए उन्हें बच्चे खरीदने से परहेज नहीं है। हैरत की बात यह है कि देश के ढाई करोड़ से ज्यादा अनाथ बच्चों में से किसी को गोद लेने का विकल्प होने के बावजूद ऐसे युवा कई बार बाल तस्करी करने वालों से संपर्क तक साध लेते हैं। बाल-तस्करी भारत की एक उभरती एवं ज्वलंत समस्या है। यह केवल भारत की ही नहीं, दुनिया की बड़ी समस्या है। पिछले साल एक एनजीओ की रिपोर्ट में बताया गया था कि 2016 से 2022 के बीच बाल तस्करी के सबसे ज्यादा मामले उत्तर प्रदेश में दर्ज किए गए, जबकि आंध्र प्रदेश और बिहार क्रमशः दूसरे, तीसरे नंबर पर थे। इस अवधि में मध्य प्रदेश, गुजरात, पश्चिम बंगाल, ओडिशा और तेलंगाना में भी कई मामले दर्ज हुए। कोरोना काल के बाद दिल्ली में बाल तस्करी के मामलों में 68 फीसदी की वृद्धि दर्ज की गई थी। यह भी देखने में आया कि जिलों की बाल तस्करी से जुड़े मामलों में जयपुर पहले स्थान पर रहा। पिछले साल संसद में पेश राष्ट्रीय अपराध रिकॉर्ड ब्यूरो (एनसीआरबी) की रिपोर्ट के मुताबिक देश में 2021 में हर दिन औसतन आठ बच्चों की तस्करी हुई। देश के ही भीतर यह तस्करी होती है लेकिन संगठित गिरोह कुछ बच्चों की खाड़ी और दक्षिण-पूर्व एशियाई देशों में भी तस्करी करते हैं। एनसीआरबी के मुताबिक 2019 से 2021 के बीच देश में 18 साल से कम उम्र की 2.51 लाख लड़कियां लापता हुई। इनमें से ज्यादातर मध्य प्रदेश, पश्चिम बंगाल, महाराष्ट्र, छत्तीसगढ़ और ओडिशा की थी। बचपन अगर बाल तस्करी के बीच फंसकर रह जाए तो बच्चा अपने बचपन, क्षमता और मानवीय गरिमा के साथ-साथ शारीरिक और मानसिक विकास से भी वंचित रह जाता है। गौरतलब है कि बच्चों के घरेलू काम, विभिन्न क्षेत्रों में बाल श्रम, भीख मांगना, अंग तस्करी और व्यावसायिक यौनकर्म जैसी अवैध गतिविधियां बाल तस्करी की कोख से ही जन्म लेती हैं। सरकार और समाज को इससे मिलकर निपटना होगा। इस समस्या की जड़ में गरीबी भी है। इसे ध्यान में रखते हुए ऐसी व्यावहारिक और ठोस नीति बनाई जानी चाहिए कि बाल तस्करी के समूल उन्मूलन की जमीन तैयार हो सके। इसे देश की विडंबना कहें या दुर्भाग्य कि आज बहुत से अजन्मे मासूम तो मां के गर्भ में आते ही जीवन-मृत्यु से जूझने लगते हैं। जन्म लेने के बाद इस देश में बच्चों को बेच दिया जाता है या ऐसे बच्चों का एक बहुत बड़ा वर्ग चौराहों, रेलवे स्टेशन, गली-मोहल्ले में भीख मांगता मिल जाएगा। बहुत सारे बच्चों का बचपन होटलों पर काम करते या जूठे बर्तन धोते हुए या फिर काल कोठरियों में जीवन बिताते हुए कट जाता है। यों भी कह सकते हैं कि उनका जीवन आज अंधेरे में कट रहा है, दुनिया की तीसरी आर्थिक महाशक्ति बनने की ओर अग्रसर भारत का बचपन आर्थिक कारणों से घायल है। बच्चे को बेचे और खरीदे जाने में जितने लोग, जिस तरह शामिल होते थे, वह नये बनते भारत के भाल पर एक बदनुमा दाग है। क्यों कानून का डर ऐसे अपराधियों को नहीं होता? क्यों सरकारी एजेंसियों की सख्ती भी काम नहीं आ रही है और लगातार ऐसी घटनाएं बढ़ती जा रही हैं। यहां प्रश्न कार्रवाई का नहीं है, प्रश्न है कि ऐसी विकृत एवं अमानवीय सोच क्यों पनप रही है?

## विचार

# उलझे समीकरणों के बीच संभव नहीं कामयाबी दोहराना

डॉ. यश गोयल

राजस्थान में आसन्न लोकसभा चुनावों में भले राजनीतिक दल अपने-अपने दावे कर रहे हों, लेकिन स्थितियां पिछले आम चुनाव जैसी नहीं हैं। वह बात अलग है कि 2014 और 2019 में सभी 25 सीटों पर भाजपा ने कामयाबी हासिल की थी। एक तरफ भाजपा राज्य में हैट्रिक बनाने की पूरी कोशिश कर रही है लेकिन चुनावी मैदान में उसकी राह पहले जितनी आसान भी नहीं है। ?इस बार 25 लोकसभा सीटों में से बारह पर आमने-सामने का चुनावी मुकाबला कांटे का होता नजर जा रहा है। राज्य की 12 सीटों पर पहले चरण का मतदान 19 अप्रैल को और 13 सीटों पर दूसरे चरण का मतदान 26 अप्रैल को होना है। भाजपा के स्टार प्रचारक अपना मुख्य लक्ष्य राज्य के चार केंद्रीय मंत्रियों भूपेन्द्र यादव, अलवर, बाड़मेर में कैलाश चौधरी, जोधपुर में गजेंद्र सिंह शेखावत, बीकानेर में अर्जुन राम मेघवाल और कोटा-बूंदी लोकसभा क्षेत्रों में स्पीकर ओम बिरला पर केंद्रित कर रहे हैं। इसके अलावा 25 में से 12 सीटों पर भाजपा और कांग्रेस के शीर्ष नेताओं की प्रतिष्ठा दांव पर है। ये सीटें हैं बांसवाड़ा, झुंझुनू, टोंक-सवाईमाधोपुर, बाड़मेर, नागौर, कोटा-बूंदी, जालौर, सीकर, दौसा, चूरू, अलवर और जयपुर। बांसवाड़ा लोकसभा सीट पर कांग्रेस असमंजस में है क्योंकि उसके उम्मीदवार अरविंद डामोर ने इंडिया ब्लॉक के भारतीय आदिवासी पार्टी (बीएपी) के उम्मीदवार व राजस्थान में मौजूदा विधायक राजकुमार रोत के समर्थन में अपना नामांकन पत्र वापस नहीं लिया। कांग्रेस और बीएपी दोनों पूरी तरह असमंजस में हैं कि क्या इंडिया गठबंधन के मानदंडों का पालन किया जाए या स्वतंत्र रूप से चुनाव लड़ा जाए। भाजपा बाड़मेर, झुंझुनू, चूरू, नागौर और कोटा लोकसभा निर्वाचन क्षेत्रों में मुश्किल स्थिति में है, जहां पार्टी को अपने पार्टी प्रतिद्वंद्वियों के खिलाफ कड़ी टक्कर का सामना करना पड़ रहा है।

लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला के लिए कोटा-बूंदी सीट पर हैट्रिक लगाना आसान नहीं होगा। हाल ही में कांग्रेस पार्टी में शामिल हुए भाजपा के वरिष्ठ नेता प्रहलाद गुंजल के पास बहुमत के साथ गुर्जर, मीना और अल्पसंख्यक वोट हैं। उन्होंने भाजपा कार्यकर्ताओं के अंदरूनी समर्थन द्वारा बिरला की बेचैनी बढ़ा दी है। इसी तरह चूरू में भी भाजपा की चुनावी लड़ाई कठिन राह पर है क्योंकि भाजपा के सांसद राहुल कांसवा, जिन्हें पार्टी का टिकट नहीं मिला, कांग्रेस पार्टी में शामिल हो गए। वे पैरा-ओलंपियन देवेंद्र झाझरिया को चुनौती दे रहे हैं। भाजपा के पूर्व मंत्री राजेंद्र राठौड़, जो चूरू जिले से थे, पिछले साल विधानसभा चुनाव हार गए, उन्हें इस सीट के लिए उम्मीदवार नहीं माना गया था। उनकी इस सीट पर बड़ी निर्णायक भूमिका होगी। नागौर लोकसभा सीट एक अन्य प्रमुख निर्वाचन क्षेत्र है, जहां भाजपा के पूर्व गठबंधन सहयोगी राष्ट्रीय लोकतांत्रिक पार्टी के हनुमान बेनीवाल, जो अब इंडिया ब्लॉक पार्टनर बन गए हैं, भाजपा की ज्योति मिर्धा, जो कांग्रेस से भाजपा में आई हैं, के लिए कड़ा चुनाव प्रचार कर रहे हैं। कांग्रेस से टिकट की उम्मीद कर रहे निर्दलीय उम्मीदवार रवींद्र सिंह भाटी ने केंद्रीय मंत्री कैलाश चौधरी (भाजपा) और कांग्रेस के उमेदाराम बेनीवाल के साथ बाड़मेर लोकसभा सीट को त्रिकोणीय बना दिया है। भाजपा के प्रमुख संत सुमेधानंद सरस्वती सीकर निर्वाचन क्षेत्र में सीपीआई-एम के इंडिया ब्लॉक पार्टनर अमराराम, जो कांग्रेस के खुले समर्थन वाले किसान नेता हैं और आसपास के जिलों श्रीगंगानगर और हनुमागढ़ के साथियों के खिलाफ कड़ा चुनावी अभियान चला रहे हैं। कांग्रेस के पूर्व मुख्यमंत्री अशोक गहलोत अपने बेटे वैभव गहलोत के लिए पिछले एक महीने से राजस्थान के पश्चिमी जिलों में चुनाव प्रचार कर रहे हैं, जो जालोर सीट पर भाजपा के नए आरएसएस प्रमुख लुंबा राम चौधरी के खिलाफ चुनाव लड़ रहे हैं। वर्ष 2019 के लोकसभा चुनाव में वैभव जोधपुर लोकसभा सीट पर भाजपा के गजेंद्र सिंह शेखावत, जो अब केंद्रीय मंत्री हैं, से 4 लाख वोटों के भारी अंतर से हार गए थे। भाजपा की जयपुर-शहर सीट भाजपा के पूर्व मंत्री भंवर लाल शर्मा की बेटी मंजू शर्मा के लिए आसान नहीं है। कांग्रेस के पूर्व मंत्री और कद्दावर युवा नेता प्रताप सिंह खाचरियावास रोजाना सड़कों और शहर में घूम-घूमकर चुनाव प्रचार कर रहे हैं। मौजूदा सांसद बालक नाथ की जगह लेने वाले केंद्रीय मंत्री और राज्यसभा सांसद भूपेन्द्र यादव, कांग्रेस के मौजूदा विधायक ललित यादव के साथ आमने-सामने की लड़ाई में हैं, जो अलवर जिले के मत्स्य क्षेत्र से हैं और उन्हें यादव समुदाय का खुला समर्थन प्राप्त है। चुनावी पेचीदगियों के चलते भाजपा उम्मीदवार या तो मोदी के चेहरे या कमल के निशान पर अपनी सीटें जीतने की उम्मीद कर रहे हैं।

## एक नजर

### यूपीएससी सिविल सेवा परीक्षा में बांका के अपूर्व आनंद को मिला 163वां रैंक



**पटना,एजेंसी।** यूपीएससी सिविल सेवा परीक्षा- 2023 का फाइनल रिजल्ट मंगलवार को जारी हो गया है। इस परीक्षा में बिहार के बांका जिले के अमरपुर प्रखंड के भिखनपुर गांव के एक किसान के पुत्र ने अपने तीसरे प्रयास में यूपीएससी परीक्षा में 163वां रैंक लाया है। भिखनपुर गांव निवासी ओमनारायण शर्मा का पुत्र अपूर्व आनंद बचपन से ही पढाई में मेधावी छात्र था। उन्होने मैट्रिक बोर्ड की परीक्षा 2013 में डीएवी पब्लिक स्कूल देवघर से उत्तीर्ण किया। जबकि आगे की डिग्री आई आईटी कानपुर से पूरी की। इसके बाद अपूर्व आनंद ने 32 लाख की पैकेज पर गोल्ड मेन कंपनी में दो वर्षो तक काम किया। बचपन से ही कुछ अलग हटकर समाज की सेवा करने की जिद के कारण वह कोविड काल में अपने घर भिखनपुर आ गया और ऑनलाइन यूपीएससी की तैयारी में जुट गया। तीसरे प्रयास में ही उन्हें सफलता हाथ लगी और वह यूपीएससी की परीक्षा में 163 वां रैंक लाकर यह साबित कर दिया को अगर हौसले हो बुलंद तो आँधियो में चिराग जलते हैं। अपूर्व आनंद ने सफलता का श्रेय अपनी मां शबनम शर्मा एवं बड़े पिताजी श्रीनारायण शर्मा को दिया। अपूर्व आनंद के बड़े पिताजी श्रीनारायण शर्मा सलिल ने बताया कि अपूर्व के पिता उनके छोटे भाई ओमनारायण शर्मा एक सफल किसान के साथ -साथ एक अच्छे पिता थे। उन्होंने बचपन से ही अपने बच्चों को अनुशासन में रहना सिखाया। 2015 में उनकी मौत के बाद पूरा परिवार बिखराव की स्थिति में आ गया। अपूर्व आनंद की बड़ी बहन नुपुर शर्मा शादी के बाद बैंगलौर में उच्च पद पर जॉब कर रही है जबकि छोटी बहन मधु शर्मा बम्बई के बैंक ऑफ अमेरिका में उच्च पद पर कार्यरत है।

### रक्सौल से आनंद विहार के लिए चलेगी समर स्पेशल ट्रेन



**पूर्वी चंपारण,एजेंसी।** पूर्व मध्य रेलवे ने गर्मी की छुट्टी को लेकर यात्रियों को बड़ी राहत दी है।गर्मी छुट्टी और शादी विवाह को लेकर रेल में बढ़ती भीड़ को देखते हुए रेलवे स्पेशल ट्रेन चलाने जा रही है। यह स्पेशल ट्रेन रक्सौल से चलेगी जो नरकटियागंज, बगहा होते हुए आनंद विहार तक जाएगी। इसको लेकर रेलवे ने सभी तैयारी पूरी कर ली है। रेलवे के मुख्य जनसंपर्क अधिकारी वीरेन्द्र कुमार के अनुसार ग्रीष्मकालीन स्पेशल ट्रेन रक्सौल से आनंद विहार के बीच 11 ट्रीप चलेगी,जिसकी बुकिंग शुरू कर दी गई है। रक्सौल से आनंद विहार स्पेशल ट्रेन संख्या 05531 और 05532 28 अप्रैल से 30 जून 2024 तक (रविवार को) रक्सौल और आनंद विहार से 29 अप्रैल से 01 जुलाई 2024 तक (प्रत्येक सोमवार को) चलेगी। रक्सौल से खुलने के बाद यह गाड़ी सुगौली, बेतिया, नरकटियागंज, बगहा, गोरखपुर, बस्ती, गोण्डा, सीतापुर, मुरादाबाद, गाजियाबाद होते आनन्द विहार टर्मिनल पहुचेगी। इस ट्रेन के परिचालन से यात्रियों को काफी सहूलियत मिलेगी।रेलवे के द्धारा इस स्पेशल ट्रेन की घोषणा से यात्रियो ने प्रसन्नता जाहिर करते कहा है,कि रक्सौल से सत्याग्रह एक्सप्रेस के साथ एक स्पेशल ट्रेन मिलने से लोगो को काफी सहुलियत होगी।दिल्ली और यूपी जाने वाले लोगो के साथ ही शादी विवाह व गर्मियो की छुट्टी में बाहर जाने वाले लोगो को काफी सहूलियत मिलेगा।

### एसबीआई से पैसे निकालकर घर जा रहे किसान से 50 हजार की छिनतई

**अररिया।** फारबिसगंज थाना क्षेत्र के फारबिसगंज ढोलबज्जा मार्ग में किरकिचिया के पूर्व मुखिया परमानंद यादव के घर के पास बाइक पर सवार दो युवकों ने मंगलवार को किसान से 50 हजार रुपये की छिनतई कर ली। रुपैया का झोला छीनने के क्रम में किसान जमीन पर गिर गया और घायल हो गया। पीड़ित किसान किरकिचिया पंचायत के महेशमुढ़ी वार्ड संख्या आठ का रहने वाला 55 वर्षीय सोहेंद्र यादव पिता-स्व.शिबू यादव है। वह भारतीय स्टेट बैंक के मुख्य शाखा एस स्पेस निकालकर साइकिल से घर की ओर जा रहा था। घटना को लेकर पीड़ित किसान सोहेंद्र यादव ने बताया कि एसबीआई मुख्य शाखा से 50 हजार रुपये निकालकर साइकिल से झोला में पैसे को रखकर घर जा रहा था। घर जाने के क्रम में ढोलबज्जा मार्ग में पूर्व मुखिया परमानंद यादव के घर के पास अपाची मोटरसाइकिल पर सवार दो युवक पहले उनसे आगे निकल गया और फिर पीछे आकर उनको कहा कि रास्ते में उनका पैसा गिर गया है। सड़क पर पांच दस रूपये गिरा हुआ था,जिसे उठाने के लिए ज्योंहि वह उतरा तो बाइक पर सवार दोनों बदमाश उनके झोले पर झपट्टा मारकर भागने लगा,जिसे इन्होंने झोला के साथ पकड़ लिया। जिस क्रम में वह नीचे गिर गया और घायल भी हो गया। उन्होंने बताया कि झोला में पैसों के अलावे आधार कार्ड, पैन कार्ड,बैंक का पासबुक और जमीन का केवाला था।

# संकल्प सभा में डिप्टी सीएम सम्राट चौधरी ने माफियाओं को दी चुनौती

**अररिया,एजेंसी।** अररिया में भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष एवं बिहार के डिप्टी सीएम सम्राट चौधरी ने माफियाओं को बिहार से बाहर और बांग्लादेशियों को देश से बाहर भेजने की हुंकार भरी। सम्राट चौधरी अररिया में भाजपा उम्मीदवार प्रदीप कुमार सिंह के नामांकन सह संकल्प सभा में भाग लेने के लिए लोजपा रामविलास के राष्ट्रीय अध्यक्ष चिराग पासवान,लोक मोर्चा के राष्ट्रीय अध्यक्ष उपेंद्र कुशवाहा और जदयू नेता मंत्री रामनाथ ठाकुर के साथ पहुंचे थे। शिवपुरी वार्ड संख्या नौ स्थित मैदान में जनसभा के दौरान सम्राट चौधरी ने जमीन माफिया,बालू माफिया एवं अन्य माफियाओं को कड़ी चेतावनी दी। साथ ही उन्होंने बांग्लादेशी को भी बिहार और भारत से बाहर खदेड़ने की बात कही। उन्होंने सावन माह के दौरान राहुल गांधी के मटन और नवरात्रा के दौरान हेलीकॉप्टर में तेजस्वी प्रसाद और मुकेश सहनी के द्वारा मछली खाए जाने पर चुटकी लेते हुए विपक्षियों को सनातन विरोधी और भगवान राम को नहीं मानने वाला बताया।



लोक जनशक्ति पार्टी रामविलास के राष्ट्रीय अध्यक्ष चिराग पासवान ने बिहार के लंबे समय तक पिछड़ेपन का मुख्य कारण बिहार और केन्द्र में अलग अलग सरकार के होने का कारण बताया। उन्होंने कहा कि बिहार में डबल इंजन की सरकार अब है और बिहार में विकास को कोई रोक नहीं सकता। उन्होंने उत्तरप्रदेश के तीव्र गति से विकास होने के पीछे केंद्र और राज्य में डबल इंजन की सरकार होना बताया।उन्होंने दावा किया कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भारत अर्थव्यवस्था के मामले में विश्व में पांचवीं सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था में शामिल हुआ। अपने संबोधन में उन्होंने कहा कि 10 सालों के दौरान भारत में 25 करोड़ परिवार गरीबी रेखा से बाहर निकले हैं।उन्होंने प्रधानमंत्री गरीब जन कल्याण अन्न योजना को विश्व की सबसे बड़ी योजना करार दिया। सभा में पूर्व डिप्टी सीएम तारकिशोर प्रसाद,सिकटी विधायक विजय कुमार मंडल, फारबिसगंज विधायक विद्यासागर केशरी, नरपतगंज विधायक जय प्रकाश यादव, रानीगंज विधायक अचमीत ऋषिदेव समेत राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन घटक दलों के सभी जिला पदाधिकारी समेत भारी संख्या में लोग मौजूद थे। संकल्प सभा में उपस्थित राज्यसभा सांसद रामनाथ ठाकुर ने कहा कि जिस संकल्प और उम्मीद के साथ पिछली बार आप अररिया की जनता ने कमल के बटन दबाकर प्रदीप कुमार सिंह को जिताकर प्रधानमंत्री मोदी जी का हाथ मजबूत किया और इन्हें सदन में भेजा। उसी प्रकार आज आपलोगों से आग्रह करने आया हूं की इस बार पुन: अररिया से प्रदीप कुमार सिंह को जिताकर प्रधानमंत्री मोदी जी हाथ मजबूत करें और विकसित अररिया निर्माण के संकल्पों को साकार करें। राष्ट्रीय लोक मोर्चा के अध्यक्ष उपेन्द्र कुशवाहा ने कहा की आपलोगों की भीड़ और उत्साह इस बात का प्रमाण है कि अररिया के लोगों ने प्रदीप कुमार सिंह को पुन: अपना सांसद बनाने का ठान लिया है। किसी को भी चिंता करने की जरूरत नहीं है हमारे प्रधानमंत्री मोदी जी को आप सभी की चिंता है। नामांकन सभा का मंच संचालन भाजपा जिलाध्यक्ष आदित्यनारायण झा कर रहे थे। इसके अतिरिक्त भाजपा के पूर्व जिला अध्यक्ष संतोष सुराना, जदयू जिलाध्यक्ष आशीष पटेल, लोजपा (रा) जिलाध्यक्ष रणधीर पासवान, राष्ट्रीय लोकमोर्चा के जिलाध्यक्ष विकास मेहता, हम के जिलाध्यक्ष विष्णु ऋषिदेव, नरपतगंज के पूर्व विधायक देवयन्ती यादव, रानीगंज पूर्व विधायक परमानन्द ऋषिदेव, अररिया विधानसभा के पूर्व उम्मीदवार अजय कुमार झा, पूर्व जिलाध्यक्ष आलोक भगत, जदयू के प्रदेश सचिव रमेश राम, जदयू महिला मोर्चा के प्रदेश उपाध्यक्ष सुचित देवी, पूर्व जिलाध्यक्ष नारायण झा, जोकीहाट के पूर्व प्रत्याशी रंजीत यादव समेत सैकड़ों की संख्या में राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन घटक दलों के प्रादेशिक व जिला सांगठनिक पदाधिकारी मौजूद थे।

## नवरात्रि के आठवें दिन महाकाल मंदिर में हुई माता महागौरी की पूजा

श्वेते वृषेसमारूढा श्वेताम्बरधरा शुचिः।
महागौरी शुभं दद्यान्महादेव प्रमोददा॥
ओंकारः पातु शीर्षो मां, हीं बीजं मां, हृदयो।
क्लीं बीजं सदापातु नभो गृहो च पादयो॥
ललाटं कर्णो हुं बीजं पातु महागौरी मां नेत्रं घ्राणो।
कपोत चिबुको फट् पातु स्वाहा मा सर्ववदनो॥

**किशनगंज,एजेंसी।** चैत्र नवरात्र का आठवां दिन मां दुर्गा के आठवें स्वरूप महागौरी की पूजा गई। महाकाल मंदिर के पुरोहित गुरु साकेत ने बताया कि मां महागौरी का राहु ग्रह पर नियंत्रण है। राहु दोष से निवारण के लिए इनकी पूजा आवश्यक है। महागौरी की आराधना से असंभव कार्य भी संभव हो जाते हैं और समस्त दुखों का नाश होता है। उन्होंने बताया कि माता महागौरी धन-वैभव की देवी है। नवरात्रि के आठवें दिन महा अष्टमी मनाई जाती है। महाअष्टमी के दिन मां महागौरी की पूजा की जाती है, इस बार चैत्र शुक्ल की अष्टमी तिथि 15 अप्रैल दोपहर 12 बजकर 11 मिनट से शुरू होगी और 16 अप्रैल को दोपहर एक बजकर 23 मिनट पर समाप्त होगी। शहर के अनुसार समय में थोड़ा बहुत अंतर हो सकता है। उन्होंने बताया कि चैत्र शुक्ल की नवमी तिथि 16 अप्रैल को दोपहर 01 बजकर 23 मिनट से शुरू होकर 17 अप्रैल को दोपहर 3 बजकर 14 मिनट तक रहेगी।

मां दुर्गा के आठवें स्वरूप महागौरी को मोगरे का फूल अति प्रिय है। इस दिन मां के चरणों में मोगरे के फूल को अर्पित करना शुभ माना गया है। इसलिए हो सके तो माता को मोगरे के फूलों से बनी माला अर्पित करें। इसके साथ ही मां को नारियल की बर्फी और लड्डू अवश्य चढ़ाएं। क्योंकि मां का प्रिय भोग नारियल माना गया है। गुरु साकेत ने बताया कि माता गौरी की पूजा में 16 चीजें जैसे फल, फूल, सुपारी, पान, लड्डू, मिठाई, 16 चूड़ी, 7 अनाज, फूल की 16 माला आदि चढ़ानी चाहिए। गुरु साकेत ने बताया कि पूजा में 16 चूड़ियां अर्पण करने से माता खुश होती हैं। पूजा के समय मंगला गौरी व्रत की कथा जरूर पढ़नी और सुननी चाहिए। उन्होंने बताया कि मां महागौरी की पूजा करने के लिए सुबह स्नान कर सफेद रंग के वस्त्र धारण करें।

फिर मां महागौरी की मूर्ति या तस्वीर को गंगाजल से साफ कर लें। मां महागौरी को सफेद रंग अतिप्रिय है। इसलिए माता महागौरी को सफेद रंग के पुष्प अर्पित करें। मां को रोली व कुमकुम का तिलक लगाएं, फिर मिष्ठान, पंच मेवा और फल अर्पित करें। अष्टमी के दिन मां महागौरी की पूजा करते समय उन्हें काले चने का भोग लगाना चाहिए। अष्टमी तिथि के दिन कन्या पूजन भी शुभ माना जाता है। इसके बाद आरती व मंत्रों का जाप करें। फिर दुर्गासप्तशती का पाठ करें। महाकाल मंदिर में पहले दिन से ही कलश स्थापित कर माता की पूजा अर्चना शुरू की गई थी। पूजा वैदिक मंत्रोच्चार के साथ मंदिर के पुरोहित गुरु साकेत के सानिध्य में की जा रही है। यहां माता के साथ महाकाल की भी पूजा की जाती है। इस अवसर पर भक्त सुबह से ही माता के दर्शन के लिए पहुंच रहे थे। मंदिर को आकर्षक रूप से सजाया गया था। संध्या में आरती की जाती है। आठवें दिन सुबह से ही भक्तों का आगमन हो रहा था।

## बथवरिया बाजार में आग लगने से साठ घर जला, मदद को पहुंचे दिनेश अग्रवाल

**पश्चिम चंपारण (बगहा)।** बगहा अनुमंडल अंतर्गत टेसरहिया बथवरिया पंचायत के बाजार बथवरिया में सोमवार की रात अचानक आग लगने से 60 घर जल कर राख हो गया है।आग लगने का कारण घर में खाना बनाकर आग नहीं बुझाने का बताया जा रहा है ।आग लगने की सूचना पर अगले सुबह वाल्मीकि नगर लोकसभा के सांसद प्रत्याशी दिनेश अग्रवाल पीड़ितों से मिलने पहुंचें, फिर पीड़ितों का हालचाल जाना।

ग्रामीणों के अनुसार एक घर में रात्रि 10.30 बजे खाना बनाने के दौरान असावधानी के कारण एक घर से आग का धुंआ निकली, जो देखते ही देखते भयानक आग मेंतब्दील हो गयी,जिसने साठ घर को अपने आगोश में ले लिया। आग लगने से लाखों रूपया मूल्य की संपति जलकर राख हो गई। दिनेश अग्रवाल घटना स्थल पर पहुंचकर पीड़ित परिवारों से मिलने के बाद प्रशासन से पीड़ितों के राहत के लिए आवश्यक सामग्री तथा आर्थिक सहयोग की मांग की। साथ ही मेरा स्वाभिमान संस्था द्वारा संजीवनी कार्ड के माध्यम से उससे मिलने वाले लाभ को प्रत्येक पीड़ित परिवार को उपलब्ध कराने को कहा। वहीं दिनेश अग्रवाल ने घटना के सम्बन्ध में बताया कि सबसे ज्यादा दु:ख वहां पीड़ित बच्चें एवम महिलाओं को देखकर हुआ है, जिनके आंखों में कुछ करने के सपने थे वो पलभर में टूटकर धराशायी हो गया था।बच्चें नए सत्र में पढ़ने के लिए नया- नया किताब कॉपी खरीदकर लाए थे, वो सब जलकर राख हो गया। दिनेश अग्रवाल ने बताया कि निराशावादी बच्चों के सर पर हाथ रखकर मैंने कहा है, कि बच्चों की पढ़ाई नहीं रुकेगी।इन बच्चों की पढ़ाई की सामग्री संस्था द्वारा उपलब्ध कराने को मैंने कहा दिया है। साथ ही उन उजड़े परिवार को बसाने के लिए इस क्षेत्र सहित अन्य सभी जनप्रतिनिधियों को मदद करने के लिए आगे आने को कहा है। मैं सभी जनप्रतिनिधियों से आग्रह कर रहा हूं कि इस संकट की घड़ी में सभी मिलकर इन पीड़ित परिवारों का साथ दे।मौके पर संस्था के महामंत्री उमेश अग्रवाल,संयोजक जितेंद्र कुमार,पंचायत प्रमुख प्रेमशंकर सिंह,राजीव कुमार,संदीप चौधरी,प्रेम किशोर,नरेश यादव,सन्नी कश्यप,दीपक गुज्जर आदि उपस्थित रहें।



## बिहार के बेहतर विकास के लिए लोस चुनाव में महागठबंधन को वोट दें: तेजस्वी यादव

**नवादा।** बिहार विधानसभा में प्रतिपक्ष के नेता तेजस्वी यादव ने मंगलवार को कहा कि देश का संविधान बचाने के उद्देश्य तथा बिहार के विकास के लिए लोकसभा चुनाव में महागठबंधन उम्मीदवार श्रवण कुशवाहा को वोट दें। ताकि बिहार का बेहतर विकास हो सके। तेजस्वी यादव नवादा जिले के सिरदला के जर्रा बाबा पहाड़ी मैदान में महागठबंधन की चुनावी सभा को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि सभी के खाते में 15-15 लाख रुपये काला धन विदेश से मंगवाने की घोषणा की थी भाजपा वालो ने। लेकिन क्या 15 लाख रुपये मिल गए। उन्होंने कहा कि केवल झूठ बोलकर तथा सांप्रदायिक भावना को भड़काकर गद्दी हथियाने की कोशिश की जा रही है। जो देश समाज हित में उचित नहीं है। उन्होंने मुख्यमंत्री नीतीश कुमार पर कटाक्ष करते हुए कहा कि 56 इंच का सीना रखने वाले प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी अपने विकास की गारंटी दे रहे हैं। लेकिन वह मेरे पलटू चाचा की गारंटी नहीं दे सकते कि वे उन्हें रख पाएंगे या नहीं। जो नेता इतना कमजोर हो उसकी गारंटी पर क्या भरोसा हो सकता है। उन्होंने कहा कि नीतीश कुमार की सरकार में 17 महीने तक हमने साथ रखकर 5 लाख लोगों को सरकारी नौकरी दी। अगर अब तक हम साथ रहते तो 10 लाख लोगों को निश्चित तौर पर नौकरी देते। जो काम अधर में लटक गया है। उन्होंने कहा कि नीतीश कुमार मेरे साथ होने के पहले नौकरी देने में क्यों अक्षम सिद्ध हो रहे थे। उन्होंने कहा कि इस बार अगर राजग की सरकार बनी तो संविधान को ही बदलने का प्रयास किया जाएगा ।जो देश हित में बिल्कुल गलत होगा। उन्होंने कहा कि हमारी पार्टी सर्वजात, सर्वधर्म की पार्टी है। यहां किसी से कोई भेदभाव नहीं है ।इसलिए हम समाज का चौमुखी विकास चाहते हैं ।अगर बिहार का चौहुमुखी विकास चाहिए तो निश्चित तौर पर महागठबंधन को वोट दें।



तेजस्वी यादव ने नवादा लोकसभा क्षेत्र के राजद प्रत्याशी श्रवण कुशवाहा को माला बनाकर जीत के लिए उपस्थित जनसमूह से आशीर्वाद दिलाया। इस अवसर पर श्रवण कुशवाहा ने तेजस्वी यादव का स्वागत करते हुए हर मुकाम पर खरा उतरने की बात कही। मौके पर जनता दल यू की प्रांतीय महासचिव पिंकी भारती ने पार्टी से इस्तीफा देकर राष्टीय जनता दल के सदस्यता ग्रहण की। इस अवसर पर राजद के प्रांतीय प्रवक्ता पूर्व विधायक शक्ति सिंह यादव, हिसुआ के कांग्रेस विधायक नीतू सिंह, गौतम कपूर चंद्रवंशी ने भी अपने विचार व्यक्त करते हुए महागठबंधन की जीत सुनिश्चित कराने की बात कही।

## सीसीए एक्ट के तहत 63 लोगों पर हुई कार्रवाई

**गोपालगंज।** लोकसभा चुनाव के मद्देनजर थाना क्षेत्र में विधि-व्यवस्था बनाए रखने के लिए बिहार अपराध नियंत्रण अधिनियम के तहत कार्रवाई की गई है। इसके तहत आपराधिक प्रवृत्ति लोगों को चिह्नित कर उन पर बिहार अपराध नियंत्रण एक्ट लगाया गया है। लोकसभा चुनाव को प्रलोभन मुक्त व भयमुक्त, निष्पक्ष व शांतिपूर्ण माहौल में संपन्न कराने के लिए विभिन्न थाना क्षेत्र में 63 लोगों के विरूद्ध सीसीए एक्ट के तहत कार्रवाई की गई है। विभिन्न थाना क्षेत्रों से आए प्रतिवेदन को एसपी स्वर्ण प्रभात ने डीएम को सीसीए एक्ट लगाने के लिए प्रस्ताव भेजा है, जिस पर कार्रवाई की जा रही है। उन्होंने बताया कि 63 लोगों पर सीसीए एक्ट लगता है तो उन्हें मतदान के दिन जिला बदर भी किया जा सकता है।

एसपी ने जिलाधिकारी को इसे लेकर प्रस्ताव भेजा है, जिसके तहत जिलाधिकारी सह दंडाधिकारी ने इन व्यक्तियों के विरुद्ध बिहार अपराध नियंत्रण 1981 की धारा 3 के तहत कार्रवाई की। बिहार अपराध नियंत्रण अधिनियम 1981 की धारा (3) के तहत जिले के विभिन्न थानों से अपराधियों के विरुद्ध पुलिस अधीक्षक द्वारा भादवि 1861 के अध्याय 16 व अध्याय 17 के तहत उनके कृत्यों को दंडनीय अपराध की श्रेणी में रखते हुए इन लोगों के विरुद्ध बिहार अपराध नियंत्रण अधिनियम की धारा 2 डी के अंतर्गत इन्हें असामाजिक तत्व मानते हुए प्रस्ताव जिलाधिकारी को भेजा है। प्रस्ताव के आलोक में जिलाधिकारी सह दंडाधिकारी के द्वारा संबंधित अपराध कर्मियों से कारणपृच्छा करते हुए उन्हें जवाब दाखिल करने को कहा गया है कि क्यों न उनके विरुद्ध अधिनियम की धारा 3 की उपधारा तीन के तहत आदेश पारित किया जाए। डीएम सह दंडाधिकारी ने कहा कि चिह्नित इन सभी लोगों के विरुद्ध सीसीए एक्ट के तहत कार्रवाई की प्रक्रिया शुरू की है।

## मोतिहारी में सॉफ्ट टेनिस का प्रशिक्षण प्राप्त खिलाड़ी राज्य सॉफ्ट टेनिस में लेंगे हिस्सा

**पूर्वी चम्पारण।** जिला मुख्यालय मोतिहारी शहर स्थित गांधी मैदान में चल रहे दो दिवसीय सॉफ्ट टेनिस का प्रशिक्षण शिविर मंगलवार को संपन्न हुआ। प्रशिक्षण प्राप्त खिलाड़ी अगामी 11 मई से 13 मई तक पटना में आयोजित राज्य सॉफ्ट टेनिस प्रतियोगिता में जिला का प्रतिनिधित्व करेंगे।

समापन के अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में पहुंचे विनय सिंह जिला अध्यक्ष सॉफ्ट टेनिस पूर्वी चम्पारण,ग्रेपलिंग कुश्ती संघ के जिला अध्यक्ष बिनोद कुमार जयसवाल, टेनिस बॉल क्रिकेट जिला सेक्रेटरी मोतिहारी डॉक्टर मनीष कुमार सिंह, कोच के रूप में सॉफ्ट टेनिस गेम के वर्ल्ड कप के खिलाड़ी सत्यम कुमार ( सासाराम) और अंतरराष्ट्रीय खिलाड़ी रवि कुमार मेहता( पटना) ,राष्ट्रीय खिलाड़ी राज मल्होत्रा (जहानाबाद) को पुष्प गुच्छ व प्रतीक चिन्ह देकर सम्मानित किया गया। उल्लेखनीय है कि यह प्रशिक्षण पूर्वी चम्पारण जिला सॉफ्ट टेनिस संघ,नेशनल स्पोर्ट्स एकेडमी एवं सेना भर्ती फिजिकल ट्रेनिंग सेंटर के संयुक्त तत्वाधान में किया गया, जिसमे वर्ल्ड कप में भारत का प्रतिनिधित्व करने वाले खिलाड़ी सत्यम कुमार ने शिरकत कर खिलाड़ियो को प्रशिक्षित किया।साथ अंतरराष्ट्रीय खिलाड़ी व प्रशिक्षक रवि कुमार मेहता ने भी खिलाड़ियो को साफ्ट टेनिस के गुर सीखाये। प्रशिक्षण प्राप्त करने वाले सभी खिलाड़ी अगामी 11 मई से 13 मई तक पटना में आयोजित राज्य सॉफ्ट टेनिस प्रतियोगिता में जिला का प्रतिनिधित्व करेंगे। मौके पर सॉफ्ट टेनिस संघ के सचिव सोनू सिंह,प्रशिक्षण प्रभारी दीपक कश्यप,फिजिकल डॉक्टर मनीष कुमार सिंह,संघ के अध्यक्ष विनय सिंह ,मुख्य संरक्षक प्रोफेसर पहलाद सिंह ,निर्देशक डॉक्टर करमात्मा पाण्डे, मुन्ना गिरी सहित अन्य उपस्थित थे।




## एक नजर

### ईरान को भुगतने होंगे अपनी करनी के परिणाम- आईडीएफ प्रमुख



**तेल अवीव,एजेंसी।** इजराइल डिफेंस फोर्सेज (आईडीएफ) के चीफ ऑफ स्टाफ लेफ्टिनेंट जनरल हरजी हलेवी ने कहा है कि ईरान को अपनी करनी के परिणाम भुगतने होंगे। दक्षिणी इजराइल में नेवातिम हवाई अड्डे का दौरा करने के बाद हलेवी ने कहा कि रविवार सुबह इजराइल पर ईरान के बैलिस्टिक मिसाइल और ड्रोन हमले का जवाब दिया जाएगा। हलेवी ने कहा, इजराइल अपनी रक्षा करने में सक्षम है। ईरान ने रविवार सुबह इजराइल पर मिसाइलों व ड्रोन से हमला किया था। आईडीएफ ने कहा है कि इनमें से 99 प्रतिशत को इजराइल पहुंचने से पहले ही रोक दिया गया और विफल कर दिया गया। आईडीएफ प्रमुख ने कहा कि उनकी सेना ने ईरानी हमलों को विफल कर दिया। उन्होंने कहा कि आईडीएफ की रक्षा में संयुक्त राज्य अमेरिका की सेंट्रल कमांड, ब्रिटिश सशस्त्र बल, फ्रांसीसी सशस्त्र बल और अन्य सेनाएं शामिल थीं। हलेवी ने कहा कि आईडीएफ किसी भी खतरे का मुकाबला करने के लिए तैयार है।

### चिली में डेंगू के 135 मामले दर्ज




**सैंटियागो,एजेंसी।** लैटिन अमेरिकी देश चिली में अब तक डेंगू के 135 मामले दर्ज किए गए और सभी पीड़ित दूसरे देशों की यात्रा के दौरान संक्रमित हुए है। स्वास्थ्य मंत्रालय के महामारी विज्ञान विभाग के प्रमुख क्रिश्चियन गार्सिया ने यह जानकारी दी। गार्सिया ने बताया कि चिली में स्थानीय स्तर पर डेंगू संक्रमण का कोई मामला नहीं है तथा इससे पीड़ित सभी लोग दूसरे देशों की यात्रा के दौरान संक्रमित हुए हैं। उन्होंने कहा कि चिली में 2023 में 90 मामले दर्ज किए गए थे और इस साल अब तक यह आंकड़ा बढ़कर 135 हो गया है। पिछले साल से सात क्षेत्रों में डेंगू के लिये स्वास्थ्य चेतावनी लागू है। स्वास्थ्य मंत्री जिमेना एगुइलेरा ने कहा कि डेंगू स्पर्शोन्मुख हो सकता है, लेकिन जिन लोगों में लक्षण होते हैं उन्हें सामान्य रूप से बुखार और सामान्य तकलीफें होती हैं तथा मांसपेशियों में काफी तीव्र दर्द होता है।

### तटीय इक्वाडोर में सशस्त्र हमले में तीन की मौत, दो घायल




**क्विटो।** दक्षिण-पश्चिमी इक्वाडोर के तटीय प्रांत गुयास के साम्बोरोंडोन में सशस्त्र हमले में दो पुलिस अधिकारियों सहित तीन लोगों की मौत हो गई और दो अन्य अधिकारी घायल हो गए। अटॉर्नी जनरल के कार्यालय (एफजीई) ने सोमवार को यह जानकारी दी। एफजीई रिपोर्ट के अनुसार, पीड़ितों को सैन गिल शहर के पास गोली मारी गई, जहां हथियार और गोला-बारूद सहित दो वाहन बरामद हुए। गौरतलब है कि अधिकारियों को अपराध से निपटने में मदद करने के लिए घोषित कर्फ्यू के साथ 90 दिनों की आपातकाल की स्थिति समाप्त होने के बाद से आपराधिक हिंसा फिर से बढ़ गई है। गत 11 अप्रैल को दक्षिण पश्चिम शहर गुआयाकिल के क्रिस्टो डेल कॉन्सुएलो में एक सशस्त्र हमले में एक कम उम्र के बच्चे सहित पांच लोगों की हत्या कर दी गई थी, जो देश में सबसे हिंसक हमलों में से एक था। उल्लेखनीय है कि गत सात अप्रैल को सरकार ने घोषणा की कि देश आंतरिक सशस्त्र संघर्ष से जूझ रहा है और सेना को आतंकवादियों के रूप में वर्गीकृत संगठित सशस्त्र समूहों के खिलाफ कार्रवाई में भाग लेने का आदेश दिया।

### वेस्ट बैंक में इज़रायल की गोलीबारी में दो फ़िलिस्तीनियों की हत्या



**रामल्ला।** फिलिस्तीन के स्वास्थ्य मंत्रालय ने कहा है कि वेस्ट बैंक के नब्लस शहर के दक्षिण में इजरायल की ओर से की गोलीबारी में कम से कम दो फिलिस्तीनी मारे गए। मंत्रालय ने सोमवार को चीन की न्यूज एजेंसी शिन्हुआ को बताया कि मारे गए दो लोगों की पहचान 30 वर्षीय अब्दुलरहमान माहेर बानी फादेल और 21 वर्षीय मोहम्मद अशरफ बानी जामे के तौर पर हुयी है। अकरबा के मेयर सलाह बानी जाबेर ने कहा कि कई बाशिंदों ने अकरबा शहर के उपनगर खिरबेट अल-तवील में फिलिस्तीनियों के एक समूह पर हमला किया, जिसके कारण दो लोगों की मौत हो गई और तीन घायल हो गए। इज़रायली सेना ने अभी तक इस घटना पर कोई टिप्पणी जारी नहीं की है। फिलिस्तीनी स्वास्थ्य मंत्रालय के अनुसार, गत सात अक्टूबर को गाजा पट्टी में संघर्ष शुरू होने के बाद से, वेस्ट बैंक में इजरायलियों द्वारा 468 फिलिस्तीनियों को मार दिया गया है, जबकि 4,800 से अधिक अन्य घायल हुए हैं।

# पाकिस्तान पुलिस का दावा, सरबजीत का हत्यारा तांबा है जिंदा



**लाहौर,एजेंसी।** पाकिस्तान की जेल में कई झूठे आरोपों में सजा पाए भारतीय मूल के सरबजीत सिंह की जेल में हत्या करने का आरोपित आमिर सरफराज तांबा अभी जिंदा है, यह दावा पाकिस्तान के पंजाब प्रांत की पुलिस ने किया है। ज्ञात रहे कि सरबजीत सिंह की 2013 में पाकिस्तान के जेल में हत्या करने का आरोपित तांबा है, जिसकी एक दिन पहले अज्ञात बंदूकधारियों द्वारा हत्या करने की सूचना सामने आई थी।

हालांकि इस नाटकीय घटना क्रम के बीच पंजाब पुलिस के एक वरिष्ठ अधिकारी ने दावा किया कि वह अब भी जिंदा है। जबकि एक दिन पहले सामने आई सूचना में पता चला था कि लश्कर-ए-तैयबा (एलईटी) के संस्थापक हाफिज सईद के करीबी सहयोगी तांबा पर यहां सनंत नगर स्थित उसके आवास पर मोटरसाइकिल सवार हमलावरों ने हमला किया। गंभीर हालत में उसे अस्पताल ले जाया गया था जहां उसने दम तोड़ दिया। लाहौर के वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक (एसएसपी) ऑपरेशंस सैयद अली रजा ने स्थानीय मीडिया को बताया कि तांबा अब भी जीवित है, लेकिन गंभीर रूप से घायल है। हालांकि, सोमवार को एसएसपी के बयान के बारे में लाहौर पुलिस के प्रवक्ता फरहान शाह से बात की तो उन्होंने इस मामले को संवेदनशील बताते हुए टिप्पणी करने से इनकार कर दिया। दिलचस्प बात यह है कि एसएसपी रजा ने यह नहीं बताया कि अगर तांबा जीवित है तो उसे चिकित्सा उपचार के लिए कहां स्थानांतरित किया गया है। इस बीच, पाकिस्तान के आंतरिक मंत्री मोहसिन नकवी ने सोमवार को तांबा की हत्या में भारत का हाथ होने से इनकार नहीं किया है।

मंत्री होने के साथ पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड (पीसीबी) के अध्यक्ष नकवी ने सोमवार को पत्रकारों से कहा, अतीत में यहां कुछ हत्या की घटनाओं में भारत सीधे तौर पर शामिल था। पुलिस इस मामले की जांच कर रही है और इस स्तर पर इस (तांबा) मामले में भारत की संलिप्तता के बारे में कहना जल्दबाजी होगी, लेकिन उन्हें भारत की संलिप्तता का संदेह है। यहां पैटर्न के लिहाज से एक समारूपता है। पुराना लाहौर के घनी आबादी वाले इलाके सनंत नगर में रविवार दोपहर को दो बंदूकधारियों ने तांबा की उसके आवास पर गोली मारकर हत्या कर दी। तांबा के खून से लथपथ शव की तस्वीर भी सोशल मीडिया पर वायरल हो गई। पुलिस ने तांबा के छोटे भाई जुनैद सरफराज की शिकायत पर दो अज्ञात हमलावरों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज की है। तांबा और उसके साथी मुदस्सर, मौत की सजा पाए दो पाकिस्तानी कैदियों, ने 2013 में लाहौर की कोट लखपत जेल में 49 वर्षीय सिंह पर हमला किया था, जिससे उनकी मौत हो गई थी। वर्ष 2018 में एक पाकिस्तानी अदालत ने सिंह की हत्या के मामले में दोनों को उनके खिलाफ सबूतों की कमी का हवाला देते हुए बरी कर दिया था।

## ऑस्ट्रेलिया में फिर चाकूबाजी, चर्च में प्रार्थना सभा के दौरान बिशप और पादरी पर हमला...आतंकवादी कृत्य मान रही पुलिस

**सिडनी,एजेंसी।** ऑस्ट्रेलियाई पुलिस का कहना है कि सिडनी में एक गिरजाघर में प्रार्थना के दौरान एक बिशप व पादरी पर चाकू से किये गये हमले के कारण वहां मौजूद और ऑनलाइन प्रार्थना देख रहे लोग सकते में आ गए। पुलिस इसे आतंकवादी कृत्य मान रही है। पुलिस ने %क्राइस्ट द गुड शेफर्ड चर्च% में हुई चाकू से हमले की घटना के बाद मंगलवार को 16 वर्ष के एक किशोर को गिरफ्तार किया। घटना में बिशप मार मारी इमैनुएल और एक पादरी घायल हुए हैं। दोनों का इलाज चल रहा है और उनके बचने की उम्मीद है। न्यू साउथ वेल्स पुलिस आयुक्त कारेन वेब ने बताया कि संदिग्ध की टिप्पणियां हमले के लिए धार्मिक मकसद की ओर इशारा करती हैं। अधिकारी ने बताया, %%हमें लगता है कि यह हमला एक सोची-समझी साजिश के तहत किया गया क्योंकि इस व्यक्ति ने हमले के लिए ऐसे स्थान को चुना, जो उसके घर के आसपास तक नहीं है। आरोपी चाकू के साथ आया और गिरजाघर में घुसकर बिशप व पादरी पर उसने चाकू से हमला किया उन्होंने कहा, वे खुशकिस्मत हैं कि वे जिंदा बच गये।

अधिकारी ने बताया कि किशोर को पुलिस जानती थी लेकिन वह निगरानी सूची में नहीं था। देश की मुख्य खुफिया एजेंसी 'ऑस्ट्रेलियन सिक्योरिटी इंटेलिजेंस ऑर्गनाइजेशन' (एएसआईओ), ऑस्ट्रेलियन फेडरल पुलिस और प्रांतीय पुलिस मामले की जांच में आतंकवाद रोधी कार्यबल का सहयोगी कर रही हैं। एएसआईओ के महानिदेशक माइक बर्गीस ने बताया कि जांच में इस घटना से संबंधित किसी खतरे का खुलासा नहीं हुआ है। बर्गीस ने कहा, ऐसा प्रतीत होता है कि घटना धार्मिक रूप से प्रेरित है लेकिन हम सभी पहलुओं को ध्यान में रखते हुए मामले की जांच कर रहे हैं। बर्गीस ने कहा, हमारा काम हमलावर से जुड़े व्यक्तियों पर नजर रखना है ताकि हम यह पता लगा सकें कि समुदाय में इसी तरह का इरादा रखने वाले कोई और लोग तो नहीं हैं। हालांकि इस स्तर पर हमारे पास इसका कोई संकेत नहीं है। प्रधानमंत्री एंथनी अल्बनीज ने हमले पर प्रतिक्रिया देते हुए कहा, हमारे समुदाय में हिंसा के लिए कोई जगह नहीं है। हिंसक चरमपंथियों के लिए कोई जगह नहीं है। अधिकारियों ने बताया कि घटना के बाद सैकड़ों की तादाद में लोग ऑर्थोडॉक्स असीरियन चर्च के बाहर जमा हुए और उन्होंने ईंटें व बोतलें फेंकीं, जिससे पुलिस अधिकारी घायल हो गये। उन्होंने बताया कि भीड़ ने पुलिस को आरोपी को गिरजाघर से बाहर ले जाने से रोक दिया। कार्यवाहक सहायक पुलिस आयुक्त एंड्रयू हॉलैंड ने संवाददाताओं को बताया कि संदिग्ध और कम से कम दो पुलिस अधिकारियों को भी अस्पताल में भर्ती कराया गया है। गिरजाघर ने सोशल मीडिया पर एक संदेश में कहा कि बिशप और पादरी की हालत स्थिर है। संदेश में लोगों से प्रार्थना करने को कहा गया है।

## अमेरिका में हिंदुओं पर हमलों के मामलों में काफी वृद्धि हुई है : भारतीय-अमेरिकी सांसद

**वाशिंगटन,एजेंसी।** भारतीय-अमेरिकी सांसद ने अमेरिका में हिंदुओं और हिंदुत्व के खिलाफ हमलों में काफी वृद्धि होने का दावा करते हुए आगाह किया कि यह नियोजित हिंदू-विरोधी हमलों के शुरुआत भर है। सांसद श्री थानेदार ने सोमवार को यहां नेशनल प्रेस क्लब में हुए संवाददाता सम्मेलन में पत्रकारों से कहा, आज मैं अमेरिका में हिंदुत्व पर हुए हमलों में काफी वृद्धि देख रहा हूं।

ऑनलाइन और अन्य तरीकों से दुष्प्रचार फैलाया जा रहा है। थानेदार और चार अन्य भारतीय अमेरिकी सांसदों रो खन्ना, राजा कृष्णमूर्ति, एमी बेरा और प्रमिला जयपाल ने हाल ही में न्याय मंत्रालय को पत्र लिखकर हिंदू मंदिरों और धार्मिक स्थलों पर हमलों में हुई हालिया वृद्धि की जांच कराने का अनुरोध किया था। गैर-लाभकारी संस्था हिंदूएक्शन की ओर से आयोजित संवाददाता सम्मेलन में थानेदार ने शिकायत की कि इन हमलों के जिम्मेदार व्यक्तियों के खिलाफ कोई कार्रवाई नहीं की गई और न ही अब तक गिरफ्तारियां हुई हैं। थानेदार ने कहा, हमने हाल के महीनों में इस तरह की काफी अधिक घटनाएं देखी हैं।

मुझे लगता है कि यह इस समुदाय के खिलाफ समन्वित प्रयास की शुरुआत है। ऐसे में समुदाय को एक साथ खड़ा होना चाहिए। समय आ गया है और मैं आपके साथ खड़ा रहूंगा। उन्होंने कहा, हिंदू धर्म को मानने वाला होने के नाते, हिंदू परिवार में एक हिंदू के रूप में पला-बढ़ा होने की वजह से मुझे पता है कि हिंदू धर्म क्या है। यह एक बहुत ही शांतिपूर्ण धर्म है। उन्होंने कहा कि यह ऐसा धर्म नहीं है जो दूसरों पर हमला करता है।

## हमास ने नए युद्धविराम समझौते का प्रस्ताव रखा, बंधकों की रिहाई से पहले युद्ध से छह हफ्ते का ब्रेक मांगा



**गाजा,एजेंसी।** गाजा में जारी संघर्ष के बीच हमास ने युद्धविराम और बंधकों की रिहाई का समझौता पेश किया। मांग की गई कि इजरायल अक्टूबर से आतंकवादी समूह द्वारा रखे गए 129 बंधकों में से किसी को भी लेने से पहले छह सप्ताह के युद्धविराम का पालन करे। द टाइम्स ऑफ इज़राइल ने हिब्रू दैनिक हारेत्ज़ की एक रिपोर्ट का हवाला देते हुए ये सूचना दी गई है। इससे पहले इजरायल ने भी युद्धविराम का प्रस्ताव दिया था, जिसे हमास ने खारिज कर दिया था। कथित तौर पर आतंकवादी समूह का प्रस्ताव शनिवार देर रात अमेरिका की मध्यस्थता वाले समझौते को खारिज करने के बाद प्रस्तुत किया गया था।

द टाइम्स ऑफ़ इज़राइल की रिपोर्ट के अनुसार, प्रस्ताव में हमास ने इज़राइल रक्षा बल (आईडीएफ) पर एक शर्त रखी। कहा है कि इज़राइल को गाजा में सभी लड़ाई बंद करनी होगी। छह सप्ताह के लिए शहरी क्षेत्रों से पीछे हटना होगा, जिससे विस्थापित फिलिस्तीनियों को उत्तर लौटने की अनुमति मिल सके। कहा गया है कि छह सप्ताह की समाप्ति के बाद ही किसी भी बंधक को रिहा किया जाएगा। आगे कहा है कि इन सप्ताहों में बंधकों का पता लगाया जाएगा, वे किस स्थिति में हैं। हमास के मसौदे में कहा गया है कि प्रत्येक इजरायली नागरिक के लिए 30 फिलिस्तीनी कैदियों को रिहा किया जाएगा। यह भी मांग की गई कि प्रत्येक बंदी सैनिक के बदले 50 फिलिस्तीनी कैदियों को रिहा किया जाए, जिनमें से 30 आजीवन कारावास की सजा काट रहे हैं। टाइम्स ऑफ इज़राइल की खबर के मुताबिक, इज़राइल ने पहले भी इसी तरह की मांगों को 'भ्रमपूर्ण' कहकर खारिज कर दिया था. हमास ने फिलिस्तीनी कैदियों की संख्या, साथ ही उनके अपराधों की गंभीरता की मांग की थी। पिछले कई दौर की वार्ताओं में भी यह एक महत्वपूर्ण मुद्दा रहा है। समाचार एजेंसी सिन्हुआ की रिपोर्ट के अनुसार, शनिवार को हमास ने इजरायल की बंधक समझौते की बातचीत और युद्धविराम पर अपनी प्रतिक्रिया सौंपी और अपनी मांगों पर कायम रहते हुए उसके प्रस्ताव को खारिज कर दिया था। हमास ने कहा कि वह स्थायी युद्धविराम, संपूर्ण गाजा से इजरायली सैनिकों की वापसी, उत्तरी गाजा और अन्य क्षेत्रों में फिलिस्तीनियों की वापसी, मानवीय सहायता में वृद्धि और पट्टी के पुनर्निर्माण की शुरुआत की अपनी मूल मांगों पर कायम है।

## सहकारी घोटाले की चार्जशीट में गृहमंत्री रवि का नाम



**काठमांडू।** सहकारी घोटाले में दायर की गई चार्जशीट में गृहमंत्री रवि लामिछाने का नाम आने के बावजूद उनको अभियुक्त न बनाए पर विपक्षी पार्टी से लेकर सत्ता गठबंधन तक में उनके इस्तीफे की आवाज उठने लगी है। चार्जशीट में उन पर गैर कानूनी तरीके से 2 करोड़ रुपये ऋण के रूप में लेने की बात कही गई है। सुप्रीम सहकारी घोटाले की जांच में खुलासा हुआ है कि गृहमंत्री रवि लामिछाने के नाम पर दो करोड़ रुपये का ऋण लेने संबंधी दस्तावेज मौजूद हैं। हालांकि, इस मामले में गृहमंत्री ने कई बार कहा है कि उन्होंने किसी भी प्रकार का कोई ऋण नहीं लिया है। रवि लामिछाने जिस टीवी चैनल के मैनेजिंग डाइरेक्टर हुआ करते थे, उस कंपनी के नाम पर भी करोड़ों रुपये के ऋण प्रवाह का सबूत अदालत में दिया गया है। सहकारी घोटाले के प्रमुख अभियुक्त जीबी राई और रवि लामिछाने ने मिल कर गैलेक्सी टीवी चैनल खोला था, जिसमें पूरा निवेश सहकारी बैंक के बचतकर्ताओं के पैसे से ही हुआ था। नेपाल के कानून के मुताबिक सहकारी बैंकों से सिर्फ उसी को ऋण दिया जा सकता है, जो उस सहकारी बैंक में बचतकर्ता हो लेकिन इस कानून का पालन किया गया। चार्जशीट में गृहमंत्री रवि लामिछाने का नाम आने के बावजूद उनको अभियुक्त नहीं बनाए जाने के कारण विपक्षी पार्टी से लेकर सत्ता गठबंधन तक में उनके इस्तीफे की आवाज उठने लगी है। विपक्षी दल पहले से ही इस्तीफे की मांग कर रहा था और अब सत्ता गठबंधन से जुड़े कुछ नेता भी नैतिकता के नाम पर इस्तीफा देने की मांग कर रहे हैं।

## ईरान की इजराइल को धमकी-ऐसे हथियारों का यूज करेंगे जिनका पहले कभी नहीं हुआ...



**तेहरान,एजेंसी।** ईरान और इजराइल के बीच तनाव जारी है। दोनों एक-दूसरे को धमकियां दे रहे हैं। अब ईरान का कहना है कि अगर इजराइल ने जवाबी हमला किया तो ऐसे हथियारों का इस्तेमाल करेगा, जिनका पहले कभी उपयोग न हुआ हो। वहीं, इजराइल का भी कहना है कि वह ईरान के हमलों का जवाब देगा। इजराइल के सैन्य प्रमुख ने सोमवार (स्थानीय समय) को कहा कि देश ईरान के सप्ताहांत हमले का जवाब देगा. देश प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू के फैसले का इंतजार कर रहा है। ईरान का भी कहना है कि वह इजराइल के किसी भी हमले का सेकेंड में जवाब देगा और जरूरत पड़ने पर पहले कभी इस्तेमाल न किए गए हथियारों को भी तैनात करेगा. इजरायली सैन्य प्रमुख हरजी हलेवी ने जोर देकर कहा कि इजरायल अपने अगले कदमों पर विचार कर रहा है और 13 अप्रैल के ईरानी हमले का जवाब दिया जाएगा।

वहीं, ईरान के उप विदेश मंत्री अली बघेरी कान ने जोर देकर कहा कि ईरान की ओर से प्रतिक्रिया की गति कुछ सेकंड से भी कम होगी। गौरतलब है कि 13 अप्रैल को ईरान ने पहली बार अपने कट्टर दुश्मन इजराइल पर सीधा हमला किया और 300 से अधिक मिसाइलें और ड्रोन दागे। यह हमला सीरिया की राजधानी दमिश्क में तेहरान के वाणिज्य दूतावास भवन पर 1 अप्रैल को हुए घातक हवाई हमले के जवाब में हुआ था. जिसके लिए ईरान ने इजराइल को दोषी ठहराया था। इजरायल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू ने ईरान के हमले की प्रतिक्रिया के बारे में निर्णय लेने के लिए सोमवार को 24 घंटे से भी कम समय में दूसरी बार अपने युद्ध मंत्रिमंडल को बुलाया। सरकार ने अभी तक किसी भी फैसले पर कोई घोषणा नहीं की है. इजराइली प्रधानमंत्री के कार्यालय ने कहा कि नेतन्याहू ने अमेरिका के शीर्ष अधिकारी स्टीव स्कैलिस के साथ बातचीत में कहा कि इजरायल अपनी रक्षा के लिए जो भी जरूरी होगा वह करेगा।

## भारत, दुनिया का सबसे बड़ा लोकतंत्र और एक महत्वपूर्ण रणनीतिक भागीदार : अमेरिका

**वाशिंगटन।** बाइडन प्रशासन ने जोर देकर कहा है कि भारत, अमेरिका का एक महत्वपूर्ण रणनीतिक साझेदार है और उन्हें उम्मीद है कि यह संबंध भविष्य में भी इसी तरह बरकरार रहेंगे। अमेरिकी विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता मैथ्यू मिलर भारत में लोकसभा चुनावों से पहले भारतीय सरकार पर कुछ लेख और आलोचनात्मक राय के परिदृश्य में अमेरिका-भारत संबंधों पर सोमवार को संवाददाताओं द्वारा पूछे गये सवाल के जवाब दे रहे थे।

मिलर ने भारत में कथित तौर पर लोकतांत्रिक मूल्यों को नुकसान पहुंचाये जाने और विपक्षी दलों पर कथित कार्रवाई के संबंध में विदेश मंत्रालय द्वारा जारी हालिया बयानों पर एक सवाल के जवाब में कहा, भारत दुनिया का सबसे बड़ा लोकतंत्र है। यह अमेरिका का एक महत्वपूर्ण रणनीतिक साझेदार है और मुझे उम्मीद है कि आगे भी यह सिलसिला बना रहेगा। अमेरिकी अधिकारी हाल के दिनों में दोहरा चुके हैं कि भारत एक महत्वपूर्ण साझेदार है तथा दोनों देशों के बीच संबंध और मजबूत होंगे।


## भारत ने सेना को आधुनिक बनाने और रूसी हथियारों पर निर्भरता कम करने के लिए कदम उठाए हैंः अमेरिका

**वाशिंगटन,एजेंसी।** अमेरिकी रक्षा मंत्रालय के एक शीर्ष खुफिया अधिकारी ने संसद को बताया कि साल 2023 में भारत ने हिंद प्रशांत क्षेत्र में चीन की गतिविधियों का मुकाबला करने की अधिक इच्छाशक्ति प्रदर्शित करते हुए अपनी सेना के आधुनिकीकरण और रूस के उपकरणों पर निर्भरता कम करने के लिए कदम उठाए। रक्षा खुफिया एजेंसी के निदेशक लेफ्टिनेंट जनरल जेफरी क्रूस ने चीन को लेकर रक्षा खुफिया पर संसद में एक सुनवायी के दौरान यह बात कही थी।

क्रूस ने सदन की सशस्त्र सेवा समिति और खुफिया उपसमिति के सदस्यों को बताया, पिछले वर्ष भारत ने जी-20 के आर्थिक शिखर सम्मेलन की मेजबानी करके खुद को एक वैश्विक अगुआ के रूप में प्रदर्शित किया और पूरे हिंद प्रशांत क्षेत्र में पीआरसी (पीपुल्स रिपब्लिक ऑफ चाइना) की गतिविधि का मुकाबला करने की इच्छाशक्ति प्रदर्शित की। उन्होंने कहा कि भारत ने प्रशिक्षण और रक्षा बिक्री के माध्यम से फिलीपीन जैसे दक्षिण चीन सागर के क्षेत्रीय दावेदारों के साथ हिंद प्रशांत क्षेत्र में साझेदारी बढ़ायी है और अमेरिका, ऑस्ट्रेलिया, फ्रांस व जापान के साथ अपने सहयोग को और मजबूत किया है। चीन दक्षिण चीन सागर के अधिकांश हिस्से पर अपना दावा करता है, जबकि फिलीपीन, वियतनाम, मलेशिया, ब्रुनेई और ताइवान भी समुद्री क्षेत्र पर अपना दावा करते हैं। क्रूस ने कहा, वर्ष 2023 में भारत ने चीन से प्रतिस्पर्धा करने और रूसी उपकरणों पर अपनी निर्भरता कम करने के लिए अपनी सेना को आधुनिक बनाने के लिए कदम उठाए। भारत ने स्वदेश निर्मित विमानवाहक पोत का समुद्री परीक्षण किया और प्रमुख रक्षा प्रौद्योगिकियों के हस्तांतरण पर कई पश्चिमी देशों के साथ बातचीत भी की है। भारत ने रूस-यूक्रेन युद्ध पर अपना तटस्थ रुख बरकरार रखा है। क्रूस ने कहा कि रूस भारत का सबसे बड़ा रक्षा साझेदार है और भारत ने अपनी रक्षा खरीद साझेदारी में विविधता लाने की इच्छा के बावजूद रूस से सतह से हवा में मार करने वाली एस-400 मिसाइल प्रणाली जैसे हथियारों खरीद जारी रखी है। उन्हों ने सांसदों से कहा कि भारत सरकार आगामी लोकसभा चुनाव को सुरक्षित करने, आर्थिक विकास को बनाए रखने और अपनी %मेक इन इंडिया% पहल को सैन्यक आधुनिकीकरण के लिए तैयार करने पर ध्याएन केंद्रित करेगी जिसका उद्देश्य चीन का मुकाबला करना है। भारत और चीन के बीच साल 2020 में गलवान में हुए संघर्ष में 20 भारतीय सैनिक शहीद हो गए थे जबकि चीन की सेना के कम से कम पांच सैनिक भी मारे गए थे। उसके बाद से ही दोनों देशों के बीच द्विपक्षीय संबंध तनावपूर्ण बने हुए हैं। क्रूस ने सांसदों को बताया कि साल 2023 में भारत और चीन के वरिष्ठ नेताओं ने पूर्वी लद्दाख के दो स्थानों पर विवाद सुलझाने के लिए 20वें दौर की वार्ता की, लेकिन ये विफल रही। ऐसे में दोनों देशों ने क्षेत्र में लगभग 50,000-60,000 सैनिकों को तैनात किया हुआ है और सीमा के पास अपने सैन्य बुनियादी ढांचे में लागातार सुधार कर रहे हैं। क्रूस ने सांसदों को बताया कि पाकिस्तान ने कश्मीर के बारे में भारत के साथ अपने विवाद को सुलझाने के लिए संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद सहित अंतरराष्ट्रीय समर्थन मांगा है। दोनों देशों ने फरवरी 2021 से नियंत्रण रेखा पर एक असहज युद्धविराम बनाए रखा है। क्रूस ने बताया, पाकिस्तान में आर्थिक उथल-पुथल के बावजूद वह परमाणु हथियारों का आधुनिकीकरण करने का लगातार प्रयास कर रहा है। पिछले साल पाकिस्तानी सुरक्षा बलों और नागरिकों के खिलाफ आतंकवादी हिंसा में भी वृद्धि हुई।

## एक नजर

### इंग्लैंड के महान स्पिनर डेरेक अंडरवुड का 78 वर्ष की आयु में निधन



**केंट,एजेंसी।** इंग्लैंड के महान स्पिनर और आईसीसी हॉल ऑफ फेम डेरेक अंडरवुड का सोमवार को 78 वर्ष की आयु में निधन हो गया है। 15 साल से अधिक लंबे अंतरराष्ट्रीय करियर में, अंडरवुड ने 86 टेस्ट और 26 एकदिवसीय मैचों में इंग्लैंड का प्रतिनिधित्व किया। उन्होंने टेस्ट क्रिकेट में 297 विकेट लिए, जो अभी भी इंग्लैंड के लिए किसी भी स्पिनर के लिए सबसे ज्यादा है और कुल मिलाकर छठा सबसे ज्यादा विकेट है। अपने घरेलू करियर में, अंडरवुड ने पूरी तरह से केंट के लिए खेले, उन्होंने 1963 में 17 वर्ष की उम्र में पदार्पण किया। 676 प्रथम श्रेणी खेलों में, अंडरवुड ने 1987 में संन्यास लेने से पहले अपने बाएं हाथ की स्पिन के साथ 411 लिस्ट-ए खेलों में 572 विकेट लेने के अलावा 2,465 विकेट लिए। ईसीबी के अध्यक्ष रिचर्ड थॉम्पसन ने आईसीसी के हवाले से एक बयान में कहा, यह हमेशा एक दुखद दिन होता है जब अंग्रेजी खेल के महान खिलाड़ी का निधन हो जाता है। पूर्वव्यापी आईसीसी पुरुष टेस्ट खिलाड़ी रैंकिंग के अनुसार, डेरेक अंडरवुड सितंबर 1969 से अगस्त 1973 तक दुनिया के नंबर 1 रैंक वाले गेंदबाज थे। अंडरवुड ने 2006 में केंट क्रिकेट क्लब के अध्यक्ष, 2008 में मैरीलेबोन क्रिकेट क्लब (एमसीसी) के अध्यक्ष के रूप में कार्य किया और 2009 में उन्हें आईसीसी हॉल ऑफ फेम में शामिल किया गया।

### गुजरात टाइटन्स और दिल्ली कैपिटल्स को निरंतरता की तलाश




**अहमदाबाद।** निरंतरता हासिल करने की कोशिश में जुटी गुजरात टाइटन्स और दिल्ली कैपिटल्स दोनों ही टीम बुधवार को यहां होने वाले इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) मैच में बेहतर प्रदर्शन कर एक दूसरे को पराजित करने के इरादे से मैदान में उतरेंगी। पिछले दो चरण की तरह गुजरात टाइटन्स अभी तक एकजुट होकर शानदार प्रदर्शन नहीं कर सकी है, हालांकि उनके पास अपनी कमियों को पूरा करने का अब भी काफी समय है। गुजरात टाइटन्स ने तालिका में शीर्ष पर चल रही राजस्थान रॉयल्स के खिलाफ 10 अप्रैल को अंतिम गेंद में जीत हासिल की थी और अगर उसे अपने अभियान में जान फूंकनी है तो उसे ऐसा ही प्रदर्शन करने की जरूरत है। टीम अपने पहले छह मैच में केवल दो में ही जीत सकी है और अभी आठ मैच बाकी हैं तो शुभमन गिल की अगुआई वाली टीम के पास चीजों का रूख बदलने के लिए काफी समय है। मोहम्मद शमी की अनुपस्थिति हालांकि उसके लिए नुकसानदायक रही है लेकिन उन्हें अपने सर्वश्रेष्ठ उपलब्ध गेंदबाजों का सही इस्तेमाल करना होगा। उमेश यादव ने अभी तक सात विकेट झटके हैं लेकिन प्रति ओवर 10 से ज्यादा रन लुटाये हैं। उनके नयी गेंद के जोड़ीदार स्पेंसर जॉनसन और अनुभवी मोहित शर्मा भी अपने इकोनोमी रेट में सुधार कर सकते हैं। स्टार स्पिनर राशिद खान ने अपनी सर्वश्रेष्ठ गेंदबाजी की है लेकिन वह अपने खाते में और विकेट डालना चाहेंगे। पिछले मैच में उनकी बदौलत गुजरात टाइटन्स रोमांचक जीत हासिल करने में सफल रही और टीम भी उनसे बल्ले से इससे अधिक रनों की उम्मीद करेगी। वहीं दिल्ली कैपिटल्स की बात की जाये तो टीम फॉर्म और फिटनेस मुद्दों के कारण अभी तक अपनी सर्वश्रेष्ठ अंतिम एकादश जुटाने में असफल रही है। पांच मुकाबलों में चार हार के बाद लखनऊ सुपर जायंट्स पर मिली जीत से टीम का मनोबल बढ़ा। लेकिन अगर उन्हें प्लेऑफ में जगह बनाने के लिए खुद को दौड़ में बनाये रखना है तो अपनी कमियों में सुधार करके मुकाबले जीतने होंगे। फिट होकर वापसी करने वाले कुलदीप यादव की मौजूदगी से काफी बड़ा अंतर पड़ा। इस गेंदबाज ने लखनऊ सुपर जायंट्स के तीन विकेट लेकर उसकी बल्लेबाजी पर लगाम कसी। गुजरात टाइटन्स के लिए उनका सामना करना, विशेषकर उनकी गुगली को खेलना मुश्किल हो सकता है। जैक फ्रेजर मैकगुर्क के रूप में दिल्ली कैपिटल्स को तीसरे नंबर पर अच्छा खिलाड़ी मिल गया है और टीम उम्मीद कर रही होगी कि यह आस्ट्रेलियाई अपने पहले आईपीएल मैच की सफलता के बूते आगे बढ़े। एनरिच नॉर्किया पिछले मैच में नहीं खेले थे, जिनकी गेंदों की बल्लेबाजों ने अभी तक धज्जियां उड़ायी हैं। मुकेश कुमार ने पांच मैच में 10 रन प्रति ओवर दिये हैं और वह लखनऊ के खिलाफ मैच में भी काफी खर्चीले रहे। टीम के लिए सबसे सकारात्मक चीज कप्तान ऋषभ पंत की बल्लेबाजी फॉर्म रही है जो प्रत्येक मैच के साथ बेहतर से बेहतर होते जा रहे हैं। यह कहा जा सकता है कि संजू सैमसन और ईशान किशन जैसे खिलाड़ियों से कड़ी प्रतिद्वंद्विता के बावजूद पंत भारत की टी20 विश्व कप की टीम में जगह बनाने के लिए अच्छी स्थिति में है।

**मैच भारतीय समयानुसार शाम साढ़े सात बजे शुरू होगा।**

### बतिस्ता अगुत ने बार्सिलोना में सफीउलिन को हराया

**बार्सिलोना।** पूर्व नंबर 9 रॉबर्टो बतिस्ता अगुत ने अपने करियर की 399वीं टूर-स्तरीय जीत के लिए बार्सिलोना ओपन में रोमन सफीउलिन को 6-3, 7-6(8) से हराया। उन्होंने पहले दौर में एक घंटे, 59 मिनट की जीत से पहले दूसरे सेट के टाई-ब्रेक में एक सेट प्वाइंट बचाया। स्पैनियार्ड, जो इस सप्ताह अपने 12वें एटीपी टूर खिताब का पीछा कर रहा है, दूसरे दौर में सातवीं वरीयता प्राप्त कारेन खाचानोव से भिड़ेगा। सोमवार का दिन बार्सिलोना में निक हार्ड के लिए एक यादगार दिन था। 23 वर्षीय क्वालीफायर ने घरेलू पसंदीदा मार्टिन लैंडल्यूस को पिस्ता राफा नडाल कोर्ट पर 2-6, 6-4, 6-3 से हराकर एटीपी टूर के मुख्य ड्रॉ में पहली बार जीत हासिल की। हार्ड 2018 में क्विटो में विक्टर एस्ट्रेला बर्गोस के बाद एटीपी टूर मैच जीतने वाले पहले डोमिनिकन बन गए। हार्ड, जो अब तक बार्सिलोना में अपने प्रदर्शन के परिणामस्वरूप एटीपी लाइव रैंकिंग में 30 स्थान ऊपर चढ़कर 199वें नंबर पर पहुंच गए हैं, उनका अगला मुकाबला 13वीं वरीयता प्राप्त टॉमस मार्टिन एचेवेरी से होगा। ब्रैंडन नकाशिमा और हेरोल्ड मायोट ने भी सोमवार को दूसरे दौर में अपना स्थान पक्का कर लिया। नाकाशिमा ने 2023 के सेमीफाइनलिस्ट डेनियल इवांस को 7-6(5), 6-2 से हराकर दूसरी वरीयता प्राप्त आंद्रे रुबलेव से मुकाबला तय किया, जबकि क्वालीफायर मेयोट ने पेड्रो कैचिन को 7-6(5), 2-6, 6-3 से हराकर कैमरून नोरी का सामना करने के लिए खुद को तैयार कर लिया है।

# राजस्थान ने रोमांचक मुकाबले में कोलकाता को दो विकेट से हराया



**कोलकाता,एजेंसी।** जॉस बटलर की नाबाद 107 रनों शतकीय और रियान पराग के 34 रनों की पारियों की बदौलत राजस्थान रॉयल्स ने इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) के 31वें मुकाबले में कोलकाता नाइट राइडर्स को दो विकेट से हरा दिया है। 224 रनों के लक्ष्य का पीछा करने उतरी राजस्थान रॉयल्स की शुरुआत बेहद खराब रही और उसने दूसरे ही ओवर में सलामी बल्लेबाज यशस्वी जायसवाल (19) का विकेट गवां दिया। उसके बाद कप्तान संजू सैमसन (12) भी पवेलियन लौट गये। रियान पराग ने 14 गेंदों में चार चौके और दो छक्के लगाते हुए (34) रन बनाये। ध्रुव जुरेल (2), रवि अश्विन (8), शिमरॉन हेटमायर (शून्य) रोवमन पॉवेल (2) रन बनाकर आउट हुये। रोवमन पॉवेल ने 13 गेंदों में 26 रन बनाये। जॉस बटलर ने 60 गेंदों में नौ चौके और छह छक्के लगाते हुए नाबाद 107 रन की शतकीय पारी खेलते हुए अपनी टीम को जीत दिला दी। राजस्थान ने निर्धारित 20 ओवरों में आठ विकेट पर 224 रन बनाते हुए कोलकाता नाइट राइडर्स की टीम पर दो विकेट से जीत दर्ज की है। राजस्थान की यह सात मैचों में छठी जीत है और वह अंक तालिका में शीर्ष पर बनी हुई है।

कोलकाता की ओर से हर्षित राणा, सुनील नारायण और वरुण चक्रवर्ती ने दो-दो विकेट लिये। वैभव अरोड़ा ने एक बल्लेबाज को आउट किया। इससे पहले कोलकाता नाइट राइडर्स ने मंगलवार को राजस्थान रॉयल्स को जीत के लिए 224 रनों का लक्ष्य दिया था। आज यहां ईडन गार्डंस में राजस्थान रॉयल्स के कप्तान संजू सैमसन ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी करने का फैसला किया। बल्लेबाजी करने उतरी कोलकाता नाइट राइडर्स की शुरुआत अच्छी नहीं रही और उसने चौथे ही ओवर में उसने सलामी बल्लेबाज फिल सॉल्ट 10 रन का विकेट गवां दिया। फिल को आवेश खान ने अपनी गेंद पर कैच आउट किया। उसके बाद सुनील नारायण ने अंगकृष रघुवंशी के साथ दूसरे विकेट के लिये 85 रन जोड़े। 11वें ओवर में कुलदीप सेन ने अंगकृष रघुवंशी को आर अश्विन के हाथों कैच आउट करा दिया। रघुवंशी ने 18 गेंदों में पांच चौकों की मदद से 30 रन बनाये। कप्तान श्रेयस अय्यर 11 रन को यजुवेन्द्र चहल ने पगबाधा आउट कर पवेलियन भेज दिया। आंद्रे रसल 13रन बनाकर आउट हुये। सुनील नारायण ने 16वें ओवर में 49 गेंदों में अपना शतक पूरा किया। सुनील नारायण ने 109 रनों की पारी में 13 चौके और छह छक्के लगाये। उन्हें 18वें ओवर में बोल्ट ने बोल्ड आउट किया। वेंकटेश अय्यर आठ रन बनाकर आउट हुये। रिंकू सिंह नौ गेंदों में एक चौका और दो छक्के लगाकर 20 रन बनाकर नाबाद रहे। रमनदीप सिंह भी एक रन बनाकर नाबाद रहे। कोलकाता ने निर्धारित 20 ओवरों में छह विकेट पर 223 रन का स्कोर खड़ा किया। राजस्थान रॉयल्स की ओर से आवेश खान और कुलदीप सेन ने दो-दो विकेट लिये। ट्रेंट बोल्ट और युजवेंद्र चहल को एक-एक विकेट मिला।

# विजडन ने पैट कमिंस और नैट साइवर-ब्रंट को विश्व के अग्रणी क्रिकेटरों में किया नामित

**नई दिल्ली।** विजडन क्रिकेटर्स अलमनैक के मंगलवार को प्रकाशित 2024 संस्करण में ऑस्ट्रेलियाई कप्तान पैट कमिंस और नैट साइवर-ब्रंट को विश्व के अग्रणी क्रिकेटरों में नामित किया गया है, जबकि ट्रैविस हेड ने विजडन ट्रॉफी जीती है, जो पिछले कैलेंडर वर्ष के दौरान टेस्ट मैच में किसी पुरुष या महिला द्वारा उत्कृष्ट व्यक्तिगत प्रदर्शन के लिए प्रदान की जाती है,हेड को वर्ल्ड टेस्ट चैंपियनशिप फाइनल में भारत के खिलाफ उनके 163 रन के लिए विजडन ट्रॉफी दी गई है, जबकि हेली मैथ्यूज को दुनिया की अग्रणी टी20 क्रिकेटर नामित किया गया है।

इसके अलावा टॉप-5 क्रिकेटर्स की सूची भी जारी की गई है। जिसमें मिशेल स्टार्क, उस्मान ख्वाजा, एशले गार्डनर, हैरी ब्रूक और मार्क वुड शामिल हैं। ऑस्ट्रेलिया के तेज गेंदबाज और सभी प्रारूपों के कप्तान कमिंस ने जून में ओवल में आईसीसी विश्व टेस्ट चैंपियनशिप और नवंबर में अहमदाबाद में 50 ओवर के विश्व कप दोनों में भारत को हराकर खिताब जीता। उन्होंने पिछली गर्मियों में इंग्लैंड के खिलाफ उसके घर में 2-2 से ड्रा खेलकर एशेज बरकरार रखा। वह 2012 में माइकल क्लार्क के बाद विजडन के अग्रणी क्रिकेटर के रूप में नामित होने वाले पहले ऑस्ट्रेलियाई व्यक्ति हैं, और अपने इंग्लैंड समकक्ष बेन स्टोक्स का स्थान लेंगे, जिन्होंने 2020, 2021 और 2023 में चार वर्षों में तीन बार यह सम्मान हासिल किया था। विजडन के संपादक लॉरेंस बूथ ने एक बयान में कहा, विश्व टेस्ट चैंपियनशिप में ऑस्ट्रेलिया की कप्तानी में सफलता हासिल करने के बाद, पैट कमिंस ने एशेज बरकरार रखी - एजबेस्टन में पहले टेस्ट में उनके अंतिम क्रम के रनों के लिए धन्यवाद - फिर 2023 में भारत में विश्व कप फाइनल में ऑस्ट्रेलिया को जीत दिलाई। इस बीच, इंग्लैंड की साइवर-ब्रंट को इस समय की प्रमुख महिला क्रिकेटर के रूप में पहचाना गया है, विशेष रूप से महिला एशेज में उन्होंने बहु-प्रारूप श्रृंखला के दौरान बैक-टू-बैक एकदिवसीय शतक लगाए। उन्होंने श्रीलंका के खिलाफ रिकॉर्ड 66 गेंदों में शतक लगाया। पांच में तीन आस्ट्रेलियाई खिलाड़ियों का नाम शामिल है, जिनमें ऑलराउंडर एशले गार्डनर भी शामिल हैं, जिनके ट्रेंट ब्रिज में एकमात्र महिला टेस्ट में 12 विकेट ने उनकी टीम को एशेज बरकरार रखने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई थी। वह 1889 से सम्मान पाने वाली दसवीं महिला हैं, और 2020 में एलिसे पेरी के बाद वर्ष की सर्वश्रेष्ठ क्रिकेटर के रूप में नामित होने वाली पहली ऑस्ट्रेलियाई महिला हैं। पांच में अन्य आस्ट्रेलियाई उस्मान ख्वाजा हैं, जो पुरुषों की एशेज में 49.60 की औसत से 496 रन के साथ अग्रणी रन-स्कोरर है। सूची में शामिल एक अन्य ऑस्ट्रेलियाई खिलाड़ी मिशेल स्टार्क हैं, पिछली गर्मियों की एशेज में स्टार्क अग्रणी विकेट लेने वाले गेंदबाज थे, उन्होंने पूरी श्रृंखला में 27.08 की औसत से 23 विकेट लिए। उनका सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन हेडिंग्ले में तीसरे टेस्ट की अंतिम पारी में पांच विकेट लेना था, जब इंग्लैंड चौथे दिन जीत के लिए 250 रनों का पीछा कर रहा था, हालांकि इंग्लैंड ने अंततः तीन विकेट से मैच जीत लिया, स्टार्क के पांच विकेट की बदौलत एक समय इंग्लैंड के 171 रन पर 6 विकेट गिर गए थे।

# ऐसी हार के बाद दिमाग़ पर असर पड़ सकता है: डुप्लेसी

**बेंगलुरु।** रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरू ने आईपीएल 2024 में अपना लगातार पांचवां मैच गंवाया है। इस बार उन्हें घर में हार मिली है और उनके ख़िलाफ़ सनराइजर्स हैदराबाद ने लीग इतिहास का सबसे बड़ा स्कोर 287/3 बना दिया। इस हार के बाद आरसीबी के कप्तान फ़ाफ़ डुप्लेसी ने स्वीकार किया है कि ऐसी हार के बाद दिमाग़ पर असर पड़ सकता है। लक्ष्य का पीछा करते हुए आरसीबी ने भी 262/7 का स्कोर बनाकर शानदार संघर्ष दिखाया, लेकिन लक्ष्य से दूर रह गए। इस मैच से पहले आरसीबी ने मुंबई इंडियंस के ख़िलाफ़ केवल 15.3 ओवर्स में ही 199 रन लुटाए थे और इसके बाद भी उन्होंने केवल चार विशेषज्ञ गेंदबाज़ों के साथ पहले गेंदबाज़ी करने का फ़ैसला ले लिया।

मैच के बाद डुप्लेसी ने कहा, हमने कुछ चीज़ें करने की कोशिश की, लेकिन वे काम नहीं कर रही हैं। इससे पता चलता है कि अन्य ग्रुप में आत्मविश्वास कितना है। जब आपका आत्मविश्वास कमज़ोर होता है तो फिर आपको छिपने की जगह नहीं मिलती। खेल काफ़ी तेज़ी से आगे जा रहा है और बल्लेबाज़ इसे और तेज़ ले जाना चाहते हैं। ऐसे में यदि गेंदबाज़ के तौर पर आप अपने खेल के टॉप पर नहीं हैं तो मुश्किल होगी। निश्चित तौर पर ऐसी पिच पर केवल पांच गेंदबाज़ों के साथ कठिनाई थी। हम अलग चीज़ें करने की कोशिश करते रहेंगे। रविवार को कोलकाता नाइट राइडर्स के ख़िलाफ़ होने वाले मैच से पहले डुप्लेसी को लगता है कि ब्रेक लेकर ख़ुद को दोबारा तैयार करना ही सबसे अच्छा विकल्प होगा। वर्तमान स्थिति को देखते हुए आरसीबी के लिए नॉकआउट में जाने की उम्मीदें काफ़ी कम हैं और यदि वे अपने सातों मैच भी जीत लें तो भी शायद उन्हें मुश्किल होगी। डुप्लेसी ने कहा, एक चीज़ जरूरी है कि आप खेल से दूर जाकर मानसिक रूप से ख़ुद को फ्रेश करें। कई बार जब हमें लगातार हार मिलती है तो लगता है कि हमारा दिमाग़ विस्फोट कर जाएगा। अहम है कि हम खेल से थोड़ा दूर रहें ताकि ख़ुद को अगली चुनौती के लिए तैयार कर सकें। आगे आने वाली चुनौती काफ़ी मुश्किल है, लेकिन जब हम प्रतिस्पर्धा के लिए आगे आएंगे तो अपना 100 प्रतिशत देंगे। लीग इतिहास का सबसे बड़ा स्कोर बन जाने के बाद भी आरसीबी ने लक्ष्य को हासिल करने के लिए सकारात्मक सोच दिखाई। डुप्लेसी ने 28 गेंदों में 62 और विराट कोहली ने 20 गेंदों में 42 रनों की पारी खेली और अपनी टीम को जोरदार शुरुआत दिलाई। बाद में दिनेश कार्तिक ने 35 गेंदों में 83 रनों की पारी खेलकर मैच को अंत तक रोमांचक बनाए रखा। डुप्लेसी ने कहा, लक्ष्य के क़रीब पहुंचने के लिए टीम ने शानदार प्रयास किया। बल्लेबाज़ी में भी हमें कुछ काम करना है। पावरप्ले के बाद हमारे रन रेट में गिरावट आ रही है, इस चीज़ पर हम काम करना चाहते हैं। हमें सुनिश्चित करना होगा कि पावरप्ले के बाद रन रेट में गिरावट ना आए। हमारी टीम ने अंत तक हार नहीं मानी और इस पर मुझे गर्व है। वरना इतने बड़े लक्ष्य का पीछा करते हुए टीमें ताश के पत्तों की तरह ढेर हो जाती हैं।

# मोहन बागान सुपर जायंट ने मुम्बई सिटी एफसी से जीती वर्चस्व की जंग, बना लीग विनर



**कोलकाता।** मोहन बागान सुपर जायंट की टीम इंडियन सुपर लीग (आईएसएल) 2023-24 की लीग विनर बन गई है। मोहन बागान ने सोमवार रात यहां अपने घरेलू मैदान साल्ट लेक स्टेडियम में मुम्बई सिटी एफसी के साथ वर्चस्व की जंग 2-1 से जीत ली। इस जीत के साथ ही उन्होंने आइलैंडर्स को शीर्ष से अपदस्थ करके आईएसएल लीग विनर्स खिताब अपने नाम कर लिया।

मोहन बागान सुपर जायंट की शानदार जीत में लिस्टन कोलाको ने 28वें और स्थानापन्न ऑस्ट्रेलियाई स्ट्राइकर जेसन कमिंग्स ने 80वें मिनट में गोल किए। ऑस्ट्रेलियाई स्ट्राइकर दिमित्रियोस पेट्राटोस को मोहन बागान सुपर जायंट के दोनों गोल में सहायता प्रदान करने के लिए प्लेयर ऑफ द मैच घोषित किया गया। मोहन बागान सुपर जायंट ने 22 मैचों में 15 जीत, तीन ड्रा और चार हार से 48 अंक लेकर तालिका में तीसरे स्थान से सीधे शीर्ष पर पहुंच कर लीग दौर समाप्त किया। वहीं, मुम्बई सिटी एफसी 22 मैचों में 14 मैच जीत, पांच ड्रा और तीन हार से 47 अंक लेकर तालिका में शीर्ष से दूसरे स्थान पर लुढ़क गई है। मैच का पहला गोल 28वें मिनट में आया, जब विंगर लिस्टन कोलाको ने मोहन बागान सुपर जायंट को शुरुआती बढ़त दिलाते हुए स्कोर 1-0 कर दिया। ऑस्ट्रेलियाई स्ट्राइकर दिमित्रियोस पेट्राटोस ने अटैकिंग थर्ड से बॉक्स के ठीक बाहर बायीं तरफ दिया, जिस पर लिस्टन ने बॉक्स के अंदर घुसने के बाद बायीं तरफ से करारा राइट फुटर शॉट टॉप राइट कॉर्नर की तरफ लांच कर दिया और गेंद मुम्बई सिटी एफसी के गोलकीपर पूरबा लछेन्पा के बाएं हाथ के ऊपर से निकलकर गोल जाल में जा उलझी। 80वें मिनट में स्थानापन्न ऑस्ट्रेलियाई स्ट्राइकर जेसन कमिंग्स ने गोल करके मोहन बागान की बढ़त को मजबूत करते हुए स्कोर 2-0 कर दिया। ऑस्ट्रेलियाई स्ट्राइकर दिमित्रियोस पेट्राटोस ने हाफ लाइन के ठीक आगे बायीं तरफ से बॉक्स के बाहर दाहिनी तरफ क्रॉस फील्ड पास डाला, जहां दौड़ कर पहुंचे कमिंग्स ने बॉक्स के अंदर घुसने के बाद ग्राउंड राइट फुटर शॉट लगाकर गेंद को बॉटम लेफ्ट कॉर्नर के अंदर पहुंचा दिया जबकि गोलकीपर पूरबा लछेन्पा अपने दाहिनी तरफ डाइव लगाने के बावजूद बचाव करने में विफल रहे। 89वें मिनट में विंगर लालियानजुआला छांगटे ने सीजन का अपना सातवां गोल करके मुम्बई सिटी एफसी को कुछ राहत पहुंचाते हुए अंतर 1-2 कर दिया। बायी छोर पर कॉर्नर किक के दौरान लालेंगमाविया राल्ते ने हेडर करके गेंद को बॉक्स के अंदर दाहिनी तरफ पहुंचाया, जहां मौजूद छांगटे ने ग्राउंडेड लेफ्ट फुटर शॉट लगाकर गेंद को सीधे गोल पोस्ट के अंदर पहुंचा दिया। मोहन बागान को 90 2वें मिनट में दस खिलाड़ियों के साथ खेलना पड़ा, जब ब्रैंडन हैमिल को दूसरा येलो (रेड) कार्ड रेफरी वेंकटेश आर. ने दिखाकर मैदान से बाहर भेज दिया। ऑस्ट्रेलियाई सेंटर-बैक को पहला येलो कार्ड 90 1वें मिनट में मिला था। यह आईएसएल में दोनों टीमों के बीच 25वां मुकाबला था, मोहन बागान सुपर जायंट ने सातवीं जीत हासिल की जबकि मुम्बई सिटी एफसी ने 11 मैच जीते हैं। दोनों के बीच सात मैच ड्रा रहे हैं। इस परिणाम के बाद इस सीजन में दोनों टीमों के बीच मुकाबलों में पलड़ा बराबरी का रहा।

# ग्लेन मैक्सवेल ने आईपीएल 2024 से लिया ब्रेक

**नई दिल्ली।** रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) के बल्लेबाज ग्लेन मैक्सवेल ने खुद को शारीरिक और मानसिक रूप से तरोताजा करने के लिए आईपीएल से ब्रेक लेने का फैसला किया है। इससे पहले उन्होंने प्रबंधन से सनराइजर्स हैदराबाद के खिलाफ मैच के लिए उनकी जगह किसी और को चुनने का अनुरोध किया था। मैक्सवेल आईपीएल 2024 में रनों के लिए संघर्ष कर रहे हैं। सोमवार के खेल से पहले उन्होंने छह पारियों में 5.33 की औसत से केवल 32 रन बनाए थे। ऐसी अटकलें थीं कि अंगूठे की चोट के कारण वह बाहर बैठे होंगे लेकिन ऐसा नहीं था। मैक्सवेल ने सोमवार को आरसीबी की सात मैचों में छठी हार के बाद ईएसपीएन क्रिकइंफो से कहा, मेरे लिए, व्यक्तिगत रूप से, यह बहुत आसान निर्णय था। मैं आखिरी मैच के बाद फाफ डु प्लेसिस और कोचों के पास गया और कहा कि मुझे लगता है कि शायद अब समय आ गया है कि हम किसी और को आजमाएं। मैं अतीत में इस स्थिति में रहा हूं, जहां आप खेलना जारी रख सकते हैं और खुद को गहराई तक ले जा सकते हैं। मुझे लगता है कि अब वास्तव में मेरे लिए खुद को थोड़ा मानसिक और शारीरिक आराम देने, अपने शरीर को दुरुस्त करने का अच्छा समय है। उन्होंने कहा, पावरप्ले के तुरंत बाद बल्लेबाजी में हमारे पास एक बहुत बड़ी कमी थी, जो पिछले कुछ सीज़न में मेरी ताकत का क्षेत्र रहा है। मुझे ऐसा लग रहा था कि मैं बल्ले के साथ सकारात्मक तरीके से योगदान नहीं दे रहा था। मुझे लगता है कि यह किसी और को अपना कौशल दिखाने का मौका देने का अच्छा समय है, और उम्मीद है, कोई उस स्थान को अपना बना सकता है। आईपीएल 2024 में आते ही मैक्सवेल जबरदस्त फॉर्म में थे। नवंबर की शुरुआत से 17 टी20 में उन्होंने 42.46 की औसत और 185.85 की स्ट्राइक रेट से 552 रन बनाए।

# यमुना ट्राफी आफिसर्स कप 2024 पर आईआरएस एकादश का कब्जा, दानिक्स एकादश को 51 रनों से हराया

**सदभावना टुडे, संवददाता**

**नई दिल्ली।** यमुना को साफ स्वच्छ रखने के संकल्प और पर्यावरण संरक्षण को लेकर 9 वीं यमुना ट्राफी चैम्पियनशिप के आफिसर्स कप के फाईनल में सीडब्लयूजी मैदान, अक्षरधाम में हुए रोमाचंक मुकाबले में आईआरएस एकादश ने दानिक्स एकादश को 51 रनों से पराजित किया। माननीय न्यायाधीश संगीता ढींगरा सहगल (सीडीआरसी) दिल्ली स्टेट अध्यक्षा ने टॉस उछालकर मैच की शुरुआत की।




इंडियन मीडिया वैलफेयर एसोसिएशन और आईडीएचसी सोसायटी के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित कार्यक्रम में मुख्य अतिथि जस्टिस सुधीर अग्रवाल, ज्यूडिशियल मेंबर एनजीटी, दिल्ली पुलिस के स्पेशल कमिश्नर श्री अजय चौधरी (आईपीएस) ने विजेता टीम को विजेता ट्राफी देकर सम्मानित किया। जस्टिस सुधीर अग्रवाल ने यमुना की साफ सफाई और स्वच्छता को बनाए रखने के लिए एक साझा अभियान चलाने पर जोर दिया,तो वही संगीता ढींगरा सहगल ने पर्यावरण के शुद्धिकरण के वृक्षों को ज्यादा से ज्यादा लगाने का संकल्प निभाने का वायदा किया। उन्होंने कहा,कि हमें वृक्षों का संरक्षण अपने बच्चों की तरह करना पड़ेगा। स्पेशल पुलिस कमिश्नर श्री अजय चौधरी ने कहा, कि यमुना की स्वच्छता और पर्यावरण की शुद्धता मानव जीवन के लिए रामबाण है, इसके लिए हम सभी को आगे आकर अपनी अपनी जिम्मेदारी तय करनी होगी। आईआरएस एकादश ने टास जीतकर पहले खेलते हुए 20 ओवर में विकेट पर 191 रन बनाए। जवाब में दानिक्स एकादश ने 20 ओवर में। विकेट खोकर 140 रन बनाए। कार्यक्रम को सफल बनाने में इम्वा अध्यक्ष राजीव निशाना,अजय कौल, विजय शर्मा, कर्नल नवाब सिंह, आचार्य विक्रमादित्य,गौतम पाल, कौशल गुप्ता, संदीप सहगल,पदम चंद अग्रवाल, अतुल गर्ग,अजय सेठी, निसार अहमद, प्रवीण अग्रवाल,नीरज जैन,सुषमा,रेशमा, ज्योति, दिव्यांशु निशाना सहित भारी संख्या में दर्शक उपस्थित थे।

## एक नजर

### लोक सभा अध्यक्ष ने राम नवमी की पूर्व संध्या पर लोगों को बधाई दी

**नई दिल्ली,सद्भावना टुडे।** लोक सभा अध्यक्ष ओम बिरला ने राम नवमी की पूर्व संध्या पर लोगों को शुभकामनाएं दी हैं। ओम बिरला ने अपने संदेश में कहा, आप सभी को श्री रामनवमी के



पावन अवसर पर बहुत-बहुत शुभकामनाएं। इसी साल पावन अयोध्या धाम में भव्य और नव्य मंदिर में भगवान श्री राम लला विराजित हुए हैं। इसलिए भी यह राम नवमी हम सबके लिए विशेष है। भगवान श्री राम भारत की संस्कृति और सभ्यता के प्रतीक हैं। श्री राम भारत के चिंतन और दर्शन के केंद्र हैं। उनका जीवन सभी के लिए आदर्श है। दुनिया को पार लगाने वाले भगवान श्री राम सभी का कल्याण करें। भगवान राम का आशीर्वाद हम सब पर बना रहे। हर परिवार खुशहाल हो, हमारा देश आगे बढ़ता रहे। इसी प्रार्थना और संदेश के साथ आप सभी को जय सिया राम।

### भाजपा की डबल इंजन की सरकार ने विकास में कोई कमी नहीं छोड़ी-यादव

**शिवपुरी,एजेंसी।** मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव ने आज कहा कि भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) की डबल इंजन की सरकार ने विकास में कोई कमी नहीं छोड़ी है। डॉ यादव शिवपुरी में भाजपा प्रत्याशी ज्योतिरादित्य सिंधिया की नामांकन रैली के बाद पोलो ग्राउंड में आयोजित चुनावी सभा को संबोधित करते हुए कहा कि भाजपा की डबल इंजन की सरकार ने विकास में कोई कमी नहीं छोड़ी है। उन्होंने कहा कि लोक सभा चुनाव में भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) रिकार्ड मतो से जीत दर्ज करेगी। यह चुनाव देश से भ्रष्टाचार, आतंकवाद, तुष्टीकरण की नीति को समाप्त करने के साथ-साथ परिवारवादी लोगों को समाप्त करने के लिए है। उन्होंने कहा कि केंद्र की मोदी सरकार ने ऐसी कई योजनाएं चलाई हैं जिनका लाभ आम आदमी को मिल रहा है। पीएम आवास, प्रधानमंत्री उज्जवला योजना, किसान सम्मान निधि यह योजनाएं आम लोगों के लिए लाई गईं। डॉ. यादव ने यहां पर भाजपा की ऐतिहासिक जीत होने वाली है। अब तक के सारे रिकार्ड तोड़ने के लिए अब नगाड़ा बज चुका है। ग्वालियर-शिवपुरी की यह धरती वीरों की धरती है, यह धरती राजमाता सिंधिया की धरती है। उन्होंने कहा कि दुश्मन चालाक है, बहुत चालाकी करता है, इससे सचेत एवं सतर्क रहने की जरूरत है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री श्री मोदी सच्चे अर्थों में लोकतंत्र के सच्चे सिपाही हैं और लोकतंत्र को गौरवान्वित करने के साथ-साथ देश को भी दुनिया भर में गौरव दिला रहे हैं। डॉ. यादव ने कहा कि इस बार देश में इतिहास बनाना है। प्रधामनंत्री श्री मोदी का संकल्प है कि अबकी बार 400 पार के साथ जीतना है। इस बार सभी को मिलकर प्रधानमंत्री के इस संकल्प को पूरा करने के साथ-साथ अबकी बार-29 पार के संकल्प को भी पूरा करना है। इस अवसर पर भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष विष्णुदत्त शर्मा, ज्योतिरादित्य सिंधिया, पूर्व मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने भी चुनावी सभा को संबोधित किया।

### प्रियंका सहारनपुर में रोड शो कर कांग्रेस के पक्ष में माहौल बनायेंगी

**लखनऊ,एजेंसी।** पश्चिमी उत्तर प्रदेश के सहारनपुर में पहले चरण के प्रचार के आखिरी दिन बुधवार को कांग्रेस महासचिव प्रियंका गांधी वाड्रा रोड शो कर पार्टी प्रत्याशी के पक्ष में माहौल बनाने का प्रयास करेंगी। पार्टी सूत्रों ने मंगलवार को बताया कि श्रीमती वाड्रा विशेष विमान से सुबह साढे नौ बजे सरसांवा हवाई अड्डा पहुंचेंगी और सुबह साढे दस बजे से उनका रोड शो अमन पैलेस से शुरु होगा। करीब सवा घंटे के रोड शो में कांग्रेस महासचिव खुली कार में समर्थकों का अभिवादन स्वीकार करेंगी और उनसे गठबंधन प्रत्याशियों के पक्ष में मतदान करने की अपील करेंगी। श्रीमती वाड्रा शाकुम्बरी देवी, जैन मंदिर और गुरूद्वारा में शीश नवाने के बाद कांग्रेस प्रत्याशी इमरान मसूद के साथ नगर में रोड शो करेंगी। रोड शो गुरुद्वारा रोड होते हुये जिला कार्यालय पर समाप्त होगा जहां से कांग्रेस नेता हवाई अड्डे के लिये रवाना हो जायेंगी। गौरतलब है कि सहारनपुर सीट पर भाजपा के राघव लखनपाल शर्मा का कांग्रेस के दिग्गज नेता इमरान मसूद से कड़ा संघर्ष है।

# लोकसभा चुनावः मैनपुरी में परिवार की मौजूदगी में डिंपल ने किया नामांकन

**मैनपुरी,एजेंसी।** समाजवादी पार्टी (सपा) के लिये नाक का सवाल बनी मैनपुरी लोकसभा सीट के लिये पार्टी प्रत्याशी डिम्पल यादव ने मंगलवार को नामांकन दाखिल किया। मैनपुरी कलेक्ट्रेट में नामांकन के अवसर पर सपा प्रमुख अखिलेश यादव, पार्टी के प्रमुख राष्ट्रीय महासचिव प्रो रामगोपाल यादव, राष्ट्रीय महासचिव शिवपाल सिंह यादव तथा पूर्व सांसद धर्मेन्द्र यादव के अलावा जिलाध्यक्ष आलोक शाक्य मौजूद रहे।

नामांकन से पहले श्रीमती यादव ने सैफई में अपने ससुर और पार्टी संस्थापक मुलायम सिंह यादव की समाधि स्थल पर पहुंच कर उन्हे श्रद्धासुमन अर्पित किये। श्रीमती यादव के नामांकन पत्र दाखिल करने के बाद मैनपुरी में आयोजित प्रेस कांफ्रेंस में श्री अखिलेश यादव ने दावा किया कि समाजवादी पार्टी इस बार भी मैनपुरी में रिकार्ड मतों से चुनाव जीतेगी। उपचुनाव में मैनपुरी से समाजवादी पार्टी की बहुत बड़ी जीत हुई थी। मैनपुरी की जनता का श्री मुलायम सिंह यादव (नेताजी) से भावनात्मक रिश्ता है। मैनपुरी के घर-घर से नेताजी का सुख-दुख का रिश्ता रहा है। समाजवादी पार्टी उस रिश्ते को और आगे ले जा रही है। मैनपुरी वालों का हर



एक वोट नेताजी की याद में समर्पित एक श्रद्धासुमन होगा। ये चुनाव जीत का एक ऐतिहासिक रिकॉर्ड बनायेगा। श्री यादव ने कहा कि मैनपुरी में दूसरे दलों के पास बताने और दिखाने के लिए कुछ नहीं है। मैनपुरी का आज जो विकास दिखाई दे रहा है। वह नेता जी और समाजवादी सरकार की देन है। श्री यादव ने कहा कि भाजपा के भ्रष्टाचार से महंगाई चरम पर पहुंच गयी है। मैनपुरी के साथ-साथ उत्तर प्रदेश और देश की राजनीति से भाजपा का सफाया होने जा रहा है। भाजपा ने उद्योगपतियों, व्यापारियों को सीबीई, ईडी और इन्कमटैक्स का डर दिखाकर इलेक्ट्रोरल बांड के नाम पर हजारों करोड़ रूपये वसूली की। जिन उद्योगपतियों ने भाजपा को चंदा दिया, उन्होंने अपने उत्पादों के दाम बढ़ाकर महंगाई बढ़ाई है। उन्होने कहा कि भाजपा ने इलेक्ट्रोरल बांड के नाम पर लूट मचाई है, उसके कारण आज जनता लुट रही है। जो कम्पनियां घाटे में है। भाजपा ने उनसे भी चंदा वसूली की। केन्द्र सरकार ने भाजपा की वसूली के लिए भारी भ्रष्टाचार किया। ईडी, सीबीआई, इनकम टैक्स का दुरुपयोग किया। देश के इतिहास में पहली बार ऐसी वसूली हुई है। वसूली में भाजपा ने हद पार कर दी है। वैक्सीन बनाने वाली कम्पनी से भी चंदा वसूली कर ली। श्री यादव ने कहा कि भाजपा ने किसानों, नौजवानों को धोखा दिया। किसानों की आय दोगुनी नहीं हुई। किसानों को उनकी फसलों का सही मूल्य नहीं मिल रहा है। भाजपा की दस साल की सरकार में देश में गरीबी और महंगाई से त्रस्त एक लाख से ज्यादा किसानों ने आत्महत्या कर ली। भाजपा ने तीन काले कानून बनाकर किसानों की फसल और जमीन लूटने की साजिश की। किसानों की एकजुटता के कारण भाजपा सरकार पीछे हटने पर मजबूर हुई। काले कानूनों के खिलाफ आंदोलन में हजारों किसान शहीद हुए।

## जब सरकार मजबूत है तो बार-बार बोलने की क्या जरूरत हैः बिंदल

**शिमला,एजेंसी।** भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष डॉ राजीव बिंदल ने कहा है कि कांग्रेस पार्टी की मंगलवार की प्रेस कॉंफ्रेन्स जैसे खोदा पहाड़ निकली चुहिया जैसी है। कांग्रेस पार्टी के उप मुख्यमंत्री कहते है कि हमारी सरकार मजबूत है। इस बात पर श्री बिंदल ने कहा कि जब सरकार मजबूत है तो बार-बार बोलने की क्या जरूरत है। कांग्रेस के उप मुख्यमंत्री कहते है कि हमने 10 में से एक गारंटी पूरी कर दी। यह स्वयमेव इस बात की स्वीकृति है कि कांग्रेस पार्टी ने 2022 के चुनाव के दौरान हिमाचल प्रदेश के बेरोजगार युवकों को ठगा। एक लाख नौकरियां पहली कैबिनेट में देने का वायदा किया और उसके बाद नौकरियां देने वाला संस्थान बंद कर दिया। साथ ही 22 लाख बहनों को 1500 रुपया पहली कैबिनेट में देने का वायदा किया। उन्होंने कहा कि 22 लाख बहनों का कर्ज इस सरकार पर चढ़ गया हैं। कांग्रेस सरकार द्वारा चुनाव के समय गारंटीयों की घोषणा करना, परन्तु आज जनता को 100 रूपये लीटर दूध का इंतजार है, दो रुपये किलो गोबर का इंतजार, 300 यूनिट बिजली के फ्री होने का इंतजार है। यह हिमाचल प्रदेश की जनता के जले के ऊपर जख्म छिड़कने के बराबर है। इसके बावजूद भी कांग्रेस सरकार द्वारा अपनी उपलब्धियां ही गिनाती रहती हैं। एक भी ऐसी उपलब्धि नहीं गिना पाए जो सच में हिमाचल प्रदेश के जनहित की और इनके घोषणा पत्र के हिस्से की हो। उन्होंने कहा कि आज कांग्रेस पार्टी ने जब सब कुछ बिखेर दिया। उसके बाद इकट्ठा करने चल रहे हैं। हिमाचल की जनता को पता है की देश में नरेंद्र भाई मोदी की सरकार बन रही है, इसलिए हिमाचल की जनता मोदी के साथ का सांसद यहाँ से भेजेंगी। हिमाचल की जनता दूसरी पार्टी का सांसद भेज करके अपने हिमाचल का नुकसान करने वाली जनता नहीं है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस पार्टी ने अपनी सरकार के लिए खुद ऐसी स्थिति खड़ी कर दी कि दो-दो विधायकों को चुनाव के मैदान में उतारा है। कांग्रेस पार्टी ने अपने विधायकों को हराने के लिए उतारा है या जीताने के लिए उतारा है, ये इस वर्तमान प्रदेश की सरकार को खुद ही स्पष्ट नहीं हो रहा। उन्होंने कहा कि कांग्रेस सरकार वास्तव में अपने प्रत्याशियों को जिताना भी नहीं चाहते हैं क्योंकि उनको जिताएंगे तो 34 में से 32 हो जाएंगे।

# जामिया की आवासीय कोचिंग अकादमी (आरसीए) की नौशीन ने यूपीएससी सिविल सेवा परीक्षा 2023 में 9वीं रैंक हासिल की, आरसीए से कुल 31 छात्र चयनित

**कुंदन,सदभावना टुडे संवददाता**

**नई दिल्ली।** जामिया मिलिया इस्लामिया (जेएमआई) की आवासीय कोचिंग अकादमी (आरसीए) में कोचिंग और प्रशिक्षण प्राप्त करने वाले इकतीस (31) उम्मीदवारों का चयन यूपीएससी की सिविल सेवा परीक्षा 2023 में किया गया है, जो पिछले वर्ष की तुलना में 8 की बढ़ोतरी है। आरसीए के कुल 71 छात्र यूपीएससी सिविल सेवा परीक्षा 2023 के साक्षात्कार में शामिल हुए, जिनमें से 31 उम्मीदवारों का अंतिम रूप से चयन किया गया। इन चयनित 31 उम्मीदवारों में से कुछ को भारतीय प्रशासनिक सेवा (आई ए एस ) और भारतीय पुलिस सेवा (आईपीएस) मिलने की उम्मीद है और बाकी उम्मीदवारों को उनकी रैंकिंग और पसंद के अनुसार आईआरएस, ऑडिट एवं अकाउंट सर्विस, आईआरटीएस तथा ग्रुप-ए की अन्य संबद्ध सेवाएं मिलने की संभावना है। अखिल भारतीय स्तर पर 9वीं रैंक हासिल करने वाली नौशीन आवासीय कोचिंग अकादमी (आरसीए) की इस साल की सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने वाली छात्रा हैं। चयनित 31 उम्मीदवारों में से 11 लड़कियां हैं। अपनी इस बड़ी उपलब्धि से उत्साहित इन सबों ने अपनी सफलता का सारा श्रेय आवासीय कोचिंग अकादमी (आरसीए), जेएमआई को दिया क्योंकि उन्हें यहाँ पर बहुत अच्छा माहौल और समर्थन मिला जिसके कारण यह उपलब्धि हासिल हुई।

जामिया के कार्यवाहक कुलपति प्रोफेसर इकबाल हुसैन ने अकादमी के सफल उम्मीदवारों और अन्य छात्रों से बातचीत की और उन्हें उनकी उपलब्धियों के लिए बधाई दी। बातचीत के दौरान जेएमआई के कार्यवाहक कुलसचिव श्री हदीस लारी और विश्वविद्यालय के अन्य पदाधिकारी भी उपस्थित रहे। इस अवसर पर प्रो. हुसैन ने यह कहा कि सिविल सेवा परीक्षाओं के लिए छात्रों को प्रशिक्षण देने में आवासीय कोचिंग अकादमी (आरसीए), जेएमआई का साल दर साल लगातार श्रेष्ठ प्रदर्शन हमारे विश्वविद्यालय के लिए बहुत गर्व और संतुष्टि की बात है। विश्वविद्यालय प्रशासन आवासीय कोचिंग अकादमी (आरसीए) को सभी प्रकार की सहायता प्रदान कर रहा है



और इस प्रकार के प्रदर्शन को बेहतर बनाने के लिए प्रशासन द्वारा आगे भी सहायता प्रदान की जाएगी। प्रो. हुसैन ने यह उम्मीद जताई कि आने वाले वर्षों में नतीजे और बेहतर होंगे। प्रो. हुसैन ने यह भी कहा कि वह व्यक्तिगत रूप से इन सब की निगरानी कर रहे हैं और उत्कृष्टता की दिशा में कार्य करने के लिए आवासीय कोचिंग अकादमी (आरसीए) को सभी प्रकार की सहायता प्रदान कर रहे हैं। उन्होंने अकादमी के प्रदर्शन में सुधार हेतु किए गए प्रयासों के लिए आवासीय कोचिंग अकादमी (आरसीए) के पदाधिकारियों की प्रसंशा की। गत वर्ष यूपीएससी सिविल सेवा परीक्षा में टॉप करने वाली श्रुति शर्मा आवासीय कोचिंग अकादमी (आरसीए) , जामिया मिल्लिया इस्लामिया की स्टार परफॉर्मर थीं। 2010-11 से 2024 तक आवासीय कोचिंग अकादमी (आरसीए) ने लगभग 300 से अधिक सिविल सेवकों को तैयार किया है, जिनमें कई आईएएस, आईएफएस और आईपीएस शामिल हैं। इसके अतिरिक्त आवासीय कोचिंग अकादमी (आरसीए) के 300 से अधिक छात्र विभिन्न अन्य केंद्रीय और राज्य सेवाओं अर्थात सीएपीएफ, आईबी, आरबीआई (ग्रेडबी), एपीएफ, बैंक पीओ और पीसीएस आदि में चयनित हुए हैं। जामिया मिल्लिया इस्लामिया में आवासीय कोचिंग अकादमी (आरसीए) की स्थापना वर्ष 2010 में यूजीसी द्वारा सेंटर फॉर कोचिंग एंड करियर प्लानिंग (सीसी एंड सीपी), जेएमआई के तत्वावधान में एससी, एसटी, महिलाओं और अल्पसंख्यक छात्रों को सिविल सेवाओं और अन्य प्रतियोगी परीक्षाओं के लिए निःशुल्क कोचिंग और आवासीय सुविधाएं प्रदान करने हेतु की गई थी। व्यापक कोचिंग हेतु छात्रों का चयन अखिल भारतीय लिखित परीक्षा और उसके उपरांत व्यक्तिगत साक्षात्कार के आधार पर किया जाता है। आवासीय कोचिंग अकादमी (आरसीए) सही ढंग से संरचित बहुआयामी कोचिंग और व्यक्तित्व विकास कार्यक्रम मुहैया करता है। इसमें परीक्षाओं के विभिन्न चरणों में मार्गदर्शन शामिल है अर्थात प्रारंभिक परीक्षा , मुख्य परीक्षा और साक्षात्कार के साथ 500 घंटे से अधिक की कक्षाएं, प्रख्यात विद्वानों और वरिष्ठ सिविल सेवकों के विशेष व्याख्यान, समूह चर्चा, टेस्ट श्रृंखला और मॉक-साक्षात्कार। इसके अतिरिक्त आवासीय कोचिंग अकादमी (आरसीए) में 24×7 वातानुकूलित पुस्तकालय सुविधाएं और निःशुल्क वाई-फाई की सुविधा प्रदान की जाती है। आवासीय कोचिंग अकादमी (आरसीए) में सुरक्षित और सुविधाजनक छात्रावास सुविधाएं उपलब्ध है।

# गुजरात में लोस के लिए भाजपा के रूपाला ने राजकोट से भरा नामांकन

**गांधीनगर,एजेंसी।** गुजरात में लोकसभा चुनाव के लिए भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) उम्मीदवार परशोत्तमभाई रूपाला ने राजकोट से मंगलवार को नामांकन भर दिया। राज्य की मुख्य निर्वाचन अधिकारी श्रीमती पी. भारती की ओर से आज यहां जारी एक विज्ञप्ति में बताया कि गुजरात की 26 लोकसभा सीटों पर चुनाव के लिए लोक सभा आम चुनाव के लिए आज 97 उम्मीदवारों ने आज अपने नामांकन पत्र दाखिल किए। जबकि विधानसभा उपचुनाव के के लिए आठ उम्मीदवारों ने आज अपने नामांकन पत्र दाखिल किए है। जिनमें लालन नितेश परबतभाई इंडियन नेशनल कांग्रेस 01-कच्छ (अ.जा.), महेश्वरी नाराण पचाणभाई इंडियन नेशनल कांग्रेस 01-कच्छ (अ.जा.), विनोद लखमशी चावड़ा भारतीय जनता पार्टी 01-कच्छ (अ.जा.), अशोकभाई भीमजीभाई हाथी भारतीय जनता पार्टी 01-कच्छ (अ.जा.), भाचरा विजयभाई वालजीभाई बहुजन समाज पार्टी 01-कच्छ (अ.जा.), मानसुंगभाई मशरूभाई परमार बहुजन समाज पार्टी 02-बनासकांठा, परमार छगनचंद्रराज धनाभाई निर्दलीय 02-बनासकांठा, श्रीमाणी अशोकभाई बालचंदभाई निर्दलीय 02-बनासकांठा, शामजीभाई राणाभाई चौधरी (पटेल) निर्दलीय 02-बनासकांठा, रेखाबेन हितेशभाई चौधरी भारतीय जनता पार्टी 02-बनासकांठा, दिनेश चंद्र जेमलभाई अनावाडिया भारतीय जनता पार्टी 02-बनासकांठा शामिल हैं।



गुजरात में लोस के लिए नामांकन पत्र दाखिल करने वालों में परमार बणदेवभाई जगदीशभाई बहुजन समाज पार्टी 03-पाटन, डाभी भरतसिंहजी शंकरजी भारतीय जनता पार्टी 03-पाटन 14 ठाकोर नंदाजी वाघाजी भारतीय जनता पार्टी 03-पाटन, पटेल हरिभाई नथ्थुराम भारतीय जनता पार्टी 04-मेहसाणा, पटेल राजूभाई शंकरभाई भारतीय जनता पार्टी 04-मेहसाणा, चौधरी तुषारभाई अमरसिंहभाई इंडियन नेशनल कांग्रेस 05-साबरकांठा, शोभनाबेन महेंद्र सिंह बरैया भारतीय जनता पार्टी 05-साबरकांठा, कुंपावत राजेंद्रसिंह नाथुसिंह इंडियन नेशनल कांग्रेस 05-साबरकांठा, राकेश सिंह महोबत सिंह झाला भारतीय जन परिषद 05-साबरकांठा, परमार नरेन्द्र सिंह कोय सिंह निर्दलीय 05-साबरकांठा, सोलंकी छगनभाई केवलाभाई निर्दलीय 05-साबरकांठा, तनवीरुद्दीन इल्मुद्दीन शेख निर्दलीय 06-गांधीनगर, सोनल रमणभाई पटेल इंडियन नेशनल कांग्रेस 06-गांधीनगर, बीना पंकजभाई रावल इंडियन नेशनल कांग्रेस 06-गांधीनगर, नरेश नारायणभाई प्रियदर्शी निर्दलीय 06-गांधीनगर, परिख राजीवभाई कलाभाई बहुजन मुक्ति पार्टी 06-गांधीनगर, राहुल चिमनभाई मेहता राइट टू रिकॉल पार्टी 06-गांधीनगर, निमेषभाई आत्मारामभाई पटेल गुंज सत्यनी जनता पार्टी 06-गांधीनगर, जयेंद्र करशनभाई राठोड़ निर्दलीय 06-गांधीनगर, जीतेन्द्रसींघ रामनरेश सिंघ चौहाण अखिल भारतीय परिवार पार्टी 06-गांधीनगर, परेश कुमार नानुभाई मुलाणी भारतीय राष्ट्रीय बल 06-गांधीनगर, पगी राकेश कुमार गणपतभाई आपकी आवाज पार्टी 06-गांधीनगर, सुरेंद्रभाई केशवलाल शाह निर्दलीय 06-गांधीनगर, इंगोले रूपेशभाई बाबूभाई बहुजन मुक्ति पार्टी 07-अहमदाबाद पूर्व, ठाकोर महेशकुमार सोमाभाई निर्दलीय 07-अहमदाबाद पूर्व, पटेल ध्रुविन नरसिंहभाई निर्दलीय 07-अहमदाबाद पूर्व, बाबुभाई देवराजभाई झडफिया भारतीय जनता पार्टी 07-अहमदाबाद पूर्व, प्रमोद सहदेवभाई गुड्दे स्वतंत्रता अभिव्यक्ति पार्टी 07-अहमदाबाद पूर्व, जयंतीभाई कानजीभाई मकवाणा बहुजन समाज पार्टी 07-अहमदाबाद पूर्व, शंकरभाई नानुभाई कोणी भारतीय जनता पार्टी 09-सुरेंद्रनगर, अशोकभाई विरजीभाई पटेल जन सेवा ड्राइवर दल 09-सुरेन्द्रनगर, परशोत्तमभाई खोडाभाई रूपाला भारतीय जनता पार्टी 10-राजकोट, मोहनभाई कल्याणजीभाई कुंडारिया भारतीय जनता पार्टी 10-राजकोट भी शामिल हैं। उल्लेखनीय है कि गुजरात में क्षत्रिय समाज पर परशोत्तमभाई रूपाला की टिप्पणी के बाद से क्षत्रिय समाज रूपाला का टिकट रद्द करने की मांग रहा है। राज्य में 26 लोकसभा सीटों के लिए आम चुनाव और पांच विधानसभा सीटों के लिए उपचुनाव के लिए शुक्रवार से नामांकन पत्र दाखिल करना शुरू हो गया। शनिवार और रविवार को छुट्टी रही। इस प्रकार 12 अप्रैल एवं 15 अप्रैल को लोकसभा के आम चुनाव में क्रमश- तीन उम्मीदवार और 28 उम्मीदवारों ने कुल 31 उम्मीदवारों ने सोमवार तक पर्चे भरे। जबकि विधानसभा सीटों पर उपचुनाव के लिए 12 अप्रैल को एक और 15 अप्रैल को तीन उम्मीदवारों ने कुल चार उम्मीदवारों ने सोमवारतक नामांकन पत्र दाखिल किए।

## कांग्रेस एवं गहलोत ने वोट के लिए झूठ बोलकर जनता को किया गुमराह-सीतारमण

**जयपुर,एजेंसी।** केन्द्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के लोकसभा चुनाव के लिए जारी संकल्प पत्र को विकसित भारत 2047 का विजन पत्र बताया वहीं कांग्रेस और राजस्थान के पूर्व मुख्यमंत्री अशोक गहलोत पर चुनाव के समय वोट के लिए झूठ बोलकर जनता को गुमराह करने का आरोप लगाया।



श्रीमती निर्मला सीतारमण ने मंगलवार को यहां प्रेस वार्ता में कहा कि राजस्थान की भाजपा सरकार ने सौ दिन की कार्य योजना पर काम करते हुए पूर्वी राजस्थान नहर परियोजना (ईआरसीपी) और पीकेसी ?लिंक योजना समझौता किया जबकि पूर्ववर्ती कांग्रेस सरकार ने प्रदेश में जल की भारी किल्लत होने के बावजूद इस महत्वपूर्ण योजना को लटकाए रखा। उन्होंने कहा कि प्रदेश में चाहे मुख्यमंत्री कोई हो, वह पानी के लिए गंभीर होता हैं लेकिन श्री गहलोत ऐसे मुख्यमंत्री हुए जिन्होंने पानी जैसे महत्वपूर्ण विषय को गंभीरता से नहीं लिया और ईआरसीपी में रुकावट डालने का काम किया। इसलिए विधानसभा चुनावों में राजस्थान की जनता ने नारा दिया था गहलोत मत लौट। उन्होंने कहा कि भ्रष्टाचार, कुशासन, झूठे वादे और वोट बैंक के खातिर जनता को गुमराह करना कांग्रेस की पुरानी आदत है। कांग्रेस ने अपने घोषणा पत्र में पुरानी पेंशन योजना (ओपीएस) का ज्रिक तक नहीं किया जबकि ओपीएस कांग्रेस का मुद्दा था। राजस्थान की पूर्ववर्ती गहलोत सरकार ने ओपीएस के नाम पर भ्रम फैलाने का काम किया। कांग्रेस घोषणा पत्र जारी करने के समय दिल्ली के कांग्रेस नेताओं ने ओपीएस पर अशोक गहलोत की राय क्यों नहीं ली। यह मुद्दा घोषणा पत्र में शामिल क्यों नहीं है। जब श्री गहलोत ओपीएस ला रहे थे तब सलाह क्यों नहीं दी गई कि गलत कर रहे हो। उन्होंने कहा कि प्रदेश में ओपीएस लागू होने के बाद श्री गहलोत ने न्यू पेंशन का पैसा वापस करने की बात की जबकि यह पैसा कर्मचारियों का हैं और इसे राज्य सरकार को नहीं दिया जा सकता क्योंकि यह पैसा कर्मचारी को जायेगा। उन्होंने कहा कि यह कांग्रेस का तरीका गलत है कि विषय को उठाना कर जनता का गुमराह करना है और वोट बंटोरने के बाद इसे भूल जाना है लेकिन भाजपा का यह काम नहीं है। श्रीमती निर्मला सीतारमण ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भाजपा का संकल्प पत्र पूरी तरह से गुड गवर्नेंस, डिजिटल गवर्नेंस के साथ इंफ्रास्ट्रक्चर डवलप करने के उद्देश्य से तैयार किया गया है।

मुद्रक, प्रकाशक, स्वामी, सैफुल्लाह सिद्दिकी द्वारा आरडी प्रिंटिंग एंड पब्लिशर्स प्राइवेट लिमिटेड, ए-24, सेक्टर-08, नोएडा (यूपी), से छपवा कर एन-81, बटला हाउस, जामिया नगर पुलिस स्टेशन, जामिया नगर, नई दिल्ली-110025 से प्रकाशित किया। सर्वाधिकार सुरक्षित, किसी भी विवाद की स्थिति में न्यायिक क्षेत्र दिल्ली होगा। (संपादक- सैफुल्लाह सिद्दिकी)